CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 19°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 1 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 255 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 12 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी का विपक्ष पर तीखा हमला पेज 2



ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग करने पर रियान पराग पर लगा भारी जुर्माना खेल टाइम्स




एग्जिट पोल की सच्चाई: लोकतंत्र का आईना सम्पादकीय



सऊदी क्राउन प्रिंस का सलाहकार बनना चाहता था एपस्टीन पेज 12

# CISCE: कक्षा 10वीं व 12वीं के नतीजे हुए घोषित

## यूपी के कानपुर के ओजस्वित पासरीचा 100 फीसदी अंक हासिल कर 12वीं में बने टॉपर

**नई दिल्ली।** भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) गुरुवार सुबह 11 बजे आईसीएसई (कक्षा 10वीं) और आईएससी (कक्षा 12वीं) के परिणाम 2026 जारी कर दिए हैं।

इस परिणाम का इंतजार देशभर के लाखों छात्र कर रहे हैं, जिन्होंने फरवरी से अप्रैल के बीच आयोजित परीक्षाओं में भाग लिया था। छात्र अपना रिजल्ट और ऑनलाइन मार्कशीट आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। कानपुर के ओजस्वित ने आईएससी 12वीं में 100 फीसदी अंक हासिल कर नेशनल टॉपर बनते हुए इतिहास रच दिया। चिंटल्स स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मेधा का परिचय दिया है। कक्षा 12वीं की छात्रा यशी सचान ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया, वहीं कक्षा 10वीं के छात्र आदि अरोड़ा ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की आईएससी परीक्षा में भी लड़कियों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। कुल 1,702 लड़कियों में से 1,697 उत्तीर्ण हुईं। 1,845 लड़कों में से 1,838 ने परीक्षा पास की। आईएससी में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 99.66 फीसदी रहा, जो पिछले वर्ष से बेहतर है। अभिभावक और छात्र अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने नतीजे देख सकते हैं।



माता पिता के साथ खुशी जाहिर करते ओजस्वित

**कक्षा 12वीं की छात्रा यशी सचान ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम किया रोशन**

**कक्षा 10वीं के छात्र आदि अरोड़ा ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर बेहतरीन प्रदर्शन किया**

## 226 सीटें जीतेंगे हम: ममता

**कोलकाता।** बंगाल में रिकॉर्ड मतदान के बाद ममता बनर्जी ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि मां, माटी और मानुष की सरकार एक बार फिर बनने जा रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी 226 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। साथ ही उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से स्ट्राग रूम की दिन-रात रखवाली करने के लिए भी कहा है। बता दें कि सीएम ममता ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में मुख्यमंत्री ममता ने जनता को संबोधन करते हुए आभार जताया और चुनाव प्रक्रिया के दौरान हुए घटनाक्रम पर गंभीर आरोप लगाए।

## संक्षिप्त समाचार

### हेलीकॉप्टर से पहली बार एक साथ दो मिसाइल लॉन्च

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ और नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में हेलीकॉप्टर से शॉर्ट रेंज नेवल एंटी-शिप मिसाइल को सफल लॉन्च किया। इस दौरान एक हेलीकॉप्टर से कुछ ही सेकंड के अंतर पर दो मिसाइलें दागी गईं। दोनों ने समुद्री जहाज के निचले हिस्से पर सटीक निशाना लगाया। इसके जरिये भारत ने साल्वो लॉन्च क्षमता को परखा। यानी एक लॉन्चर से कम समय में ज्यादा मिसाइलें दागना। यह तकनीक दुश्मन के रडार सिस्टम को चकमा दे सकती है। ओडिशा के चांदीपुर की टेस्ट रेंज में लगे रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम और टेलीमेट्री के जरिये मिसाइल की पूरी उड़ान और निशाने को ट्रैक किया गया।

### मेरठ: शादी में हर्ष फायरिंग, एक व्यक्ति की मौत

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के खड़ौली गांव में शादी समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिग ने एक व्यक्ति की जान ले ली। गुरुवार सुबह दुल्हन के स्वागत के समय हुई हर्ष फायरिंग में 45 वर्षीय राजमिस्त्री सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार खड़ौली निवासी आदेश की बारात बुधवार रात मोदीपुरम से लौटी थी। गुरुवार सुबह दूल्हा अपनी दुल्हन के साथ घर पहुंचा जहां स्वागत की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान समारोह में मौजूद दूल्हे के चाचा विक्की ने पिस्टल से कई राउंड फायर कर दिए। फायरिंग के बीच एक गोली पास खड़े सुभाष के जबड़े में जा लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े और मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के समय सुभाष अपनी पत्नी पुष्पा के साथ नवविवाहित जोड़े का स्वागत देख रहे थे।

### हज हवाई किराये में बढ़ोतरी न्यूनतम रखने का प्रयास: रिजिजू

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज यात्रा के हवाई किराये में करीब दस हज़ार रुपये की बढ़ोतरी को लेकर विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उठ रहे सवालों के बीच कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के चलते बढ़ी लागत के बावजूद सरकार ने बातचीत के जरिए किराया वृद्धि को न्यूनतम रखने का प्रयास किया है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर कहा कि असंख्य परिवारों के लिए, हज जीवन में एक बार पूरा होने वाला ऐसा सपना है जिसे उन्होंने वर्षों तक संजोकर रखा है। मैं इस भावना का तहे दिल से सम्मान करता हूं।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबद्धता का संदेश: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने भूभाग पर आतंकवादी हमलों के बाद अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता तक सीमित नहीं है बल्कि आगे बढ़कर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद का कोई भी कृत्य सहन नहीं किया जाएगा।

# गर्भपात के नियमों में अब बदलाव जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट का सख्त रुख, एम्स की क्यूरेटिव पिटीशन खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख दिखाया। 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के 30 हफ्ते की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति पर सुनवाई हुई। इस फैसले को चुनौती देने वाली एम्स की क्यूरेटिव पिटीशन पर अदालत ने आपत्ति जताई।

अदालत ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि कानून में संशोधन कर दुष्कर्म पीड़िताओं को 20 हफ्ते से अधिक समय के बाद भी गर्भपात की अनुमति देने पर विचार किया जाए। कोर्ट ने साफ कहा कि जब गर्भधारण दुष्कर्म के कारण हुआ हो, तो समय सीमा नहीं होनी चाहिए और कानून को समय के साथ बदलना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह बाल दुष्कर्म का मामला है और अगर गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो पीड़िता को जीवनभर मानसिक आघात झेलना पड़ेगा। अदालत ने कहा कि अगर मां को स्थायी शारीरिक नुकसान नहीं होता है तो गर्भपात किया जाना चाहिए। साथ ही एम्स को निर्देश दिया गया कि वह पीड़िता के माता-पिता को इस मुद्दे पर उचित परामर्श दे, क्योंकि अंतिम निर्णय पीड़िता और उसके परिवार का होना चाहिए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि देश में पहले से ही कई बच्चे गोद लेने के लिए हैं, कई बच्चे सड़कों पर बेसहारा हैं और इस पर माफिया भी सक्रिय हैं। यह 15 साल की बच्ची का अनचाहा गर्भ है। उसे पढ़ाई करनी चाहिए, लेकिन हम उसे मां बनने के लिए मजबूर कर रहे हैं। सोचिए उसने कितना दर्द और अपमान सहा है। वहीं, एम्स की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दलील दी कि इस अवस्था में गर्भपात संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि 30 हफ्ते में भ्रूण एक जीवित शिशु के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें गंभीर विकृतियां हो सकती हैं।

साथ ही नाबालिग मां को जीवनभर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं और भविष्य में वह मां नहीं बन पाएगी। उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चे को जन्म के बाद गोद दिया जा सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि गर्भपात का निर्णय पीड़िता और उसके माता-पिता की इच्छा पर निर्भर करेगा और एम्स की भूमिका उन्हें सूचित निर्णय लेने में मदद करने की होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने मीडिया से इस मामले की रिपोर्टिंग करते समय संवेदनशीलता बरतने और सुनवाई से संबंधित हर बात (अदालत में हुई पूरी बातचीत) को रिकॉर्ड न करने का आग्रह किया। सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को फैसला सुनाते हुए कहा था किसी भी महिला, विशेषकर नाबालिग, को उसकी इच्छा के खिलाफ गर्भावस्था के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।



**केंद्र सरकार से कहा दुष्कर्म पीड़िताओं को 20 हफ्ते से अधिक समय के बाद भी गर्भपात की अनुमति देने पर विचार किया जाए**

### इस साल नहीं होगी एओआर परीक्षा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में वकालत की प्रैक्टिस के लिए अनिवार्य 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' (एओआर) परीक्षा 2026 को निरस्त करते हुए इसे अगले साल के लिए टाल दिया गया है। उच्चतम न्यायालय के परीक्षा सेल ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

परीक्षा सेल ने आधिकारिक आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि वर्ष 2026 में एओआर परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। रजिस्ट्रार और परीक्षा बोर्ड के सचिव द्वारा जारी इस नोटिस में कहा गया है कि वर्तमान में एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड की कुल संख्या और पर्याप्त सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस साल परीक्षा न कराने का निर्णय लिया है। प्रशासन का मानना है कि फिलहाल एओआर की संख्या कार्यभार के हिसाब से पर्याप्त है, इसलिए इस प्रक्रिया को अगले वर्ष तक के लिए टाल दिया गया है। अब यह परीक्षा वर्ष 2027 में होने की संभावना है। इस परीक्षा के उम्मीदवारों को अभी परीक्षा की सटीक तिथियों और विस्तृत शेड्यूल के लिए इंतजार करना होगा, क्योंकि इसके बारे में सूचना उचित समय पर अधिसूचित की जाएगी। गौरतलब है कि एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड का दर्जा एक कठिन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर ही मिलता है।

# जब तक गोमांस जब्त न हो, वाहन जब्त करना अवैध और मनमाना

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत वाहन सीज करने के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि जब तक वैज्ञानिक रूप से यह साबित न हो जाए कि बरामद मांस वास्तव में गोमांस है, तब तक वाहन को जब्त करना अवैध और मनमाना है।

यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने वाहन सीज करने के आदेश को रद्द कर दिया। याची को आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए सरकार पर दो लाख रुपये का हर्जाना लगाया है। यह आदेश न्यायमूर्ति संदीप जैन की पीठ ने दिया है। बागपत जिले में 18 अक्टूबर 2024 को पुलिस ने याची के वाहन को इस संदेह में पकड़ा था कि उसमें प्रतिबंधित मांस ले जाया जा रहा है। डीएम ने 16 जून 2025 को वाहन को जब्त करने का आदेश दिया। याची मोहम्मद चांद ने जब्ती आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि पशु चिकित्सक की रिपोर्ट में मांस के गोमांस होने की कोई निश्चित पुष्टि नहीं की गई थी, बल्कि उसे केवल संदिग्ध बताया गया था। कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए अधिकृत प्रयोगशाला की रिपोर्ट अनिवार्य है। इस मामले में प्रयोगशाला की कोई पुख्ता रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी, इसलिए जब्ती की पूरी प्रक्रिया अवैध है।

कोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ता का वाहन उसकी आजीविका का एकमात्र स्रोत था। पिछले 18 महीनों से वाहन के अवैध रूप से बंद रहने के कारण उसे आर्थिक क्षति हुई है। कोर्ट ने जिला मजिस्ट्रेट और मंडलायुक्त के आदेशों को रद्द कर दिया। सात दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को दो लाख रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया। न्यायालय ने सरकार को यह छूट भी दी है कि वह हर्जाने की राशि संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों से वसूल सकती है।



**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार पर दो लाख का लगाया जुर्माना**

# दिल्ली से देहरादून तक तेज आंधी के साथ बारिश

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे के अंदर अलग-अलग मौसम देखने को मिला। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में कई जगह पारा 40 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

हालांकि, आंधी और हल्की बारिश से कई इलाकों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक घट भी गया। उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश से 13 लोगों की मौत हो गई। सुल्तानपुर में सबसे ज्यादा 7 मौतें हुईं। वहीं, बिहार में भी 5 लोगों की मौत हुई है। पटना में आंधी से दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। कई जिलों में पेड़ गिर गए। दिल्ली में गुरुवार को दोपहर बाद ओले गिरे। वहीं राजस्थान के कई जिलों में लगातार दूसरे दिन बारिश जारी है। कोटा में एक मकान पर बिजली गिरी। इधर उत्तराखंड के देहरादून और मसूरी में भी बारिश के साथ ओले गिरे हैं।

**यूपी व बिहार में आंधी-बारिश से 18 मरे**

## जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज डूब, पांच शव निकाले

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी डैम पर गुरुवार शाम तेज आंधी और तूफान के बीच पर्यटकों से भरा एक क्रूज हादसे का शिकार हो गया। खमरिया टापू के पास संतुलन बिगड़ने से क्रूज डूब गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इसमें 35 से अधिक लोग सवार थे। पांच लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। करीब 15 लोग सुरक्षित बचाए गए हैं, वहीं 18 लोग अब भी लापता हैं। बताया जा रहा है कि पर्यटन विभाग के द्वारा संचालित क्रूज में 35 से अधिक लोग सवार थे।

# सहायक अध्यापकों के लिए सेवा नियमावली को मंजूरी


## कक्षा 1 से 8 तक के चार सौ मदरसों को अब जिला स्तर से मिलेगी मान्यता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हो गई है। बैठक में 18 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी है। मुख्य रूप से कुंभ मेला में किए जाने वाले स्थायी और अस्थायी कार्यों के लिए कुंभ मेला अधिकारी और गढ़वाल कमिश्नर के वित्तीय पावर दी गई है।

इसके अलावा परिवहन निगम को 250 नई बसों के खरीदने को मंजूरी मिली है। खास बात यह है कि वन दरोगा भर्ती के लिए पहले शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर स्नातक कर दिया गया है। कक्षा 1 से 8 तक के चार सौ मदरसों को अब जिला स्तर से मान्यता मिलेगी। कक्षा 9 से 12 तक के 52 मदरसों को उत्तराखंड बोर्ड से मान्यता लेनी होगी। इस संबंध में जल्द अध्यादेश लाया जाएगा।

उत्तराखंड मोटरयान संशोधित नियमावली 2026 के तहत वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक, प्रवर्तन पर्यवेक्षक और सिपाहियों का वर्दी निर्धारण को मिली मंजूरी। कुंभ मेले में एक करोड़ तक के काम को मेला अधिकारी स्वीकृत कर सकेंगे। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नियमावली 2026 के संशोधन को मिली मंजूरी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पदेन सदस्य के रूप में होंगे। एसिड अटैक विक्टिम को भी शामिल करने का लिया गया निर्णय। उत्तराखंड उप खनिज परिहार नियमावली 2023 में संशोधन को मिली मंजूरी। रॉयल्टी की दर को 7 रुपये प्रति कुंतल को बढ़ाकर 8 रुपये प्रति कुंटल किया गया। वाणिज्य कर विभाग की नियमावली में किए गए संशोधन को मिली मंजूरी। परिवहन विभाग में 250 बसों को खरीदने संबंधित प्रस्ताव को मिली मंजूरी। परिवहन निगम को शासन ने 100 बसें खरीदने की मंजूरी दी थी। जिसे अब बढ़कर 109 कर दिया है। जीएसटी की तरह 28 फीसदी से घटकर 18 फीसदी हो गई है। जिसके चलते ये निर्णय लिया गया है। उत्तराखंड अधीनस्थ वन सेवा नियमावली 2016 में संशोधन किया गया है। वन दरोगा के शैक्षिक अहर्ता को इंटरमीडिएट से बढ़कर स्नातक किया गया है। वन दरोगा की आयु सीमा बढ़ाकर 21 से 35 साल की गई। वन आरक्षी की आयु सीमा 18 से 25 वर्ष की गई। वन विभाग द्वारा वन क्षेत्रों की सीमा पर प्रस्तावित मौन पालन की नीति को मंत्रीमंडल ने स्वीकृति दी है।



**धामी कैबिनेट में 18 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

- उत्तराखंड मोटरयान संशोधन नियमावली-2026 को मंजूरी
- कक्षा 9 से 12 तक के 52 मदरसों को उत्तराखंड बोर्ड से लेना होगा एफिलिएशन
- वन दरोगा भर्ती के लिए शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट से बढ़ाकर की गई स्नातक

# बर्थडे पार्टी हत्याकांड का मुख्य आरोपी जीतू सैनी ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**खुर्जा (बुलंदशहर)।** उप्र के बुलंदशहर जिले में जन्मदिन पार्टी के दौरान हुए चर्चित तिहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी 50 हजार रुपये के इनामी जीतू सैनी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को ढाकर रोड क्षेत्र में पुलिस टीम और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान जीतू सैनी पुलिस से घिर गया और दोनों ओर से हुई फायरिंग में वह मारा गया। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी असलम तथा एक अन्य सिपाही घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 25 अप्रैल को खुर्जा नगर के सुभाष रोड स्थित एक जिम में जन्मदिन पार्टी के दौरान विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी दौरान जीतू सैनी ने -32 बोर पिस्टल से फायरिंग कर भाजपा नेता के परिवार के तीन सदस्यों आकाश, मनीष और अमनदीप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बताया जाता है कि पार्टी के दौरान केक लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक हो गया और तिहरे हत्याकांड में बदल गया। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।



# रेलवे लाइन किनारे युवक का शव मिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सहसपुर क्षेत्र में रेलवे लाइन किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार सहसपुर रेलवे ट्रैक के पास अज्ञात हालत में पड़े युवक को देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर की। मृतक की पहचान गुलशन कुमार निवासी ग्राम जुलेला बिसनपुरा के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दे रहे थे। जिससे घटना को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। फिलहाल पुलिस हादसा आत्महत्या अथवा अन्य किसी पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# स्मार्ट मीटर को लेकर गुस्सा बढ़ा

## एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर में स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष स्थानीय बिजली घर पहुंचे और स्मार्ट मीटरों को हटाने की मांग उठाई। इस दौरान लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिलों में अचानक भारी बढ़ोतरी हो गई है, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

प्रदर्शनकारियों ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि पहले जहां उनके बिल सामान्य आते थे, वहीं अब स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल कई गुना तक बढ़कर आ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि मीटर रीडिंग में गड़बड़ी हो रही है या सिस्टम पारदर्शी नहीं है, जिससे उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे परिवारों के लिए इतने अधिक बिजली बिल भर पाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि जल्द ही स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर नहीं लगाए गए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मामले को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी भी तेज होती नजर आ रही है। लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर योजना आम जनता के लिए राहत नहीं, बल्कि परेशानी का कारण बनती जा रही है और यह सरकार के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन सकती है। वहीं एसडीओ ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों की जांच कराई जाएगी और यदि कहीं गड़बड़ी पाई जाती है, तो उचित कार्रवाई की जाएगी। नगर में बढ़ते विरोध को देखते हुए यह साफ है कि स्मार्ट मीटर का मुद्दा अब तूल पकड़ता जा रहा है और आने वाले दिनों में यह एक बड़ा जन आंदोलन बन सकता है।

# नाशरा सुआलेह ने बढ़ाया स्योहारा का मान



## पीएचडी प्रवेश परीक्षा में हासिल की प्रथम रैंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर की प्रतिभाशाली छात्रा नाशरा सुआलेह ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी पीएचडी प्रवेश परीक्षा में प्रथम रैंक प्राप्त कर स्योहारा सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

स्थानीय स्टेशन रोड निवासी स्व.डा.सुआलेह अहमद की पुत्री नाशरा सुआलेह ने अपनी मेहनत लगन और पिता के सपनों को साकार करने के संकल्प के साथ यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वह अपने परिवार की सबसे बड़ी संतान हैं। उनकी सफलता से परिवार मौहल्लेवासियों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। नाशरा सुआलेह ने बताया कि उनकी सफलता में एम्स दिल्ली के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डा.संजीव लालवाणी, आईजीएच द्वारका के असिस्टेंट प्रोफेसर डा.पीयूष सांधी तथा सीनियर रेजिडेंट डा. वंशिका का विशेष मार्गदर्शन एवं प्रेरणा रही। उन्होंने एम्स दिल्ली में दो वर्षों तक कार्य अनुभव प्राप्त करने के बाद पीएचडी प्रवेश परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया। परिवार की बात करें तो उनकी छोटी बहन मदीहा सुआलेह एमबीबीएस की छात्रा हैं। जबकि सबसे छोटी बहन उमरा सुआलेह धामपुर स्थित पुष्प निकेतन स्कूल में सीबीएसई की छात्रा हैं। नाशरा सुआलेह की इस उपलब्धि पर हाजी अनवर जमाल, मोबिन खान, तनवीर आलम, शब्बन प्रधान, डा. दानिश कमाल, मेराजुल हक, एजाज उल हक, ताबिश कमाल, रहमान, जफर, आमान, आलम सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उनके आवास पहुंचकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# खेत तालाब योजना के अंतर्गत करें बुकिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भूमि संरक्षण अधिकारी जसवीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास (खेत तालाब) योजना अंतर्गत ऐसे लाभार्थी कृषक जिन्होंने विगत 7 वर्षों में उद्यान विभाग/ कृषि विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (स्प्रिंकलर सेट) की स्थापना कराई हो एवं वर्तमान में चालू हालत में हो के लाभार्थी योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं. साथ ही ऐसे कृषक जिन्होंने सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना नहीं कराई है, लेकिन खेत तालाब योजना के अंतर्गत लाभ लेना चाहते हैं, ऐसे कृषक त्रपक्षीय अनुबंध कराकर उद्यान विभाग के माध्यम से स्प्रिंकलर सेट की स्थापना कराएंगे, योजना अंतर्गत लाभ ले सकते हैं। इन दोनों श्रेणी के लाभार्थियों के लिए जनपद में इस वित्तीय वर्ष 12 तालाब का संभावित लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जोकि इच्छुक लाभार्थियों की मांग/बुकिंग के अनुसार निदेशालय स्तर से बढ़ाए भी जा सकते है।

उन्होंने बताया कि इच्छुक लाभार्थी कृषक कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल (upagridarshan&2-0) पर अपना टोकन बुकिंग करा सकते हैं। लघु तालाब का आकार (22 मी.x20 मी.x3मी.) होता है, जिसकी कुल लागत 105000 रुपए विभिन्न मदों के माध्यम से आती है। जिस पर 50 प्रतिशत अधिकतम 52500 रु. की अनुदानित धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाता में भेजे जाने का प्रावधान है। कृषक अपना पंजीकरण/टोकन बुक करा सकते हैं, टोकन कंफर्म होने के उपरांत इच्छुक लाभार्थी को रुपए 1000 टोकन मनी के रूप में यूपीआई के माध्यम से जमा करनी होगी। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत प्रथम आवक प्रथम पावक, के सिद्धांत पर अभिलेखीय औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए लाभार्थी के द्वारा स्वयं तालाब खुदाई एवं पक्के इनलेट का कार्य पूर्ण किया जाता है। तालाब खुदाई के उपरांत प्रथम किस्त के रूप में 39375 रु. तथा पक्का इनलेट बनाने के उपरांत दूसरी किस्त रुपए 13175 सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में डीवीडी के माध्यम से भेज दिए जाते हैं। लाभार्थी द्वारा खुदाई का कार्य समय अनुसार पूर्ण न करने पर टोकन मनी रुपए 1000 जप्त हो जाएगी तथा तालाब खुदाई का कार्य समय अनुसार पूर्ण करने के उपरांत टोकन मनी की धनराशि को वापस किए जाने का प्रावधान है। तालाब खुदवान वाले लाभार्थियों के लिए पंप सेट दिए जाने का भी प्रावधान है जिस पर कुल मूल्य का 50 प्रतिशत या अधिकतम 15000 रु. का अनुदान दिए जाने की व्यवस्था की गई है। तालाब बुकिंग हेतु पोर्टल शीघ्र ही सक्रिय हो जाएगा, इच्छुक लाभार्थी कृषक योजना अंतर्गत अधिकतम लाभ उठाकर मत्स्य पालन, मोती की खेती, सिंघाड़ा उत्पादन आदि की खेती करते हुए अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

# शांति व्यवस्था के लिए हीमपुर दीपा पुलिस का पैदल गश्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा जय भगवान सिंह ने शांति व्यवस्था कायम रखने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के उद्देश्य से ग्राम हीमपुर दीपा सहित रतनपुर खुर्द में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया।

इस दौरान तेज रफ्तार और संदिग्ध वाहनों को एसआई रजत चौधरी द्वारा चेक किया गया और वाहन चालकों को हिदायत दी गई। पुलिस बल ग्राम रतनपुर खुर्द के सर्राफा बाजार से होते हुए हीमपुर दीपा के मुख्य बाजार पहुंचा, जहां से डाकघर और बालाजी मंदिर पर गश्त करते हुए बस स्टॉप पर संदिग्धों को चेतावनी देकर थाने पहुंचा।

## एक नजर

### विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**हल्दौर।** आईसीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10 एवं कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम में सेंट मेरिज स्कूल, हल्दौर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 10 में कृष्णा ने 94% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं तन्वी राजपूत ने 92.6%, वैष्णवी आर्या ने 92% तथा अथर्व गंधर्व ने 91% अंक तथा आराध्या ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमश: द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त किया। वहीं इशिका राजपूत, मोहम्मद उमैर, सूर्यांश मारवाड़ी, अथर्व रस्तोगी एवं ओजस भारद्वाज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में श्रुति राजपूत 93.5%, निष्ठा चौधरी ने 93.25%, अंश चौधरी एवं रक्षित कुमार ने संयुक्त रूप से 93%, जानवी व अनुश्री 91.75% ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रबंधक सिस्टर फिलबी ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी। प्रधानाचार्या सिस्टर शेनेट ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। कार्यक्रम में सिस्टर शेनेट, सिस्टर धन्य, सिस्टर क्लेरेट सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### आंधी से गिरा विशाल पेड़



**हल्दौर।** आज शाम आए तेज अंधड़ ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। करीब छह बजे चली तेज आंधी के कारण नगर सहित अम्हेड़ा, शाहनगर, गोवर्धनपुर नंगली और आसपास के गांवों में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से दुपहिया वाहन चालकों को तेज हवाओं और उड़ती धूल के कारण रास्तों पर काफी परेशानी झेलनी पड़ी। इसी दौरान कुम्हारपुरा मार्ग पर एक विशाल पेड़ जड़ से उखड़ कर सड़क पर गिर गया, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। मार्ग बाधित होने के कारण राहगीरों और स्थानीय निवासियों को लंबा इंतजार करना पड़ा तथा वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए वन विभाग की टीम से पेड़ हटाकर मार्ग को जल्द से जल्द सुचारू कराने की अपील की है।

## पिंजरा लगाने की मांग

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र में अलग-अलग जगह गुलदार दिखाई देने की सूचना मिल रही है। ग्राम शादीपुर निवासी निपेंद्र सिंह ने बताया कि एक गुलदार उनके खेत में लगातार दिखाई दे रहा है। इसकी सूचना उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को दी है। वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाए जाने का आश्वासन दिया गया है। ग्राम कुम्हेड़ा में खेत पर पानी देने गए किसानों को गुलदार दिखाई दिया। जिसकी उन्होंने वीडियो बना ली। गुलदार दिखाई देने से किसान खेतों पर जाने से डर रहे हैं। किसान समूह में खेतों पर जा रहे हैं। ग्रामीणों ने गुलदार की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## झूले से गिरकर युवक की मौत



**चांदपुर।** झूले से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। नाव के आकार का झूला जैसे ही लगभग 25 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा, उसमें बैठा युवक सिर के बल जमीन पर आ गिरा। जिससे उसकी मौत हो गई। स्थानीय मौहल्ला काजीजादगान निवासी फैज (17 वर्ष) पुत्र अकरम दोस्तों के साथ बुधवार रात करीब 8 बजे नुमाईश में गया था। नुमाईश में फैज नाव वाले झूले में बैठ गया। झूला करीब 25 फीट ऊंचाई पर पहुंचा, तो अचानक से फैज उससे नीचे गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झूला फुल स्पीड में घूम रहा था, उसी समय युवक का बैलेंस बिगड़ा और वह नीचे गिर गया। सिर के बल गिरने से उसे गंभीर चोटें आई। मेला व्यवस्थापकों ने उसे तत्काल अस्पताल लाया। वहां डा.जुबैर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे। बेटे का शव देखकर मां बेसुध हो गई। वह रोते हुए मेला संचालक और झूले वाले पर हत्या का आरोप लगाती रही। मां बोली-झूले में सेफ्टी रॉड नहीं था मां सलमा ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की जान लापरवाही की वजह से गई। फैज जिस झूले में बैठा था, उसमें सेफ्टी रॉड नहीं था।

# विवेक में पावर प्वाइंट प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं विश्लेषणात्मक कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से हभारत की पंचवर्षीय आर्थिक योजनाओं का समालोचनात्मक विश्लेषणीं विषय पर एक पावर प्वाइंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में एमबीए, बीबीए एवं बी.कॉम के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की विशेषता यह थी कि प्रत्येक छात्र को भारत की एक विशेष पंचवर्षीय योजना आवंटित की गई थी। विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों में संबंधित योजना का परिचय, उद्देश्य, नीतियां, उपलब्धियां, कमियां, प्रभाव, बजट तथा निष्कर्ष को सरल एवं विश्लेषणात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इससे न केवल विषय की गहराई को समझने में मदद मिली, बल्कि छात्रों की प्रस्तुति कौशल एवं आलोचनात्मक सोच का भी विकास हुआ। कार्यक्रम में सारा फातिमा, त्रिषिका, खुशीपाल, वंशिका, काव्य, अर्षी नाज, आकृति, शुभ, विभूति, परिधि, वृद्धि एवं तनिश्का ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीबीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सारा फातिमा ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान परिधि वर्मा, बी.कॉम प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान बीबीए प्रथम वर्ष के छात्र शुभ शर्मा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के सीईओ अनिल शर्मा, कुलपति प्रो.एनके गुप्ता, रजिस्ट्रार डा.हितेश शर्मा एवं स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन डा. सर्वेश कुमार शीतल द्वारा संयुक्त रूप से मा.सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उद्घाटन संबोधन में कुलपति प्रो. एनके गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखतीं, बल्कि उन्हें वास्तविक आर्थिक नीतियों को समझने एवं मूल्यांकन करने की क्षमता भी प्रदान करती हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने अपने संदेश में कहा कि विश्वविद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में नीतिगत समझ के साथ-साथ तार्किक विश्लेषण की क्षमता को विकसित करना है। विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति इंजीनियर दीपक मित्तल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल जानकारी होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका विश्लेषण एवं व्यवहारिक उपयोग करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय के सीईओ अनिल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के शैक्षणिक आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं संप्रेषण कौशल का विकास होता है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. हितेश शर्मा ने विद्यार्थियों को नवीन सोच विकसित करने तथा विषय की गहराई को समझने की आवश्यकता पर बल दिया। निर्णायक मंडल में स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज की असि. प्रो. स्वाति एवं स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के असि. प्रो. विश्वजीत सिंह शामिल रहें। कार्यक्रम का संचालन एमबीए. प्रथम वर्ष की छात्रा तनु चौधारी एवं अंशिका विश्नोई ने संयुक्त रूप से किया।

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन डा.सर्वेश कुमार शीतल ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी इसी प्रकार सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित भी किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में असि. प्रो. श्रेया गोयल, अमन रस्तौगी का विशेष रूप से योगदान रहा एवं कार्यक्रम में प्रबंधन विभाग के मोहित त्यागी, डा. राहुल गर्ग, डा.शोभित रस्तौगी, नृपेन्द्र शर्मा, प्रियाशु सेहरावत, शिप्रा त्यागी, शिवानी राजपूत, शरद चौधारी, दयानन्द ठाकुर, रितु राज, सलोनी वत्सल, डा. नजमुश, तरूण गंर्धव, निरूल कुमार, पूर्वी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# चुनाव आयोग इतना पक्षपाती पहले कभी नहीं रहा: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** बीते दिन 5 चुनावी राज्यों (पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम, पुडुचेरी) के एग्जिट पोल में अधिकतर अनुमानों में पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी की जीत बताई जा रही है, जबकि तमिलनाडु में डीएमके, केरलम में एलडीएफ और पुड्डुचेरी में बीजेपी गठबंधन सरकार बना सकता है। इन अनुमानों पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल एक रैकेट हैं, वोट देने का अधिकार अब खरते में है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त पर भी निशाना साधा। जयराम रमेश ने कहा कि इस चुनाव में चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है। आयोग इतना पक्षपाती पहले कभी नहीं रहा, जितना ज्ञानेश कुमार के समय में है। वह पिछले कुमार से भी ज्यादा पक्षपाती हैं, यह गिरावट उनके पिछले प्रमुख के समय में ही शुरू हो गई थी। यह आदमी एक खिलाड़ी है, हम चुनाव लड़ने के साथ ही इलेक्शन कमीशन से भी लड़ रहे थे।

संसद में पेश किए गए हमारे महाभियोग प्रस्ताव में उनके खिलाफ नौ आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भले ही मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव फिर से खारिज हो जाए, हम उन्हें हटाने का नोटिस फिर से देंगे। अब समय आ गया है कि वोट देने के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाए।

# पीलीभीत में बनेगा देश का पहला बासमती और जैविक प्रशिक्षण केंद्र

**नई दिल्ली, वार्ता**

**भूमि हस्तांतरण को औपचारिक रूप दिया गया, एआई-आधारित सर्वेक्षण परियोजना का शुभारंभ**

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच 70 वर्ष के पट्टे समझौते पर हस्ताक्षर के माध्यम से पीलीभीत के टांडा बिजैसी में बासमती और जैविक प्रशिक्षण केंद्र-सह-प्रदर्शन फार्म की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण को औपचारिक रूप दिया गया है। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।

इसमें बताया गया है कि इस प्रस्तावित फार्म को लगभग सात एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इस केंद्र में सभागार, बासमती एवं जैविक खेती पर संग्रहालय और गैलरी, सम्मेलन कक्ष, प्रयोगशाला और जैविक खेती के लिए आवश्यक सामग्री के भंडारण की सुविधा उपलब्ध होगी। यह सुविधा बासमती एवं जैविक किसानों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में मददगार होगी और कृषि विशेषज्ञों एवं छात्रों के लिए एक संसाधन केंद्र के रूप में भी कार्य करेगी। देश में बासमती चावल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एक बार स्थापित हो जाने के पश्चात यह केंद्र देश का पहला बासमती जैविक प्रशिक्षण और प्रदर्शन फार्म होगा, जिसमें पारंपरिक और जैविक दोनों प्रकार की बासमती की खेती शामिल होगी। इस केंद्र से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के किसानों और हितधारकों को लाभ मिलने की आशा है। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए पीलीभीत को बासमती चावल के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाओं की जानकारी दी। श्री प्रसाद ने केंद्र में एआई-आधारित इंटरैक्टिव संग्रहालय स्थापित करने के साथ-साथ किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण बासमती बीज और जैविक सामाग्री मुहैया कराने के लिए एक विशेष आउटलेट स्थापित करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने भारत की पहली एआई-आधारित बासमती धान सर्वेक्षण परियोजना (2026-2028) का भी अनावरण किया, जिसे एपीडा और अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ (एआरआईईए) के सहयोग से चलाया जाएगा। यह परियोजना लगभग 40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करेगी, 150,000 से अधिक जमीनी स्तर के सर्वेक्षण बिंदुओं से डेटा एकत्र करेगी।

# श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस की विस्तारित सेवा

**रेल मंत्री वैष्णव ने दिखाई हरी झंडी**

**जम्मू।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यहां श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस की जम्मू तक विस्तारित सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, स्थानीय प्रतिनिधि और रेलवे के अधिकारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। गौरतलब है कि यह ट्रेन पहले श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक चलती थी, अब श्रीनगर से जम्मू तवी तक चलेगी। इस तरह से देश की सबसे आधुनिक ट्रेन सीधे जम्मू-कश्मीर के सबसे बड़े शहर और रेलवे केंद्र तक पहुंच जाएगी। इस मौके पर वैष्णव कहा कि इस ट्रेन को पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कटरा से हरी झंडी दिखाई थी और यह कटरा से श्रीनगर जाती थी। आज इस ट्रेन की सेवा का विस्तार किया गया है। अब यह ट्रेन जम्मू से श्रीनगर तक बढ़ायी जा रही है। पहले इसमें आठ कोच थे, जिनकी संख्या अब बढ़ाकर 20 कर दी गयी है। वहीं अब्दुल्ला ने कहा कि इस अवसर पर मैं वैष्णव और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। आज हमने रेलवे के माध्यम से जम्मू को कश्मीर से जोड़ दिया है। आठ कोचों से बढ़ाकर 20 कोचों वाली यह ट्रेन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अब और भी अधिक लोग आसानी से यात्रा कर सकेंगे। डॉ. सिंह ने कहा, ष्जम्मू रेलवे स्टेशन पर नयी 20-कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिससे इस इलाके में रेल सम्पर्क को काफी बढ़ावा मिला है।

# डिजिटल अरेस्ट के बाद सुसाइड

## मोनिका के आत्मघाती कदम के पीछे उत्पीड़न का खेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समीपवर्ती ग्राम फरीदपुर भोगी निवासी रणवीर सिंह की पत्नी मोनिका देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई आत्महत्या के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। अंतिम संस्कार के दो दिन बाद महिला के कमरे से मिले सुसाइड नोट ने पूरे गांव में सनसनी फैला दी। पति रणवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो दिन पहले मोनिका देवी ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद परिजनों ने बिना पुलिस को खबर दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। उस समय यह मामला पारिवारिक विवाद या सामान्य तनाव का प्रतीत हो रहा था, लेकिन अब सामने आए तथ्यों ने पूरे घटनाक्रम को संदिग्ध बना दिया है।

बुधवार को जब परिजनों ने महिला के कमरे की तलाशी ली, तो एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें मोनिका देवी ने अपने पति



और परिवार से माफी मांगते हुए एक युवक द्वारा लगातार परेशान किए जाने का जिक्र किया है। उसने लिखा कि वह इस उत्पीड़न को किसी से साझा नहीं कर पा रही थी। इसी वजह से उसने मौत का रास्ता चुना।

एसपी अभिषेक झा ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सुसाइड नोट में एक युवक द्वारा उत्पीड़न का जिक्र सामने आया है। साथ ही साइबर अपराध की आशंका को ध्यान में रखते हुए हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है।


गांव में चर्चा है कि मोनिका देवी को किसी ने कथित रूप से



डिजिटल अरेस्ट कर रखा था और उसे धमकाकर पैसों की मांग की जा रही थी। साथ ही गांव के ही एक युवक द्वारा उसे परेशान किए जाने की बातें भी सामने आ रही हैं। इन घटनाओं ने महिला को गहरे मानसिक तनाव में धकेल दिया, जो अंततः उसकी मौत का कारण बना। पति रणवीर सिंह ने पुलिस को तीन मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए हैं, जिनसे मोनिका के फोन पर लगातार कॉल आ रही थीं। यहां तक कि अंतिम संस्कार के दौरान भी एक युवक द्वारा वीडियो कॉल किए जाने की बात सामने आई है, जिससे मामला और अधिक गंभीर हो गया है।

मोनिका देवी की मौत ने गांव फरीदपुर भोगी को गमगीन कर दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों के मन में कई सवाल उठ रहे हैं- क्या समय रहते मदद मिलती तो मोनिका की जान बच सकती थी? क्या डिजिटल अपराधों का जाल अब गांवों तक पहुंच चुका है? इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर समाज को झकझोर दिया है और यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि मानसिक तनाव और साइबर उत्पीड़न जैसे मामलों को समय रहते गंभीरता से लेना कितना जरूरी है।

बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले मोनिका देवी ने अपने मायके में वीडियो कॉल



की थी। कॉल के दौरान वह रो रही थी, लेकिन परिजनों ने इसे पति पत्नी के बीच सामान्य विवाद समझ कर गंभीरता से नहीं लिया। यही चूक अब परिवार को भीतर तक झकझोर रही है। दुखद यह भी रहा कि घटना के समय उसकी दो मासूम बेटियां पास ही चारपाई पर सोती रही और उन्हें इस भयावह घटना का आभास तक नहीं हुआ।

# चांदपुर के डॉ. मुनीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

### जाबिर की आत्महत्या का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चांदपुर के चर्चित डॉ. मुनीर खालिद के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर थाने में मुकदमा अपराध संख्या 233/2026 धारा 108 बीएनएस में डॉ. मुनीर खालिद को नामजद करते हुए पंजीकृत कराया गया है। तहरीर में वादी मौहम्मद नासिर पुत्र अब्दुल रहमान उर्फ बुंदू निवासी ग्राम फजलपुर ढाकी, थाना हल्दौर ने कहा था कि उसके भाई मौहम्मद जाबिर ने बास्टा रोड पर ग्राम हैजरपुर के पास डॉ. मुनीर खालिद का बाग एक साल पहले दो साल के लिए ठेके पर लिया था। वह इस साल की फसल के एक लाख रुपए बाग मालिक को दे चुका था। बाग की देखभाल, जुताई व धुलाई आदि में भी पैसा खर्च कर चुका था। इस बीच जब उसका भाई मौहम्मद जाबिर 22 मार्च को बाग में स्प्रे कराने के लिए पहुंचा, तो उसने देखा कि बारिश के कारण बाग में काफी नुकसान हो चुका था। इसके बाद मौहम्मद जाबिर बाग मालिक डॉ. मुनीर खालिद के पास गया और उनसे कहा कि बाग में काफी नुकसान हो चुका है। इस लिए मैं बाग छोड़ रहा हूं। इस पर बाग मालिक बोला की ऐसे बीच में बाग कैसे छोड़ दोगे। इसके बाद डॉ. मुनीर खालिद ने बोला कि कल आना, तब बात करेंगे। मौहम्मद जाबिर ने अपने घर पहुंच कर यह सभी बातें वादी को बताई। जिससे वादी को महसूस हुआ कि उसका भाई डर रहा था। 23 मार्च को मौहम्मद जाबिर ने शाम लगभग साढ़े तीन बजे अपने बच्चों को फोन किया कि मैं बाग मालिक डॉ. मुनीर खालिद के साथ में हूं। इसके बाद शाम लगभग साढ़े पांच बजे जब उन्होंने अपने भाई मौहम्मद जाबिर को फोन किया, तो उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद मैंने उसे रिकोडिंग भेजी, लेकिन कोई जबाव नहीं आया। जिसके बाद परिवार के सदस्य व मौहल्ले के लोग उसे फोन करने लगे। उसे ढूंढने लगे, लेकिन कोई पता नहीं चला था। इसके बाद वह व अन्य भाई मौहम्मद जाबिर को ढूंढते हुए बास्टा रोड स्थित बाग पर पहुंचे, तो देखा कि वहां पर जाबिर की बाइक खड़ी हुई थी। इसके बाद उन्होंने मौहम्मद जाबिर को बाग में ढूंढना शुरू किया। वह आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे में लटका हुआ मिला। इसके बाद चांदपुर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने जाबिर के शव को अपने कब्जे में ले लिया। जाबिर की जेब में से मोबाइल फोन, 9400 रुपए एवं बाइक की चाबी बरामद हुई। वादी का कहना है कि उसके भाई ने बाग मालिक के द्वारा प्रताड़ित करने की वजह से आत्महत्या की है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# छोटा हाथी से लौट रहे बाराती हादसे का शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बारात से लौट रहे करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मासूम बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। यह घटना नहटौर-नूरपुर मार्ग पर हुई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम चौहरा निवासी सुभाष कुमार की बारात बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम बावनपुरा गई थी। शादी समारोह संपन्न होने के बाद गुरुवार रात करीब आठ बजे कुछ बाराती 'छोटा हाथी' (टाटा ऐस) वाहन में सवार होकर अपने गांव चौहरा लौट रहे थे। जैसे ही वाहन नहटौर-नूरपुर मार्ग पर स्थित गांव चक के पास पहुंचा, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बारातियों की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बारातियों से भरा वाहन सड़क पर ही पलट गया, जिससे चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और राहगीर मौके पर जमा हो गए।

घायलों में वाहन चालक अनिल (पुत्र राम कुमार), अभिमन्यु (12 वर्ष, पुत्र अनूप सिंह), लवकुश (19 वर्ष, पुत्र प्रदीप), चुनमुन (10 वर्ष, पुत्र जोगेंद्र), सन्नी (15 वर्ष, पुत्र जोगेंद्र) तथा अंश और दिवांश (पुत्रगण सोनू, निवासी चौहरा) प्रमुख रूप से शामिल हैं। इनके अलावा, करीब आधा दर्जन अन्य लोग भी चोटिल हुए हैं। सभी घायलों को तत्काल एम्बुलेंस और निजी वाहनों की मदद से पास के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

## किशोरी को बरामद करने की मांग

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है और किशोरी की सकुशल बरामदगी की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार किशोरी के पिता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर धारा निवासी देवेंद्र पुत्र देवीचंद उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया है। बताया गया कि आरोपी का किशोरी के गांव में ओमप्रकाश सिंह के घर आना-जाना था, इसी दौरान उसने किशोरी को अपने झांसे में लिया। परिजनों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए किशोरी को जल्द से जल्द बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी देवेंद्र पुत्र देवी. चंद निवासी ग्राम फतेहपुर धारा, थाना रेहड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवा नेता राशिद राईन सपा के प्रदेश सचिव नियुक्त

### दो मई को पार्टी कार्यालय में स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** युवा नेता व समा. जसेवी राशिद राईन को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार युवा नेता व समाजसेवी राशिद राईन विभिन्न संगठनों से जुड़े हुए हैं। उनकी छवि बेहद साफ-सुथरी व ईमानदार नेता की है। उन्होंने दबे कुचले समाज के लिए संघर्ष किया है। पिछले दिनों उनकी मुलाकात सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ में हुई थी। आने वाले विधानसभा चुनाव एवं संगठन को लेकर वार्ता के क्रम में उन्हें प्रदेश सचिव बना कर नई जिम्मेदारी दी गई है। राशिद राईन का कहना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें जो



जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसका पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार बनने जा रही है और भाजपा से ऊर्जा प्राप्त कर रही वोट कटवा पार्टियों की असलियत को जनता समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में सपा व भाजपा के बीच सीधी टक्कर होगी। भाजपा के द्वारा सपा के वोटों को काटने के लिए मैदान में छोड़ी गई वोट कटवा पार्टियों से कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ जनता के बीच जा कर सरकार बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। दूसरी तरफ सपा के नवनियुक्त प्रदेश सचिव राशिद राईन का दो मई को पार्टी के जिला कार्यालय में स्वागत किया जाएगा। युवा कार्यकर्ताओं में इसे लेकर जबरदस्त जोश है।

# स्मार्ट मीटर को लेकर सौंपा ज्ञापन



### सपा विधायक तसलीम अहमद ने उठाई समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर आ रही समस्याओं के मद्देनजर सपा विधायक तसलीम अहमद ने अन्य विधायकों के साथ यूपीपीसीएल के चेयरमैन व अपर मुख्य सचिव आशीष कुमार गोयल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा विधायकों ने चेयरमैन आशीष कुमार गोयल को बताया कि जब से घरों में स्मार्ट मीटर लगे है, तब से उपभोक्ताओं के मासिक बिजली बिल में खपत लगभग 85 प्रतिशत बढ़ गई है। महंगाई के दौर में गरीबों और किसानों पर यह अतिरिक्त भार हो गया है। अग्रिम भुगतान करने के तीन दिनों तक भी घरों में लाइट नहीं आ रही है। मीटरों में गड़बड़ी हो रही है और उनका समाधान नहीं हो रहा है। सपा विधायकों ने मांग करते हुए कहा कि इन स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोसपेड मीटरों में बदला जाए। ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

गौरतलब है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की वजह से आम जनता बेहद परेशान है। इससे भाजपा सरकार की छवि पर बुरा असर पड़ रहा है। जगह-जगह इसके विरोध में आंदोलन हो रहे है और आवाज उठ रही है। हालांकि सरकार ने अब मीटर बदलने बंद कर दिए है। क्योंकि उसे चुनाव में हार साफ दिखाई दे रही थी। लेकिन जिन के यहां यह मीटर लग गए है, वह इससे छुटकारा चाहते हैं।

# बिजनौर टाइगर्स ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

## सपा अध्यक्ष हनी ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हनी फैसल ने बीपीएल सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय बिजनौर इंटर कॉलेज के मैदान पर खेले गए फाइनल मैच में बिजनौर टाइगर्स और केके सुपर टीम के बीच मुकाबला हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए बिजनौर टाइगर्स की टीम ने 25 ओवर के मैच में 146 रनों का लक्ष्य रखा। ओवैस और अरहम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया।

जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी केके सुपर टीम मात्र 14 ओवर में ही ऑलआउट हो गई। अल्ताफ ने 35 रनों का शानदार योगदान दिया, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। बिजनौर



टाइगर्स ने आसानी से मैच जीत लिया।

सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने विजेता बिजनौर टाइगर्स और उपविजेता केके सुपर टीम के सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने कहा कि खेल आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देता है। खेल के मैदान पर सभी धर्मों के लोग एक साथ भाईचारे के साथ खेलते हैं, जो समाज को आगे बढ़ाने का शानदार माध्यम है।

इस दौरान तहजीब, शिराज, रईस कस्सार, जिशान आलम, सुहेल बाकर, नबील, आकिब राना, तारिक समेत कई लोग मौजूद रहे।

टूर्नामेंट का आयोजन पूर्व सभासद शराफत उर्फ डाडू और उनके पुत्र ओवैस ने किया।

## एक नजर

### हादसे में फईम घायल



**अफजलगढ़।** रेहड़ क्षेत्र के ग्राम हर्रावाला निवासी फईम अहमद पुत्र शरीफ अहमद ग्राम हसनपुर जा रहा था। धर्मकांटे के सामने ई-रिक्शा चालक आसिफ पुत्र शकूर अहमद निवासी ग्राम उदयपुर तेजी के साथ जा रहा था। उसने तीव्र गति से ई-रिक्शा चलाते हुए अचानक मोड़ कर ओवरटेक करने का प्रयास किया। बाइक सवार उसकी चपेट में आ कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की टांग तीन जगह से टूट गई और हाथ भी टूट गया। बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को तत्काल काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल के भाई सलीम अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर ई रिक्शा चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई। ई-रिक्शा चालकों के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। ज्यादातर ई-रिक्शा चालक अशिक्षित, शराबी व लड़ाकू प्रवृत्ति के है, जो मारपीट पर उतारू हो जाते है। इनके द्वारा ओवरलोडिंग भी की जाती है। पुलिस इनके खिलाफ कार्यवाही नहीं करती है।

### कम्युनिटी डे का आयोजन




**अफजलगढ़।** राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज, शाहपुर जमाल में अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) कम्युनिटी डे का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विज्ञान, तकनीक और नवाचार से जुड़े विभिन्न मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आयोजन में मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज, फतेहपुर जमाल एवं जीजीआईसी सूआवाला के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक एवं उपयोगी मॉडलों ने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, नवाचार के प्रति रुचि बढ़ाना तथा नई तकनीकों से उन्हें जोड़ना रहा। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मौहम्मद यामीन, मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य तनु चौधरी सहित रितु चौहान, प्रियंका, संजय कुमार, राजवीर सिंह, अमोल कुमार, वीरेंद्र कुमार, कृष्ण आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय एवं उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बिरसा मुंडा: आदिवासी संस्कृति, परम्परा और विरासत के प्रतीक विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन किया गया। द्वितीय दिन सर्वप्रथम तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। चतुर्थ तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. सोनल शुक्ला एवं डॉ. नेमिका सहायक प्रोफेसर, डी.ए.के. कॉलेज, मुरादाबाद के द्वारा के द्वारा की गई। तकनीकी सत्र में 30 शोध पत्र पढ़े गए। तकनीकी सत्र का संचालन डॉ. अल्पना एवं डॉ. वर्षा ने किया। इस मौके पर प्रो. श्रवण कुमार शर्मा, प्रो. पूनम चौहान, डॉ. संदीप कुमार, प्रो. रविंद्र कुमार, प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, डॉ. शताक्षी चौधरी, डॉ. दीपा आदि ने अपने विचार रखें।

### लाखों का बिजली बिल आया




**बिजनौर।** चांदपुर के मौहल्ला कटकुई में एक आम उपभोक्ता का एक लाख पैसठ हजार आठ से इक्यासी रूपए का बील आने से उसकी रातों की नींद हराम हो गई है। उपभोक्ता को तीन दिन के अंदर बिल जमा करने के लिए कहा गया है। इस तरह से अन्य उपभोक्ताओं के पास भी अनाप-सनाप मैसेज आ रहे है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# चांदपुर के मेले में नियमों का उल्लंघन

## पुलिस व प्रशासन ने आंखें बंद की, लापरवाही का आरोप

**विशेष संवाददाता**

**बिजनौर।** चांदपुर में नियमों का उल्लंघन कर चलाई जा रही नुमाइश में 17 वर्षीय युवक की झूले से गिरकर मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक की मां ने झूला संचालकों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई करेगी, यह आम आदमी को नहीं लगता है।





प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर कस्बे के मौहल्ला काजीजादगान निवासी अकबर का पुत्र फैज (17 वर्ष) बीती रात करीब आठ बजे अपने दोस्तों के साथ स्थानीय नुमाइश में गया था। यह नुमाइश उसके घर से लगभग 600 मीटर की दूरी पर हल्दौर रोड पर लगी हुई है। मेले में पहुंचने के बाद फैज नाव के आकार वाले एक बड़े झूले में बैठ गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, झूला जैसे ही करीब 25 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा, तो वह तेज गति से घूम रहा था। इसी दौरान फैज का संतुलन बिगड़ गया और वह झूले से नीचे गिर पड़ा। सिर के बल जमीन पर गिरने से उसे गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ. ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। बेटे का शव देखकर मां बेसुध हो गई और रोते-बिलखते हुए झूला संचालकों पर लापरवाही का आरोप लगाने लगी। मां सलमा का कहना था कि जिस झूले में उनका बेटा बैठा था, उसमें कोई सुरक्षा रॉड या उचित इंतजाम नहीं था। तेज गति और सुरक्षा की कमी के कारण ही यह हादसा हुआ। चांदपुर के सीओ देश दीपक सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला झूले से गिरने का है। मृतक की मां की ओर से तहरीर दी गई है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है। साथ ही मेले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि घटना की पूरी सच्चाई सामने आ सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। झूला संचालक के पास फिटनेस प्रमाणपत्र होने की बात भी सामने आई है, जिसकी सत्यता की जांच की जा रही है।

दूसरी तरफ फैज अपने परिवार का सबसे बड़ा बेटा था। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में दो बहनें और एक छोटा भाई है। आर्थिक तंगी के कारण वह पढ़ाई नहीं कर सका और छोटे-मोटे काम कर परिवार का सहारा बन रहा था। उसकी असामयिक मौत से पूरे इलाके में शोक का माहौल है। नुमाइश में प्रशासन की शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है। जहां पर सुरक्षा व्यवस्था का कोई इंतजाम नहीं है। अगर आग लग जाती है, तो बचाव का भी कोई उपाए नहीं किया गया है। जेब काटने एवं छेड़छाड़ की घटनाएं भी लगातार हो रही हैं।

# पत्रकार शेख यूसुफ ने किया उद्घाटन

## पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** वरिष्ठ पत्रकार शेख मौहम्मद यूसुफ ने पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन किया।





प्राप्त समाचार के अनुसार समीपवर्ती ग्राम कासमपुर गढ़ी में भारतीय किसान यूनियन तोमर गुट के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान द्वारा हरिशचंद्र स्मारक इंटर कॉलेज के विशाल मैदान में पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का समाजसेवी व पत्रकार शेख मौहम्मद यूसुफ ने शुभारंभ किया।

फाइनल मैच में अफजलगढ़ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 164 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी का प्रर्दशन करते हुए दर्शकों को खूब रोमांचित किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नजीबाबाद की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। अफजलगढ़ के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। नजीबाबाद की पूरी टीम 10 ओवर में मात्र 70 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अफजलगढ़ ने 107 रन के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। कमेटी द्वारा विजेता टीम को 30 हजार रुपए नगद पुरस्कार और आकर्षक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जबकि उपविजेता नजीबाबाद की टीम को 15 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके अलावा पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले नगीना के खिलाड़ी अली को 'मैन ऑफ द सीरीज' चुना गया। उन्हें ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

भाकियू तोमर गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए जरूरी है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और संघर्ष की सीख भी देता है। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया और सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विजेता टीम के कप्तान अफजाल कुरैशी ने कहा कि किसान यूनियन कप क्रिकेट टूर्नामेंट बहुत यादगार रहा। उन्होंने टूर्नामेंट के आयोजक मौहम्मद रिजवान की सराहना की। इस अवसर पर भाकियू तोमर गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, भाकियू तोमर गुट के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष रिजवान अहमद, नफीस कस्सार, खुर्शीद उर्फ बाबू कुरैशी, खेल प्रेमी जिशान लियाकत, खेल प्रेमी फैजान अंसारी, शाहरुख कादरी, मौहम्मद शुऐब, दानिश अहमद, फईम खान, आकिब पाशा मौजूद थे।

# नूरपुर में नहीं रूक रहा दीवानी युवतियों की फरारी का मामला

## दस्तावेज भी साथ ले गई युवती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** क्षेत्र में युवतियों के अपने प्रेमियों के साथ फरार होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। युवतियों के द्वारा परिवार की इज्जत को ताक पर रख कर प्रेमियों को तव्वजों दी जा रही हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार इसी क्रम में युवती के अचानक घर से फरार होने से परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने अमरोहा निवासी एक युवक पर युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। युवती के द्वारा अपने साथ जरूरी दस्तावेज ले जाने से मामला गंभीर हो गया है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है, जिसके बाद पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। जांच करने पर पता चला है कि युवक व युवती आपस में पांच महीने से मोबाइल पर लम्बी-लम्बी बातचीत करते थे। युवती के पिता ने बताया कि वह पांच महीने में किसी अज्ञात मोबाइल नंबर से बातचीत कर रही थी। परिवार के सदस्यों ने मोबाइल नंबर की जांच की, तो वह अमरोहा क्षेत्र के एक ग्राम निवासी रिश्तेदार के बेटे का निकला।

परिवार के सदस्यों द्वारा युवती की तलाश की जा रही है। पुलिस भी युवती को बरामद करने का प्रयास कर रही है।

# भीषण गर्मी के बीच हल्की बुंदाबांदी

## धूल भरी आंधी से विद्युत आपूर्ति ठप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच आज दोपहर बाद धूल भरी तेज आंधी चलने से जहां-तहां पेड़ गिर गए और विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। आंधी इतनी तेज थी कि सड़कों पर दुपहिया वाहन चलना भी मुश्किल हो गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर बाद जनपद में तेज आंधी आई। आसमान पूरी तरह काला हो गया। लगभग एक घंटे तक आंधी चलती रही। जिन किसानों का खेतों में भूस रखा था, वह उड़ गया। धूल भरी आंधी चलने से सड़कों पर दुपहिया वाहन चलाना मुश्किल हो गया। सड़कों पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। आंधी की वजह से विद्युत आपूर्ति भी ठप हो गई और जहां-तहां पेड़ टूट कर नीचे गिर गए। इसके बाद आसमानी बिजली चमकने लगी और बारिश शुरू हो गई। हालांकि बारिश ज्यादा देर तक नहीं हुई। लेकिन मौसम के इस बदलाव से नागरिकों को भीषण गर्मी से राहत जरूर मिली है। जनपद में कई जगह समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी। विद्युत विभाग के अधिकारी अपनी लाइनों का रख-रखाव ठीक ढंग से नहीं करते है। जिसकी वजह से जरा सी आंधी व बारिश में विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है और उपभोक्ता परेशान रहते है।

## एक नजर

### हादसे में कई लोग घायल

**नजीबाबाद।** हाईवे पर रोडवेज बस की सामने से आ रही टैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बस चालक, परिचालक समेत आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली में भैंस के छोटे बच्चे लदे हुए थे, वह गलत दिशा से आ रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही रोडवेज बस से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर भिजवाया गया। थाना प्रभारी नजीबाबाद अमित कुमार ने बताया कि हादसा रात में हुआ। ट्रैक्टर-ट्रॉली हालत दिशा से आ रही थी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएंगी। घायलों में अनिल कुमार (नगीना), बस चालक सुमित कुमार (कोतवाली देहात), संतोषी रावत (कोटद्वार), धर्मेंद्र (गढ़वाल), संदीप नेगी, नसीम, बलवंत सिंह (सभी कोटद्वार), रोशन जोयल (सतपुली), अभिषेक तिवारी (कनखल हरिद्वार) व त्रिलोक रावत (चमोली) शामिल हैं। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### बेटों की शिकायत लेकर थाने पहुंची बूढ़ी विधवा

**नहटौर।** बेटों की शिकायत लेकर पहुंची एक बूढ़ी विधवा महिला की समस्या का प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह ने समाधान करने के साथ उसकी आर्थिक मदद भी की। नहटौर कोतवाली पहुंची एक वृद्ध महिला ने आरोप लगाया कि उसके बेटे उसकी दवाई और कपड़े आदि की व्यवस्था नहीं करते हैं, जिस कारण वह काफी समय से खुद को असहाय महसूस कर रही है।महिला अपनी व्यथा को बताते हुए रोने लगी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने महिला को शांत करते हुए उनकी व्यथा को सुना। प्रभारी निरीक्षक ने महिला को शांत करते हुए उनकी दवाई के लिए हजार रुपये और कपड़ों के लिए भी अलग से पैसेदिये। इस दौरान उन्होंने महिला के बेटों से टेलीफोन पर वार्ता कर उन्हें काफी नसीहत दी। भविष्य में शिकायत मिलने पर कारवाई करने की चेतावनी भी दी। पुलिस के सकारात्मक रूप की सभी ने सराहना की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला द्वारा लिखित में कोई शिकायत नहीं दी गई थी। महिला स्वयं भी बेटों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहती थी। बेटों को समझा दिया है, जिससे भविष्य में महिला को कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि पुलिस के सभी कार्य सकारात्मक ही होते हैं, बस सामने वाले के देखने के नजरिया की बात होती है।

### दो दिन में अतिक्रमण हटा लें

**गंज।** क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय पत्रकारों के साथ गंज पुलिस चौकी इंचार्ज को गत दिनों ज्ञापन दिया था, जिसमें बताया गया था कि हल्दौर चौराहे से लेकर बस स्टैंड गंज सहित सब्जी मंडी परिसर में दुकानदारों श्ने सड़क किनारे फड़ लगाकर रास्ते को संकरा कर रखा है, वहीं बस स्टैंड गंज पर रिक्शा, ठेला रेहड़ी वाले व टैंपो वाले सड़कों पर आए दिन जाम लगा देते हैं, जिसमें गंज बस्ती में रहने वाले व गंज से होकर अन्य गांवों में जाने वाले लोगों को परेशानी होती है, कई बार विवाद की स्थिति भी बन जाती है। जिसको लेकर पुलिस चौकी इंचार्ज रोहतास कुमार ने कल बुधवार की शाम पुलिस बल के साथ क्षेत्र में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों व रिक्शा चालकों, ठेला, रेहड़ी वालों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिन में अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों का कहना है कि देखते हैं कि पुलिस की इस चेतावनी का हठी अतिक्रमणकारियों पर क्या असर होता है।

# सेंट मैरी का परिणाम शत-प्रतिशत

## विद्यार्थियों ने रचा सफलता का इतिहास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सेंट मैरी स्कूल का आईएससी की कक्षा 12 एवं 10वीं की परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा।



परीक्षाफल घोषणा के समय विद्यार्थियों सहित उनके माता-पिता एवं प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी, उप-प्रधानाचार्या सिस्टर जैनी, केजी इंचार्ज सिस्टर जिल्सी और सिस्टर एंजेल भी उपस्थित थी। प्रबंधक फादर शाजू ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके अनुशासन, परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। आईएससी 12वीं परीक्षा में सेंट मैरी स्कूल की पीसीएम ग्रुप में छात्रा ख्याति गर्ग ने 99.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। दिव्यांश अहलावत ने 97.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान और मुदित शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। पीसीबी ग्रुप में अनमता खुर्शीद ने 93.5 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, वैभवी वर्मा 84 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान तथा अथर्व गोयल ने 81.5 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कॉमर्स ग्रुप में तन्मय राजपूत ने 93.5 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, भूमि गोयल 90.5 प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया एवं अर्पिता 90.25 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान पर रही।

आईसीएसई 10 वीं की परीक्षा में ध्रुव चहल 98.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, अतिशय जैन 98 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। पार्थ सिंह और वासु जैन ने संयुक्त रूप से 97.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आदित्य खन्ना ने बताया कि आईसीएसई की परीक्षा में कुल 186 विद्यार्थी सम्मिलित हुए और सभी उत्तीर्ण रहे। आईएससी कक्षा 12 की परीक्षा में 55 विद्यार्थी सम्मिलित हुए और सभी सफल रहे।

# अवैध संबंधों के शक में भाई पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ग्राम अब्दुल अजी. जपुर उर्फ डेलपुरा में पारिवारिक कलह और अवैध संबंधों के चलते एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां छोटे भाई ने अपनी भाभी के साथ मिलकर अपने ही बड़े भाई के सिर पर भारी वस्तु से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पीड़ित अर्जुन (31 वर्ष) पुत्र रामकुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि घटना 25 अप्रैल 2026 की रात करीब 12:30 बजे की है। अर्जुन अपने कमरे में सो रहा था, तभी उसके छोटे भाई बहादुर ने अर्जुन की पत्नी योगेश के साथ मिलकर उस पर हमला बोल दिया। पीड़ित के अनुसार, बहादुर और उसकी पत्नी के बीच कथित तौर पर गलत संबंध हैं, जिसका विरोध करने या इसी रंजिश के चलते दोनों ने मिलकर उसके सिर पर किसी भारी चीज से वार किया।

हमले में अर्जुन के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बहादुर उसे जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया।

नगीना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि मामले की जांच उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार को सौंपी गई है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय नगीना**

वाद सं. 5668/2025

शरीफ अहमद पुत्र बुद्धू निवासी ग्राम गोपीवाला, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर, उ.प्र.। **...वादी**

**बनाम**

शमीमा पत्नी नसीम निवासी ग्राम टंडेरा, परगना नूरपुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर, उ.प्र.। **... प्रतिवादी**

धारा-116 उ.प्र. राजस्व संहिता

मौजा-चकहिम्मत सिंह

परगना-बढ़ापुर

उक्त शरीफ अहमद पुत्र बुद्धू निवासी ग्राम गोपीवाला, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर, उ.प्र. ने आपके विरूद्ध इस न्यायालय में उक्त वाद का आवेदन किया है। जिसमें आप प्रतिवादीगण सं. 6 है तथा इस वाद में सुनवाई हेतु तारीख 05.05.2026 नियत की गई है। इसलिए बजरिये इश्तहार आपको सूचित किया जाता है कि यदि आपको इस वाद की सुनवाई हेतु कोई प्रतिवाद पत्र/आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो उक्त दिनांक को प्रात: 10:00 बजे उपस्थित होकर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश करें नियत दिनांक के उपरान्त किसी प्रतिवादपत्र/आपत्ति को सुना नहीं जायेगा और वाद की सुनवाई व उसका निपटारा नियमानुसार किया जायेगा।

नियत दिनांक: 05.05.2026

**पेशकार**
**उपजिलाधिकारी, नगीना**
**जिला बिजनौर।**

## चुनाव कार्यक्रम सूचना

कन्या इण्टर कॉलेज धामपुर (बिजनौर) की प्रशासन योजना के अनुसार चार पदाधिकारी उपाध्यक्ष, प्रबन्धक, उपप्रबंधक एवं कोषाध्यक्ष और सात प्रबन्ध समिति के सदस्यों का चुनाव दि. 28.06.2026 को प्रात: 10:00 बजे विद्यालय भवन में होगा। अत: विद्यालय की साधारण सभा के समस्त सदस्यों से प्रार्थना है कि उक्त तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर चुनाव में सम्मिलित होने का कष्ट करें। जिसमें श्री डॉ. होरी सिंह चौ. बल्देव सिंह उ.मा.विद्यालय बमनौली, धामपुर चुनाव के पीठासीन अधिकारी एवं श्री शरत कुमार प्रधानाध्यापक, राजकीय हाईस्कूल शाहलीपुर नीचल (बिजनौर) पर्यवेक्षक रहेंगे। चुनाव कार्यक्रम निम्न प्रकार है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | साधारण सभा के सदस्यों की अनुमोदित सूची प्रकाशित एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा | 21.06.2026 | प्रात: 10:00 बजे |
| 2 | नामांकन | 22.06.2026 | प्रात: 10:00 बजे से सायं 02:00 बजे तक |
| 3 | नामांकन पत्रों की जांच | 23.06.2026 | प्रात: 10:00 बजे |
| 4 | नाम वापस लेने की तिथि | 24.06.2026 | प्रात: 10:00 बजे से सायं 12 बजे तक |
| 5 | प्रबन्ध समिति के उम्मीदवार पदाधिकारी एवं सदस्यों की सूची का प्रकाशन व नोटिस बोर्ड पर चस्पा। | 25.06.2026 | प्रात: 10:00 बजे |
| 6 | चुनाव यदि आवश्यक हुआ | 28.06.2026 | प्रात: 09:00 बजे से सायं 02:00 बजे तक |
| 7 | चुनाव परिणाम एवं निर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों की घोषणा | 28.06.2026 | सायं 05:00 बजे |

चुनाव कार्यवाही एवं मतदान के लिए सभी सदस्यों को अपना फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना आवश्यक है।

**डॉ. शलभ कुमार अग्रवाल**
**प्रबंधक**
**कन्या इंटर कॉलेज, धामपुर (बिजनौर)**

**डॉ. होरी सिंह**
**पीठासीन अधिकारी**
**कन्या इंटर कॉलेज, धामपुर (बिजनौर)**

# रिश्वत प्रकरण में महिला लेखपाल सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर तहसील क्षेत्र के आंकू ब्लाक की ग्राम पंचायत सेढ़ी में तैनात महिला लेखपाल प्रीति राजपूत का अपने भाई के साथ गांव की दलित बस्ती में भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडर की प्रतिमा लगाने की रिपोर्ट देने के नाम पर ग्राम प्रधान से रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इसका संज्ञान लेते हुए लेखपाल को सस्पेंड कर दिया गया है।

उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने बताया कि आरोपी लेखपाल प्रीति राजपूत को सस्पेंड कर दिया गया है तथा वीडियो के सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है। इस कार्यवाही से तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में महिला लेखपाल प्रीति राजपूत गांव सेढ़ी की दलित बस्ती में भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति स्थापना के नाम पर ग्राम प्रधान से उनके घर में दस हजार रुपए की कथित रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रही है। वीडियो में उसका भाई भी लेन-देन में शामिल नजर आ रहा है। ग्राम प्रधान गोविंद सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार ने लेखपाल को रिश्वत देने की वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने के साथ संबंधित अधिकारियों को भी जेल भेज दिया था। इस वीडियो के आधार पर राजस्व विभाग ने लेखपाल प्रीति राजपूत की रिपोर्ट एसडीएम धामपुर को दी जिस पर एसडीएम स्मृति मिश्रा ने कार्यवाही करते हुए लेखपाल को सस्पेंड कर दिया है और टीम गठित कर वीडियो की जांच एनटी धामपुर और एसएचओ धामपुर को सौंप दी है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं.-23 के सम्पत्ति संख्या-165, 166 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में अनिका गुप्ता पुत्री श्री सुनील कुमार, शुभम्, विपुल पुत्र श्री सुनील कुमार के नाम दर्ज है। अत: अनिका गुप्ता पुत्री श्री सुनील कुमार, शुभम्, विपुल पुत्र श्री सुनील कुमार का नाम निरस्त कर श्री सौरभ मित्तल पुत्र श्री कृष्ण मित्तल व श्रीमती सोनिका मित्तल पत्नी श्री सौरभ मित्तल का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 03 के सम्पत्ति संख्या 262 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में श्रीमती गुरमीत कौर पत्नी सुरेन्द्र सिंह के नाम दर्ज है। अत: श्रीमती गुरमीत कौर पत्नी सुरेन्द्र सिंह का नाम निरस्त कर हरमिन्दर सिंह कालरा पुत्र भगवन्त सिंह व प्रीत सिंह का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

# नशे में धुत दूल्हे के डांस करने से बिगड़ा माहौल

## विवाद के बाद दुल्हन ने ससुराल जाने से किया इंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बैंकेट हॉल में आयोजित शादी समारोह उस समय विवाद का कारण बन गया, जब दूल्हा शराब के नशे में चूर होकर बारात चढ़त के दौरान नाचने लगा। दूल्हे की इस हरकत पर वधू पक्ष के लोगों ने आपत्ति जताई, जिससे दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई और माहौल तनावपूर्ण बन गया।

बताया जा रहा है कि उत्तराखंड के लक्सर क्षेत्र से आई बारात बीती रात निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समारोह स्थल पर पहुंची थी। बारात के स्वागत के दौरान ही दूल्हे ने नशे की हालत में नाचना शुरू कर दिया।

वधू पक्ष के कुछ लोगों द्वारा समझाने का प्रयास किया गया,



लेकिन बात बढ़ते-बढ़ते विवाद में बदल गई।

मौके पर मौजूद गणमान्य लोगों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह स्थिति को संभाला और विवाह की रस्में संपन्न कराई गई। हालांकि, फेरों के बाद जब दुल्हन को पूरे घटनाक्रम की जानकारी मिली, तो उसने अपनी सुरक्षा का हवाला देते हुए ससुराल जाने से साफ मना कर दिया।

इसके बाद दोनों पक्षों के बीच फिर से कहासुनी शुरू हो गई और मामला काफी देर तक उलझा रहा।

करीब छह घंटे तक चली बातचीत के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले जाकर समझौते का प्रयास कराया।

पुलिस के अनुसार इस मामले में अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं दी गई है। फिलहाल दोनों पक्ष आपसी सहमति से समाधान निकालने की कोशिश में जुटे हुए हैं। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## ब्रुश व्यापारी के पुत्र की हृदय गति रूकने से मौत

**शेरकोट।** संगाई से चंद घंटों पहले ब्रुश व्यापारी के पुत्र की हृदय गति रुकने से परिजनों में कोहराम मच गया।

मौहल्ला निवासी ब्रुश व्यापारी के 27 वर्षीय पुत्र कुणाल की बृहस्पतिवार को उसकी सगाई के लिए हरिद्वार जाने के लिए घर में तैयारियां चल रही थीं और सभी एक नए रिश्ते की शुरुआत को लेकर उत्साहित थे। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। सगाई के कुछ घंटे पहले ही कुणाल को अचानक हृदय गति रुकने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस दर्दनाक घटना ने खुशियों को पल भर में मातम में बदल दिया।

कुणाल की अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और घर में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया है।

# बाग मालिक पर हत्या का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम फजलपुर ढाकी निवासी मौहम्मद जाबिर ने चांदपुर निवासी डा. मुनीर खालिद का बास्टा रोड स्थित आम का बाग ठेके पर लिया था। 22/23 मार्च को बाग ठेकेदार मौहम्मद जाबिर की लाश आम के पेड़ से लटकी मिली थी। अब इस मामले में मृतक के भाई मौहम्मद नासिर ने पुलिस को तहरीर देकर जाबिर की हत्या का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

गौरतलब है कि बास्टा रोड स्थित आम के बाग में जाबिर की लाश आम के पेड़ से लटकी मिली थी। उस समय आम की फसल को बारिश से नुकसान होने के बाद बाग छोड़ने की बात चर्चा में आई थी। आरोप है कि बाग मालिक का व्यववहार भी मृतक मौहम्मद जाबिर के साथ अच्छा नहीं था। जिसके चलते जाबिर ने यह कदम उठाया था। हालांकि पुलिस ने मृतक के भाई की ओर से एक माह बाद मुकदमा अपराध संख्या



### एक माह पूर्व पेड़ से लटका मिला था शव

233/2026 धारा 108 बीएनएस में दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी है। इस बारे में डा. मुनीर खालिद कहते है कि यह सब मनघड़ंत कहानी बनाई गई है। मृतक मौहम्मद जाबिर से उनके बहुत अच्छे सम्बंध थे वह भला उसे क्यों परेशान करते। उन्होंने उक्त आरोप गलत और बे बुनियाद बताये है। फिलहाल मामले की पुलिस जांच कर रही है।

### एक नजर

## धामपुर पब्लिक स्कूल में टीकाकरण



**धामपुर।** धामपुर पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए डीपीटी एवं टीडी टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत कक्षा एक, चार, पांच एवं 10 के इच्छुक विद्यार्थियों को टीके लगाए गए। टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से टिंकल रानी एवं कुसुम देवी द्वारा सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से किया गया। इस दौरान सभी आवश्यक सावधानियों का विशेष ध्यान रखा गया। प्रधानाचार्या बबिता गुप्ता ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य हमारे लिए सर्वोपरि है। समय-समय पर इस प्रकार के टीकाकरण से बच्चों को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा मिलती है, इसलिए अभिभावकों को भी इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा एवं सभी विद्यार्थियों को अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

## भामाशाह जयंती धूमधाम से मनाई



**धामपुर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा महान दानवीर भामाशाह जयंती धूमधाम से मनाई गई। संस्था के नगर अध्यक्ष डा. अमित गुप्ता के नेतृत्व में भगत सिंह चौक पर हिंदू समाज के सभी वर्ग मुख्य रूप से वैश्य समाज ने एकत्रित होकर दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं दीप प्रज्वलन किया। अमित गुप्ता द्वारा उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। किस तरह वीर दानवीर भामाशाह ने हल्दीघाटी युद्ध के बाद महाराणा प्रताप की मेवाड़ के राज्य को पुन प्राप्त करने के लिए अपने जीवन में अर्जित सभी धन को अर्पण कर दिया था। ताकि मेवाड़ के 25 हजार सैनिक 12 वर्षों तक लगातार बिना खर्चे की चिंता किए युद्ध लड़ सके। तत्पश्चात 1582 में पुन: मेवाड़ के राज्य पर महाराणा प्रताप का शासन स्थापित हुआ। आज भी दान देने वाले महापुरुषों को भामाशाह की उपाधि दी जाती है। कार्यक्रम में विपुल जैन, सुनील वर्मा, विकास जैन, सुधाकर जैन, पराग अग्रवाल, दिनेशचंद अग्रवाल नवीन, पंकज अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, सुभाष जैन तुषार जैन, मनोज कात्यान सुमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## कृष्णा का एमएससी (भौतिकी) तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमएससी (भौतिकी) तृतीय सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी बिजनौर के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा।

एमएससी तृतीय सेमेस्टर (भौतिकी) की छात्रा मिस्बाह अंसारी ने प्रथम, लक्ष्मीकान्त दहिया ने द्वितीय तथा आरजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई व देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है।

हमारा निरंतर यही प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिलें जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को वे बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग की प्रवक्ता रश्मि वत्सल व शुभांषी वर्मा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# टेलेंट हंट के विजेता सम्मानित

## प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा द्वितीय 'दिशा कौशल कुंभ टेलेंट हंट 2025' में आयोजित परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इंचार्ज अमित कुमार विश्नोई, प्राचार्य डा. दुष्यंत जैन, प्राचार्य फार्मेसी डा. विमल कुमार भारती ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करके घोषित किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। जिसमें हर्ष धीमान पुत्र सुनील कुमार शर्मा (रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, धामपुर)



ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और संस्था प्रबंधन द्वारा 21 हजार रुपए का चैक देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान जितेंद्र सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह (एचसीएम इंटर कालेज, कासमपुर गढ़ी) ने प्राप्त किया एवं उन्हें 11 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। तृतीय स्थान अक्षित चौहान पुत्र ओम कुमार (रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, धामपुर) ने प्राप्त कर 5100/- रुपए का चैक प्राप्त किया। साथ ही अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 100 विशेष सांत्वना पुरस्कार, 200 सांत्वना पुरस्कार एवं स्कूलों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम कोर्डिनेटर ब्रजनेश सिसौदिया, परीक्षा नियंत्रक गौरव मलिक, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हैड डा.समीर अहमद, नरेश पाल सिंह, प्रीति विश्नोई, मोनू कुमार, महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी जीत सिंह एवं शिक्षक व शिक्षिकाएं, डा. एकता मलिक, मधुलिका राजपूत, नाजिश, जितेंद्र कुमार, निधि चौहान, परमजीत कौर, नीशू सिंह, जौली चौहान, राजेश कुगार, रश्मि शर्मा, प्रभात कुमार, जितेंद्र सिंह, मानसी, मंशा अग्रवाल, नमन कौशिक, शिवम कुमार, ललित कुमार, सुनैना, रजत चौहान, संजना राजपूत, अंजली, वैभव कटारिया, आंकाक्षी, तनीषा गौड़, संदीप विश्नोई, विशाल गुप्ता, सचिन कुमार लैब, दिव्यांश अग्रवाल, दीपक कुमार शर्मा, रजनीश कुमार, प्रशांत कुमार, रीतिका शर्मा, सचिन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर

## गुफरान राजा जिला सचिव नियुक्त



**शेरकोट।** भाकियू (भानु) के जिला अध्यक्ष शायान शमसी ने शेरकोट निवासी गुफरान राजा को संगठन का जिला सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के उद्देश्य से की गई है। जिलाध्यक्ष शायान शमसी ने गुफरान राजा से संगठन के पर चलते हुए किसानों के हित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की अपेक्षा जताई। नियुक्ति पर गुफरान राजा ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी मेहनत और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा किसानों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे। इस मौके पर संगठन के कई पदाधिकारी मौहम्मद यावर सईद एड., मौहम्मद अयान, कैप चौधरी, मौहम्मद आमिर उपस्थित रहे।

## शिक्षकों का धरना प्रदर्शन दो को

**चांदपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के आह्वान पर 02 मई को प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर माध्यमिक शिक्षक अपनी प्रांतीय एवं जिला स्तर की समस्त समस्याओं एवं विभिन्न मांगों के पक्ष में धरना देकर ज्ञापन देंगे। संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य पूर्व प्रधानाचार्य हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर विनेश त्यागी ने बताया कि पुरानी पेंषन की बहाली, 22 मार्च 2016 को राजाज्ञा से आच्छादित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ, व्यवसायिक शिक्षकों को सम्मानजनक वेतन, चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 18 एवं 21 को वापसी वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिये समान वेतन आदि मांगों का एक मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया जायेगा। साथ ही जिला स्तर की विभिन्न समस्याओं जिसमें मुख्यत: जी.पी.एफ. धनराशि स्थानांतरण में देरी एनपीएस कटौती के समुचित रख रखाव न होना, लम्बित पदोन्नति प्रकरणों में देरी, शिक्षकों के बकाया भुगतान के सम्बंध में ज्ञापन भी दिया जायेगा। उक्त मांगों को प्रबलता प्रदान करने के लिये श्री त्यागी ने शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्यां में 02 मई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बिजनौर पर समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

## परियोजना का गठन

**बिजनौर।** अधिशासी अभियंता नलकूप खंड ने बताया कि उत्तराखंड राज्य के समीपवर्तीय क्षेत्रों में ग्राम सबलगढ़, विकास खंड-नजीबाबाद के अन्तर्गत इस खंड द्वारा राजकीय नलकूप संख्या:-980 एनजी का निर्माण कर सिंचाईरत कर दिया गया है एवं ग्राम: नारायनवाला, विकास खंड:-अफजलगढ़ के अंतर्गत राजकीय नलकूप संख्या:-983 डीजी का निर्माण कार्य प्रगति में है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य के समीपवर्तीय क्षेत्रों में इस खंड द्वारा 06 नवीन राजकीय नलकूपों के निर्माण के लिए एक परियोजना का गठन किया गया है जो स्वीकृति के लिए उचित माध्यम द्वारा शासन को प्रेषित की जा चुकी है।

# सील बैंकट हॉल में संदिग्ध परिस्थितियों में आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** सील पड़े बैंकट हॉल में संदिग्ध परिस्थितियों आग लग गई। राजस्व विभाग द्वारा बैंकट हॉल पर प्रशासन की सील लगी होने के कारण अग्निशमन दल को आग बुझाने के लिए तब तक मना कर दिया, जब तक प्रशासन द्वारा आकर सील नहीं हटाई जाती।

प्राप्त समाचार के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित जैन पेट्रोल पम्प के निकट पूर्व में अमर बैंकट हाल के नाम से मैरिज हाल था। जिसके स्वामी के विरुद्ध थाना बढ़ापुर में पंजीकृत मुकदमें के सम्बंध में न्यायालय के आदेश पर धामपुर तहसील के तहसीलदार को पर्यवेक्षक नियुक्त कर तहसीलदार द्वारा सील लगा दी गई थी। मामला न्यायालय में विचाराधीन बताया जाता है। आज शेरकोट पुलिस द्वारा दमकल विभाग को घटना के सम्बंध में



सूचित किया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 74 जैन पेट्रोल पम्प के पास स्थित बैंकट हॉल में आग लग गई है।

सूचना के आधार पर दमकल विभाग के यूनिट लीडर सत्यवीर सिंह 14 सदस्य टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। परन्तु विधिक कारणों के चलते फायर ब्रिगेड टीम ने आग बुझाने के लिए तब तक मना कर दिया, जब तक न्यायालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक धामपुर तहसीलदार मौके पर आकर लगाई गई सील को नहीं खोलते हैं।

उधर थानाध्यक्ष ने एसडीएम धामपुर को सूचित करते हुए मामले से अवगत कराते हुए लगी सील को खोलने के लिए पर्यवेक्षक धामपुर तहसीलदार को अनुमति देने की मांग की।

घटना के सम्बंध में बैंकट हॉल स्वामी ने बताया कि उनके भाईयों के विरुद्ध बढ़ापुर थाने में पंजीकृत एक मुकदमे के सम्बंध में गैंगस्टर लगी हुई है। इसी सम्बंध में न्यायालय के आदेश अनुपालन में धामपुर तहसीलदार को पर्यवेक्षक नियुक्त कर इस को सील कर दिया गया था। इसमे सील लगी होने के कारण यह सम्पत्ति खंडहर में तब्दील होती जा रही है तथा उसमें बड़ी बड़ी घास व झुंड उग गए है। फहद ने बताया कि चार मई 2025 को भी अज्ञात कारणो से आग लगी थी। आज पुन: शाम करीब चार बजे अज्ञात कारणो से आग लग गई। जिससे प्रतीत होता है कि कोई हमारा विरोधी रंजिशन पुन: आग की घटना को अंजाम देकर हमें यहां से उजाड़ना चाहता है। सील लगी होने के कारण नुकसान का कोई आंकलन नहीं हो सका। फायर सर्विस से यूनिट इंचार्ज सत्यवीर सिंह, धर्मेन्द्र पवार, राजू कुमार, विनीत कुमार, सोमदेव, सचिन, मोनू, कुमार, राहुल सैनी आदि 14 लोगों की टीम शामिल रही। जबकि शेरकोट पुलिस के उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह राठी मौजूद रहे।

## सिमराह में टीकाकरण शिविर



**धामपुर।** सिमराह इंटरनेशनल स्कूल, धामपुर में मंगलवार को सरकार के दिशा निर्देशों के तहत कक्षा एक के विद्यार्थियों के लिए एकदिवसीय डिप्थीरिया, काली खांसी, टेटनस, कक्षा पांच एवं दस के लिए टेटनस एवं डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, धामपुर के सहयोग से स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी डा. निशी रानी, रेनू चौहान, कोमिता चौहान व विमलेश देवी द्वारा बच्चों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के बाद अभिभावकों की सहमति से टीके लगाए गए। स्कूल प्रशासन ने भी पूरे अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया। टीकाकरण के बाद बच्चों को कुछ समय तक निगरानी में रखा गया, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रधानाचार्य मंसूर खान ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियानों में सभी शिक्षकों व अभिवावकों से सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में रोहित गुप्ता, पल्लवि व समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# बिरसा मुंडा की विरासत को आगे बढ़ाने पर चर्चा

## राष्ट्रीय संगोष्ठी युवा पीढ़ी के हृदय में राष्ट्र प्रेम बढ़ाने में मददगार साबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय एवं उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बिरसा मुंडा: आदिवासी संस्कृति, परम्परा और विरासत के प्रतीक विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के प्रथम दिवस का शुभारंभ विशिष्ट वक्ता प्रो. कृष्णन कांत शर्मा, प्रोफेसर और प्रभारी इतिहास विभाग चौधरी चरण सिंह विश्विद्यालय, मेरठ, डॉ. ब्यूटी गोगई, एकेडमिक कंसल्टेंट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन सेंटर फॉर स्कूल लीडरशिप, नई दिल्ली, मुख्य वक्ता डॉ. राजन लाल, एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग, जेएस




हिंदू कॉलेज अमरोहा, सम्मानित अतिथि श्रीमती स्वाति वीरा महाजन, मैनेजर कुंवर रानी प्रेमा सत्य वीरा कन्या इंटर कॉलेज, एवं सेक्रेटरी रेडियो संदेश 89.6 बिजनौर, प्राचार्या एवं संगोष्ठी समन्वयक प्रो. पारुल त्यागी, सह समन्वयक डॉ. शताक्षी चौधरी, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. दीपा को ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी के द्वारा मां वाग्देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर, पुष्प गुच्छ प्रदान कर एवं शॉल भेंट कर किया गया। इसी क्रम में संगीत विभाग की छात्राओं के द्वारा वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सर्वप्रथम सह समन्वयक डॉ. शताक्षी के द्वारा संगोष्ठी के विषय से सभी को अवगत कराया। इसके पश्चात प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के स्वागत वक्तव्य के साथ हुआ। उन्होंने अपने वक्तव्य में सभी का स्वागत और अभिनंदन किया। इसी के साथ उन्होंने आयोजन समिति एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा साधुवाद दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दो बिरसा मुंडा से संबंधित दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी वर्तमान युवा पीढ़ी के हृदय में राष्ट्र प्रेम एवं समर्पण भाव को बढ़ाने में मददगार साबित होगी। इसके पश्चात ऑनलाइन माध्यम से जुड़े गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय को राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने श्रोताओं को बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़े अनकहे तथ्यों से अवगत कराया और राष्ट्र निर्माण में उनके अद्भुत योगदान की सराहना की। इसके बाद विशिष्ट वक्ता प्रो. शर्मा ने बिरसा मुंडा के शुरुआती जीवन और उनके वैचारिक संघर्ष पर गहराई से चर्चा की।

## स्थापना दिवस पर कार्यक्रम



**धामपुर।** देव मंदिर का 45वां वार्षिक स्थापना दिवस एवं मंदिर के जीर्णोद्धार का चतुर्थ वार्षिक समारोह दो दिवसीय महोत्सव के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित रामचरितमानस के अखंड पाठ सामूहिक पूजन कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में सनातन परिवारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम स्थल भगवान शंकर एवं माता पार्वती सहित सभी देवी देवताओं के सामूहिक उद्घोष से गूंज उठा। श्री राम कथा मर्मज्ञ महंत कैलाश दास जी महाराज के संरक्षण एवं प्रसिद्ध पुरोहित और ज्योतिष आचार्य पंडित रविकांत वशिष्ठ के संयोजन में कॉलोनी के सनातन परिवारों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। जिसके मुख्य यजमान नरेंद्र सिंह चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी युक्ति देवी चौहान रहे। दो दिवसीय कार्यक्रम को प्रभावी रूप में सफलता दिलाने में टीचर्स कॉलोनी के सनातन परिवारों के अलावा धर्म नगरी धामपुर के विभिन्न भागों एवं आसपास की कॉलोनी के श्रद्धालु परिवारों का समर्पित एवं निष्ठा पूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन भंडारे से किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# हाईवे किनारे सो रहे पिता-पुत्री को तेज गति कार ने रौंदा, मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** मेरठ-बदायूं हाईवे पर एक सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत हो गई। मध्यरात्रि में तेज रफ्तार कार ने घर के बाहर चारपाई पर सो रहे दोनों को कुचल दिया। पुलिस ने कार और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है।

थाना जुनावई क्षेत्र के गांव दुवारी कलां में हुई सलीम (38) व उसकी बेटी अलशिफा (07) मेरठ बदायूँ हाईवे पर घर के बाहर चारपाई पर सो रहे थे। रात करीब सवा बारह बजे बदायूं नंबर की एक तेज रफ्तार कार ने सलीम और उनकी बेटी अलशिफा को टक्कर मार दी। कार ने चारपाई को टक्कर मारने के बाद बिजली के खंभे और एक ई-रिक्शा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। तेज धमाके की आवाज सुनकर परिवार और गांव के लोग जाग गए। चालक ने मौके से भागने का प्रयास किया,लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची घायल पिता-पुत्री को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों ने परिजनों को बताया कि उनकी मौत काफी देर पहले हो चुकी थी। थाना प्रभारी धीरज सिंह ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई थी दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है कार और चालक पुलिस हिरासत में हैं। हालांकि परिजनों की ओर से अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

**0 पुलिस ने दोनों शव को पीएम के लिए भेजा**

## अंधड़ और बारिश के साथ ट्रिपिंग ने भी जमकर किया परेशान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सांय हुई बारिश और आँधी ने बड़ी राहत प्रदान की लेकिन इसी के साथ बिजली की बार-बार ट्रिपिंग ने दुश्वारियां पैदा की। देर रात तक ट्रिपिंग का यही हाल रहा।



सम्भल। बिजली समस्या के विरोध में धरना-प्रदर्शन करते भाकियू असली कार्यकर्ता।

# बिजली समस्याओं पर गरजे किसान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** किसानों की बिजली समस्याओं के विरोध में भाकियू असली के कार्यकर्ता अधिशासी अभियंता के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। कड़ाके की गर्मी में धरने पर बैठे किसानों को अधिशासी अभियंता से आशवासन मिलने पर धरने को स्थगित कर दिया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड सम्भल पर दोपहर 12 बजे भाकियू असली के कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। प्रर्दशन कर रहे भाकियू कार्यकर्ताओं ने किसानो की फसलों की सिंचाई को शासनादेश अनुसार 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग ज़ोर-शोर से की। जबकि पंचायत में ईस्ट वन व नोर्थ फीडरो पर रोजाना दो, तीन घंटे बिजली की उपलब्धता पर भारी रोष व्याप्त किया। लगभग तीन बजे अधिशासी अभियंता विद्युत व उप खंड अधिकारी किसानो के बीच में पहुंचे। अधिशासी अभियंता ने दोनों फीडरो पर कल से 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने व जर्जर लाईनों को बदलने के आश्वासन मिलने पर धरना स्थगित कर दिया। पंचायत की अध्यक्षता असरार व संचालन जयवीर यादव ने किया। पंचायत में मुख्य रूप से चौधरी संजीव गांधी, राजपाल सिंह यादव, दिलशाद,डा. जावेद, वसीम, रामवीर सिंह, अनीस, जीशान, हफीज, सरदार मुकेश सिंह, अर्जुन सिंह, बिरमचारी यादव, गुडडू चौधरी, नबाब सिंह, मुशाहिद, कुंवरपाल सिंह व फाजील आदि शामिल रहे।

**0अधिशासी अभियंता से किसानों को भरोसा मिलने पर धरने को किया गया स्थगित**

# प्रगणकों को सेवा भाव की दिलाई शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) हेतु प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरूवार को सफेलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन 1570 नामित कार्मिकों में से 1504 कार्मिकों ने सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की, जबकि 66 प्रशिक्षु अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 66 कार्मिकों के विरुद्व सम्बन्धित विभागों को आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही को अपर जिलाधिकारी द्वारा पत्र भेजा गया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस विभिन्न व्यावहारिक सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें फील्ड विजिट के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा क्षेत्र में जाकर वास्तविक मकानों की पहचान की गई तथा मकान सूचीकरण से संबंधित प्रश्नावली का ऑनलाइन माध्यम से अभ्यास कराया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को डेटा संकलन की प्रक्रिया, मोबाइल एप के उपयोग, तथा सटीक एवं त्रुटिरहित प्रविष्टि के महत्व के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। तहसील सम्भल में उपजिलाधिकारी निधि पटेल द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। तथा तहसील चन्दौसी में उपजिलाधिकारी नीतू रानीने निरीक्षण में उपस्थित होकर आवश्यक जानकारी भी प्रदान की। वहीं गुन्नौर में उपजिलाधिकार विकास चन्द्र, एवं अनिल कुमार मौर्य, जिला प्रभारी, जनगणना द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रों की व्यवस्था का जायजा लेते हुए सभी कार्मिकों को भारत की जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन और अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं सेवा भाव जिम्मेदारी के साथ करने की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप वर्मा ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान का समुचित उपयोग करते हुए मकान सूचीकरण का कार्य पूरी ईमानदारी, सतर्कता एवं लगन के साथ सम्पन्न किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। साथ ही, यह भी निर्देशित किया गया कि राज्य क्षेत्र हेतु अधिसूचित 07 मई, 2026 से 21 मई, 2026 तक निर्धारित 15 दिवस की अवधि के दौरान अधिक से अधिक नागरिकों को स्व-गणना के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिससे जनगणना प्रक्रिया को अधिक सुगम, सटीक एवं प्रभावी बनाया जा सके तथा समय की बचत हो। विदित है कि जनपद सम्भल में कुल 116 बैचों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, जिसमें से 20-23 अप्रैल, 2026 तक कुल 36 बैचों का प्रशिक्षण एवं 28-30 अप्रैल, 2026 तक कुल 34 बैचों का प्रशिक्षण पूरा हो गया है। आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम 34 बैचों में 04-06 मई, 2026 तक आयोजित किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी (वि/रा), सम्भल द्वारा सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने को निर्देशित किया जबकि अन्यथा कि दशा में कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी।

# श्रीकल्कि ही कलियुग में तारनहार

**0श्रीकल्कि के शीघ्र प्राकटय को की प्रार्थना**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत माँदुर्गा यज्ञ मिं सत्ताईस साधक साधिकाओ ने भाग लिया और श्रीकल्कि के शीघ्र प्राकटय, विश्व शान्ति व भारत राष्ट्र की समृद्वि को प्रार्थना की।

आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली के निर्देशन में शिव गोरख मंदिर समिति द्वारा आयोजित माँदुर्गा व श्रीकल्कि स्तवन की मासिक शुक्ल पक्ष चर्तुदशी के पांच सौ इक्यावन वें श्रीकल्कि पधारो धरती पर अठ्ठारह कुन्डी यज्ञ पूजन के बाद यज्ञाचार्य डा. नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा कि जिस प्रकार सतयुग के अधिपति प्रभु सत्यनारायण और संचालक देवर्षि नारद जी है। त्रेता के अधिपति प्रभु श्रीराम व युग संचालक महर्षि विश्वामित्र जी है। द्वापर के अधिपति प्रभु श्रीकृष्ण व युग संचालक महर्षि परशुराम जी है। उसी तरह कलियुग में तारणहार प्रभु श्रीकल्कि व युग संचालक महा योगेश्वर गोरखनाथ जी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा की जैसे देश की सरकार जिस दल की होती है। राष्ट्र की प्रगति को सारे अधिकार भी उसी दल के पास रहते हैं। ठीक वैसे ही कलियुग में तारने, सुधारने, संवारने और भूमि का भार उतारने के सारे अधिकार भगवान श्रीकल्कि के पास ही है जो शीघ्र सम्भल की धरती पर अवतरित होने वाले है। उन्होने कहा कि यह सिद्व हो जाता है। कि कलियुग में श्रीकल्कि की भक्ति,साधना पूजा पाठ ही भक्तजनों के कल्याण का सर्वोत्तम साधन है। इस मौके पर अन्ना सैनी सूरज पाल यादव राज कपूर राहुल श्री भीकम सरन राघव सैनी नितिन सैनी साधना जिला प्रमुख आनंद सैनी लाला भूकन सरन यशवर्धन मनोज श्रीमाली रुद्रांश श्रीमाली सूर्याश श्रीमाली अश्विनी श्रीमाली रामवीर शर्मा कैलाश चन्द्र कृष्णा मोहन जितेन्द्र गुप्ता सहित समिति सभी पदाधिकारी व महिला मंडल की रुकमनी देवी सुनिता देवी नीरज श्रीमाली लक्ष्मी श्रीमाली आरती श्रीमाली रिया श्रीमाली आंचल श्रीमाली शिवम श्रीमाली सलोनी देवी राखी देवी पूजा श्रीमाली आदि साधक साधिकाए उपस्थित रहे।



सम्भल- कल्कि भगवान के शीघ्र प्राकटय को प्राथना करते साधक-साधिकाएं।

# हिजामं की ओर से भगवान बुद्ध जयंती पर साहित्यकार किए जाएंगे सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच की बैठक में 3 मई रविवार को प्रात: काल 9:00 बजे से आर्य समाज मंदिर संभल में भगवान बुद्व जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर व्यंग्यकार एवं कवि अतुल कुमार शर्मा द्वारा संपादित पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा और कवि सम्मेलन आयोजित होगा तथा दूरदराज से आए साहित्यकारों का सम्मान एवं भगवान बुद्व को समर्पित विचार गोष्ठी आयोजित होगी।

हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने गूगल मीट एप पर ऑनलाइन बैठक के माध्यम से सर्वसम्मत तय किया कि आगामी 3 मई रविवार को सम्भल के आर्य समाज मंदिर में भगवान बुद्व जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर कवि एवं व्यंग्यकार अतुल कुमार शर्मा द्वारा संपादित दो पुस्तकों सोमसिंधु एवं साहित्य श्रेय का विमोचन किया जाएगा। तथा कार्यक्रम में आए हुए सभी साहित्यकारों का सम्मान कार्यक्रम के साथ-साथ भगवान बुद्व को समर्पित विचार गोष्ठी आयोजित होगी। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने मंच के सभी सदस्यों से कार्यक्रम संबंधी विस्तृत रूपरेखा को रेखांकित किया। संचालन, सज्जा, स्वागत, भोजन सहित अनेक व्यवस्थाएं संगठन के सदस्यों को सौंपी। बैठक में रूपाली गुप्ता, ज्योति गुप्ता, उमेश श्रीमाली, सुबोध कुमार गुप्ता, सुमन लता शर्मा, मीनू रस्तोगी अरुण कुमार अग्रवाल, राजेंद्र सिंह गुर्जर, श्यामशरण शर्मा, शुभ्रा गुप्ता, अंकुर रस्तोगी, शालिनी रस्तोगी, शलभ रस्तोगी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता नेहा मलय ने की संचालन भरत मिश्रा ने किया।

**0आर्य समाज मंदिर में बुद्ध को समर्पित विचार गोष्ठी, कवि सम्मेलन का होगा आयोजन**

## दस हज़ार की बढ़ोत्तरी हज यात्रियों पर ज़ुल्म: वसी अशरफ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हज यात्र को लेकर हाजियों पर 10 हजार रुपये अतिरिक्त किराया बढ़ाए जाने को लेकर उलेमाओं की टिप्पणियां सामने आने लगी है। जबकि अचानक किराया बढ़ोत्तरी करने पर नाराजगी भी तेज हो गयी है। पूर्व जिला हज ट्रेनर मौलाना वसी अशरफ ने इस फैसले को सरासर जुल्म और नाइंसाफी करार देते हुए हज कमेटी आफ इंडिया और सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होने कहा कि हाजियों से 7-8 महीने पहले ही पूरी रकम ले ली गई थी और उसी समय फ्लाइट टिकट व अन्य व्यवस्थाएं फाइनल कर दी गई थीं। इसके बावजूद अचानक ज़ायरीनों पर 10 हजार रुपये का बोझ डालना समझ से परे है। उनका आरोप है कि यह फैसला फ्लाइट कंपनियों की मांग के बाद लिया गया, लेकिन इसका भार हाजियों पर डाल दिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास का नारा देने वाली सरकार को हाजियों के साथ हो रहे इस कथित अन्याय पर हस्तक्षेप करना चाहिए। मौलाना ने कहा कि आम मुस्लिम परिवार जीवनभर बचत करके हज यात्र पर जाता है।

# तेज अंधड़ से खेतों में खड़ी फसलें हुई चौपट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अचानक बदले मौसम ने लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत तो पहुंचायी, परन्तु लेकिन किसानों के लिए सर दर्द बन गयी। तेज आंधड़ के साथ छाए बादलों से जहां तापमान में भारी गिरावट आई वहीं मौसम भी बड़ा सुहाना हो गया। जबकि अंधड़ के चलते अनहोनी की आशंका से बिजली आपूर्ति बाधित हुई।जबकि कई स्थानों पर पेड़ गिरने से यातायात भी प्रभावित हुआ।

भयंकर गर्मी के कारण लोग बैचेन है और आसमान की तरफ टकटकी लगाए देखते है। जबकि गर्मी से राहत पाने को ईश्वर से दुआएं मांग रहे हैं। गुरूवार को अचानक बेमौसम बारिश ने जनमानस को बड़ी राहत प्रदान की लेकिन दूसरी ओर किसानों की मुश्किलें पैदा कर दी। खेतों में खड़ी तेज आंधी के चलते फसलें गिर गईं। इससे न केवल उत्पादन और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होने की सम्भावना है वहीं किसान की अथक मेहनत पर संकट फिरता देख किसान चिंतित हैं।

## देर दोपहर बादल छाने से मिली बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अप्रैल माह ने मई जून जैसी भयंकर गर्मी का अहसास करा दिया। तापमान अधिक होने के कारण लोग भयंकर गर्मी से जूझ रहे हैं। एक दिन पूर्व बूँदा-बांदी से कुछ राहत जनमानस को मिल सकी थी। जबकि तापमान में भी मामूली गिरावट महसूस हुई थी। लेकिन कड़क धूप ने फिर शरीर को झुलसाकर रख दिया था। मौसम विभाग के अनुसार गुरूवार हवा और बूँदा-बांदी से कुछ राहत मिलने के आसार जताये थे। लेकिन दोपहर तक गर्मी से शरीर को झुलसाकर रख दिया था। तपती जमीन और शरीर को झुलसा रही गर्मी से सांय करीब पाँच बजे बादलों के छाने और सूरज के छिप जाने से राहत महसूस हुई।

# अरूणा गुप्ता चुनी गई बृज रतन सुन्दर आर्य कन्या इंटर कॉलेज की प्रबंधक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बृज रतन सुन्दर आर्य कन्या इंटर कॉलेज के प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न हो गया। चुनाव प्रक्रिया में निर्वतमान प्रबंधक को एक बार फिर प्रबंधक की कमान मिली।

गुरूवार को बृज रतन सुन्दर आर्य कन्या इंटर कॉलेज के प्रबंध कार्यकारिणी के चुनावी प्रक्रिया करायी गयी। चुनाव अधिकारी दीपक आर्य की देखरेख में आयोजि चुनावी प्रक्रिया में निर्वतमन प्रबंधिका अरूणा गुप्त को पुन: प्रबंध चुना गया जबकि संजय सिंह को उपाध्यक्ष और भोले सिंह त्यागी को उप प्रबंधक चुना गया। इसके अलावा अरविंद सक्सेना को मंत्री और साहू राजीव गुप्ता को उपमंत्री चुना गयां जबकि दीपेन्द्र आर्य कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा साहू विजयपाल सरन, साहू नवदीप गुप्ता प्रवीण वर्मा,अनिता अग्रवाल, बालेश कुमार और संजना गुप्ता,डा. सपरा, तथा उर्मिला अनुरागी को सदस्य चुना गया। सुशील कुमार भगत जी पदेन अध्यक्ष रहेंगे।

**0चुनाव अधिकारी दीपक आर्य की देखरेख में सम्पन्न हुई चुनावी प्रक्रिया**

## जमीनी विवाद में इंसाफ के लिए भटक रही विधवा महिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** थाना कैलादेवी क्षेत्र के ग्राम खिरनी निवासी सावित्री देवी पत्नी घनश्याम के पति का निधन तीन अप्रैल को हो चुका है। पति की मृत्यु के बाद से ही उनके देवर और भतीजे जमीन के बंटवारे को लेकर उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़िता के अनुसार,संबंधित भूमि गाटा संख्या 573,574 और 576 में स्थित है,जिस पर परिवार के अन्य सदस्यों का भी अधिकार है। सावित्रे देवी का कहना है कि उन्होंने इस मामले की शिकायत थाना कैलादेवी और खिरनी चौकी में लिखित रूप से दी,लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता का आरोप है कि चौकी पुलिस उन्हें ही धमकाने का काम कर रही है,जिससे उनका मानसिक उत्पीड़न और बढ़ गया है। लगभग 5 माह पूर्व भी शिकायत की गई जिसमें खिरनी पुलिस चौकी पर बैठकर फैसला किया गया था।

# मज़दूर देश की रीढ़ की हड्डी

**0विश्व मजदूर दिवस पर विशेष**

मुजफ्फर हुसैन

**सम्भल।** मजदूर को देश के लिए रीढ़ की हडडी के समान होता है। क्योंकि मजदूर के बिना विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती मजदूर ने ही अपने खून-पसीने से देश और दुनिया के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. किसी भी देश, समाज, संस्था और उद्योग के विकास में मजदूरों, कामगारों और मेहनतकशों की अहम भूमिका होती है। मजदूरों और कामगारों की वजह से ही आज दुनियाभर के देशों में विकास हुआ है। मजदूर का मतलब हमेशा गरीब से नहीं होता हैं, मजदूर वह ईकाई हैं, जो हर सफलता का अभिन्न अंग हैं, फिर चाहे वो ईंट गारे में सना इन्सान हो या ऑफिस की फाइल्स के बोझ तले दबा एक कर्मचारी, हर वो इन्सान जो किसी संस्था के लिए काम करता हैं और बदले में पैसे लेता हैं, वो मजदूर हैं। हमारे समाज में मजदूर वर्ग को हमेशा गरीब इन्सान समझा जाता है। धूप में मजदूरी करने वालों को ही हम मजदूर समझते है। इसके विपरीत मजदूर समाज वह अभिन्न अंग है। जो समाज को मजबूत व परिपक्व बनाता है, समाज को सफलता की ओर ले जाता है। मजदूर, श्रमिक को सम्मान देने के लिए मजदूर दिवस मनाया जाता है.मजदूर दिवस का विशेष महत्व्व है। मगर अफसोस मजदूर दिवस पर सरकारी मशनरी हो या फिर स्वयं सेवी संस्थाएं। पसीना बहाकर मजदूरी करके अपने घर चला रहे और परिवार का पालन-पोषण कर रहे मजदूरों को मजदूर दिवस पर भुलाया रखा जाता है। जबकि होना चाहिए कि मजदूर दिवस पर श्रम विभाग की ओर से जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन कर मजदूरों के हित में चलने वाली योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनका सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मान करना चाहिए।

## गर्मी के साथ मच्छर कर रहे नींद हराम

**सम्भल।** जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है वैसे ही नगर वासी बच्चो के आतंक को झेलने के लिए मजबूर है जबकि नगर पालिका की ओर से अभी फॉगिंग का दूर-दूर तक अता-पता नहीं है,जबकि जरूरत है पूरे शहर व कोने-कोने में फागिंग कराए जाने की। मौसम में आए भारी परिर्वतन से नगर में मच्छरो को साम्राज्य स्थापित हो गया है। बंद पड़े नाले व नालियो से मच्छरो की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर वासी मच्छरो के आतंक से बचने के लिए भारी पैसा खर्च करना पड़ रहा है।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों का टीकाकरण करती एएनएम।

### विद्याकुंज में बच्चों का हुआ टीकाकरण

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में आज कक्षा 1 और कक्षा 5 के विद्यार्थियों का गलाघोंटू, काली खांसी, टेटनस, खसरा जैसी बीमारियों से बच्चों के बचाव हेतु टीकाकरण करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अतुल गोयल ,कपिल गोयल ,कार्तिक गोयल आदि उपस्थित रहे।रीना बंसल (ऐनम बबराला) तथा उनकी सहयोगी ममता (आशा आंगनबाड़ी)ने बच्चों का टीकाकरण किया और इस बीमारी के कारण और निदान की जानकारी भी बच्चों को दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा विनीता अग्रवाल, सोनल शर्मा, मीनल अशोक, मीनाक्षी मिनोचा ,रीता कमल, सीमा सिसोदिया ,श्वेता गुप्ता, अंजली,शवनाज, वर्तिका ,समीक्षा ,नेहा, कुमकुम ,अपूर्वा, खुशी, अमित आदि उपस्थित रहे।

### एक युद्ध नशे के विरुद्ध चलाएगी कैमिस्ट एसोसिएशन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** केमिस्ट एसोसिएशन में एक युद्व नशे के विरुद्व अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत प्रत्येक मेडिकल पर नशे के विरुद्व पोस्टर लगाने, किसी भी केमिस्ट पर नशीली दवाओं की बिक्री न करने, शिडयूल एक्स एच, एवं एच 1 की दवाइयां केवल डाक्टर की पर्ची पर देने का संकल्प और शपथ लेने देने का अभियान प्रारंभ करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से तय किया।

शर्मा मेडिकोज पर संपन्न हुई बैठक में केमिस्ट एसोसिएशन के कार्य अध्यक्ष राहिल भारतीय ने कहा कि शासन प्रशासन की मंशा के अनुरूप केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा एक युद्व नशे के विरुद्व अभियान चलाया जाएगा। जिसके अनुसार नगर एवं ग्रामीण अंचल में केमिस्ट बंधुओं के साथ बैठक करके शासन प्रशासन की मंशा से अवगत कराया जाएगा। केमिस्ट एसोसिएशन के सुबोध पाल, शाहनवाज आलम, नसीम, अतुल त्यागी, प्रिय रत्न आर्य, अनिल कुमार अग्रवाल, हेमंत वार्ष्णेय, अजय कुमार शर्मा, अभिजीत पॉल, श्यामशरण शर्मा आदि ने नगर के अनेक मेडिकल पर पहुंचकर 'मानस नेशनल नारकोटिक्स' हेल्पलाइन 1933 अंकित किया हुआ पोस्टर लगाया। केमिस्ट बंधुओं के साथ चर्चा करते हुए प्रशासन की गाइडलाइन का पूर्णत: पालन करने का संकल्प लिया।

# डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में गन्ना सर्वेक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** डीएसएम शुगर रजपुरा, सम्भल में गन्ना सर्वेक्षण को प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सम्भल के जिला गन्ना अधिकारी, वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, गन्ना समिति रजपुरा के सचिव एवं चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) सहित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में गन्ना विकास विभाग के अधिकारी, आईटी हेड, मुख्य गन्ना प्रबंधक, समिति के सुपरवाइजर एवं फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे। इस दौरान गन्ना सर्वेक्षण की प्रक्रिया, डेटा संकलन, जीपीएस आधारित सर्वे तथा ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने सर्वेक्षण कार्य को समयबद्व एवं शत-प्रतिशत सटीकता के साथ पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि गन्ना सर्वेक्षण किसानों एवं मिल प्रबंधन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराएं। कार्यक्रम के अंत में यूनिट हेड उपेन्द्र तौमर ने सभी उपस्थित कर्मचारियों से गन्ना सर्वेक्षण कार्य को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न करने का आहवान किया, जिस पर सभी ने संकल्प लिया। साथ ही सभी किसान भाइयों से अनुरोधा किया गया कि वे गन्ना सर्वेक्षण के दौरान अपने-अपने खेतों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि सर्वे कार्य सही एवं सुचारु रूप से संपन्न हो सके। इसके अतिरिक्त किसानों से यह भी अपील की गई कि वे अपना ऑनलाइन घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से भरें। नए सदस्य बनाने की प्रक्रिया 1 मई से 30 सितंबर तक चलेगी तथा उपज बढ़ोतरी से संबंधित रसीदें भी इसी अवधि (1 मई से 30 सितंबर) के बीच काटी जाएंगी।

**0किसान अनिवार्य रूप से भरें ऑन लाइन घोषणा पत्र**

शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

# छात्रा की आत्महत्या मामले में प्रताड़ना का आरोपी युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने एक छात्रा की आत्महत्या के मामले में प्रताड़ित करने के आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मृतका के पिता ने बिहार के सीतामढ़ी निवासी युवक चंदन पर प्रताड़ना, मारपीट और धमकी के आरोप लगाए थे। सीतामढ़ी निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि छह महीने पहले परिवार के साथ दिल्ली आने के दौरान ट्रेन में उनकी मुलाकात चंदन से हुई। एक ही जिले के होने से परिचय बढ़ा और आरोपी युवक ने उन्हें ग्रेटर नोएडा स्थित अपने कमरे पर ठहरने के लिए कहा। इस दौरान आरोपी ने उनका और पुत्री का नंबर ले लिया। कुछ समय बाद आरोपी ने बेटी को पढ़ाई के लिए नोएडा बुलाने का सुझाव दिया और अच्छे कॉलेज में दाखिला दिलाने का भरोसा दिलाया था। आरोपी ने निजी कॉलेज में करवाया नामांकन: पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने ही नॉलेज पार्क स्थित एक निजी कॉलेज में उनकी बेटी का डिप्लोमा कोर्स में नामांकन कराया और रहने की व्यवस्था की। करीब पांच महीनों से वह आरोपी की देखरेख में ही रह रही थी। जब उसे पता चला कि उनकी पुत्री गांव के एक युवक से बात करती है तो उसके साथ मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। पीड़ित पिता का कहना है कि 21 अप्रैल की रात बेटी ने फोन कर बताया कि आरोपी ने युवक से बात नहीं करने की धमकी दी है। इसके बावजूद 25 अप्रैल की शाम युवक से बात करने पर आरोपी ने उसका मोबाइल छीन लिया और धमकाया कि उसका निजी फोटो-वीडियो वायरल कर देगा।

## सम्बंध-विच्छेद

मेरे पुत्र गडडू की शादी अनुशा जहाँ पुत्री अली मौ. नि. नगलिया बल्लू तह. चन्दौसी थाना बनियाठेर हाल नि. लोनी गाज़ियाबाद के साथ करीब दो वर्ष चार माह पूर्व हुई थी।वह मनी मजारा निकट बस स्टेट चण्डीगढ़ पंजाब में रह रही है।मैने अपने पुत्र व पुत्र वधू की गलत हरकतों से तंग आकर अपने सम्बंध समाप्त कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।अब वह अपने किसी कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मै व मेरा परिवार नहीं।

**मुहम्मद नबी पुत्र शफी मुहम्मद**
नि. दतावली मार्ग के पास हयात नगर तह. व जिला सम्भल हाल नि. मनी मजारा निकट बस स्टैंड चण्डीगढ़ पंजाब।

# मोबाइल फोन को लेकर पति-पत्नी में हुआ विवाद गुस्से में आकर पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के मझोला थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया है, गंभीर हालत में महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।जानकारी के अनुसार, मझोला थाना क्षेत्र के खुशहालपुर इलाके में रहने वाली ज्योति पत्नी विनीत का गुरुवार की सुबह अपने पति से मोबाइल फोन को लेकर विवाद हो गया।बताया जा रहा है कि यह विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि महिला ने आवेश में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया।घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। महिला की हालत बिगड़ती देख परिजन घबरा गए और पति विनीत ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल उपचार शुरू कर दिया।डॉक्टरों के अनुसार, महिला की हालत नाजुक बनी हुई है, हालांकि उसे बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल उसे निगरानी में रखा गया है।वहीं, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मामले की जानकारी जुटाने में लगी है। शुरुआती जांच में मामला पारिवा. रिक विवाद का सामने आया है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।इस घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि छोटी-छोटी बातों को लेकर बढ़ते पारिवारिक तनाव किस तरह गंभीर रूप ले लेते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों में संवाद और समझदारी बेहद जरूरी है, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।



# एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में इंटर हाउस डांस प्रति. में छात्राओं ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

**मुरादाबाद।** सिविल लाइन स्थित एसएस चिल्ड्रन एकेडमी गर्ल्स स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय डांस दिवस के अवसर पर इंटर हाउस डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जूनियर से लेकर सीनियर कक्षाओं तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने शास्त्रीय, लोक और आधुनिक नृत्य शैलियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। रंग-बिरंगी वेशभूषा और आकर्षक भाव-भंगिमाओं के साथ प्रस्तुत किए गए नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रत्येक प्रस्तुति पर तालियों की गूंज से पूरा विद्यालय परिसर उत्साह से भर उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. मृदुला अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य दीपांशी अग्रवाल एवं मैनेजर डॉ. साधना अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की छिपी प्रतिभा को मंच मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यालय स्टाफ भी उपस्थित रहे।

पूरे आयोजन ने विद्यालय में सांस्कृतिक उत्साह और रचनात्मकता को नई पहचान दी तथा छात्राओं के भीतर कला के प्रति रुचि को और प्रोत्साहित किया।

## एक नजर

### महानगर मेंआईसीएसई कक्षा 10 और आईएससी कक्षा 12 के परिणाम घोषित, स्कूलों में रहा जश्न का माहौल



**मुरादाबाद।** आईसीएसई कक्षा 10 और आईएससी कक्षा 12 के परिणाम घोषित होते ही महानगर के विभिन्न विद्यालयों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्कूल परिसरों में जश्न का माहौल देखने को मिला। शिक्षक और प्रधानाचार्यों ने सफल छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।परिणाम सामने आते ही छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। कई विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। विद्यालयों में एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला देर तक चलता रहा। जानकारी के अनुसार, शहर के दिल्ली रोड स्थित स्प्रिंगफील्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट स्तर पर जिले में प्रथम स्थान हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने खुशी जताते हुए इसे छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम बताया।प्रधानाचार्यों ने विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और निरंतर प्रयास करते रहें। कुल मिलाकर इस वर्ष का परिणाम शहर के लिए गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक रहा।

### डीआईजी की अध्यक्षता में आयोजित हुई अपराध समीक्षा बैठक, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर दिया गया जोर



**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस उप-महानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज जी की अध्यक्षता में आयोजित अपराध समीक्षा गोष्ठी में प्रतिभाग किया। यह बैठक परिक्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें जनपदों की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में विशेष रूप से आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों, ऑपरेशन कन्विक्शन, पोक्सो एवं महिला अपराध, साइबर अपराध और मिशन शक्ति जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि महिला एवं बाल अपराधों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर भी जोर दिया गया।वरिष्ठ अधिकारियों ने त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। निरोधात्मक कार्यवाही, प्रचलित अभियानों की प्रगति और अनावरण को शेष अभियोगों के शीघ्र निस्तारण पर भी चर्चा हुई। उच्चाधिकारियों से प्राप्त लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए।बैठक में स्पष्ट किया गया कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों से कहा गया कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर जनता से संवाद बनाए रखें और शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता बरतें। इस दौरान परिक्षेत्र के सभी जनपदों के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाना तथा जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना रहा।

# जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में यूपी बोर्ड टॉपर्स का हुआ सम्मान, 27 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सोमवार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में किया गया, जहां टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 27 मेधावी छात्र-छात्राओं को फूल-माला, मिठाई और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे ने विद्यार्थियों की सफलता को पूरे जिले के लिए गौरवपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करते रहने और ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा और वित्त एवं लेखा अधिकारी राकेश कुमार मौर्य भी मौजूद रहे। उन्होंने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक, प्रधानाचार्य और अभिभावक भी उपस्थित रहे। सभी ने मेधावी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और गर्व से भरा रहा, जहां विद्यार्थियों के चेहरों पर सफलता की खुशी साफ झलक रही थी।

# श्रमिक दिवस पर सेंट मीरा अकादमी में आयोजित हुआ सम्मान समारोह कार्यक्रम, कर्मचारियों का बढ़ाया उत्साह

**मुरादाबाद।** दिल्ली रोड स्थित सेंट मीरा अकादमी में श्रमिक दिवस के अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के ग्रुप डी कर्मचारियों को उनके समर्पण और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों को मिष्ठान, पुष्प और स्मृति चिन्ह देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, गीत और लघु नाटिका के माध्यम से श्रमिकों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और श्रम के प्रति सम्मान का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।विद्यालय की प्रबंधिका अक्षरी प्रकाश ने अपने संबोधन में श्रमिकों को समाज की रीढ़ बताते हुए कहा कि उनके बिना किसी भी संस्था का सुचारु संचालन संभव नहीं है। उन्होंने सभी से श्रमिकों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता बनाए रखने की अपील की।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की और उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।कुल मिलाकर, यह आयोजन श्रमिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने का एक सराहनीय प्रयास रहा।




# टिमिट में एमबीए और बी-कॉम फाइनल ईयर के छात्रों के लिए भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट में एमबीए और बी-कॉम फाइनल ईयर के छात्रों के लिए 'फेयरवेल पार्टी' का भव्य और यादगार आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम परिसर रंग-बिरंगी रोशनी, संगीत और छात्रों की खुशियों से गूंज उठा।कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, डांस, म्यूजिक और फैशन शो से हुई, जिसने पूरे माहौल को जीवंत और उत्सवमय बना दिया। छात्रों ने न सिर्फ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया बल्कि मंच पर अपनी छिपी हुई क्षमताओं को भी उजागर किया। इस अवसर पर विभिन्न आकर्षक उपाधियों से छात्रों को नवाजा गया। एमबीए में पर्व जैन और ईशिका वर्मा को मिस्टर और मिस फेयरवेल, वीर और युक्ति को मिस्टर और मिस परफॉर्मर, सागर और शीतल को स्पार्क ऑफ द ईवनिंग, अभय और मोनिका को मिस्टर हैंडसम और मिस ब्यूटीफुल, कैफ और आस्था को मिस्टर और मिस एटायर, दक्ष और अनुभा को मिस्टर और मिस फैबुलस, तथा वसंत को मिस्टर वर्सेटाइल चुना गया।बी-कॉम में संभव जैन को मिस्टर फेयरवेल, श्रद्धा रस्तोगी को मिस फेयरवेल, आद्यंत श्रेष्ठ को मिस्टर वर्सेटाइल, वैष्णवी शर्मा को मिस वर्सेटाइल, विनय चौधरी को मिस्टर पर्सनैलिटी, साध्वी रेहजा को मिस पर्सनैलिटी, काव्य मित्तल को मिस्टर चार्मिंग, अक्षरा तोमर को मिस चार्मिंग, कृष्ण शर्मा को मिस्टर एलीगेंट और दिव्यानी गुप्ता को मिस एलीगेंट के खिताब से सम्मानित किया गया।









इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, "आज का यह दिन केवल फेयरवेल का नहीं, बल्कि आपके जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। आज आप जिस आत्मविश्वास, ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ विदा हो रहे हैं, वह दर्शाता है कि आप न केवल एक अच्छे विद्यार्थी रहे हैं, बल्कि समाज के जिम्मेदार, कर्मठ और विचारशील नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर हैं।"उन्होंने कहा कि टिमिट हमेशा आपके इस शानदार सफर की यादों को संजो. कर रखेगा। आप जहां भी जाएं, अपनी शिक्षा, संस्कार और आत्मबल से संस्थान का नाम रोशन करें। यह फेयरवेल एक नई उड़ान का मंच है और आप सभी उस उड़ान के नायक हैं।प्रो. जैन ने साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों, छात्र आयोजकों और पूरी टीम को दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया। यह कार्यक्रम न केवल एक आयोजन बल्कि एक सुनहरी याद बनकर सभी के दिलों में बस गया। छात्रों ने अपने साथियों और शिक्षकों के साथ खुशी के पल साझा किए और कॉलेज के दिनों को याद कर भावुक भी हुए। टिमिट परिवार ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें हमेशा आगे बढ़ने और सफलता की नई ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित किया।

### बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के छात्रों ने अपनी कला का किया प्रदर्शन, बनाया भव्य पोस्टर

मुरादाबाद।महानगर में बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के छात्रों ने अपनी कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए भगवान बुद्ध का एक भव्य और विशाल पोस्टर तैयार किया। इस रचनात्मक कार्य में छात्र ध्रुव और प्रिंस ने विशेष भूमिका निभाई, जिन्होंने कला प्रभारी डॉक्टर नवनीत गोस्वामी के नेतृत्व में इस आकर्षक पोस्टर को साकार किया।पोस्टर में भगवान बुद्ध के जीवन, उनके उपद. शों और शांति, करुणा तथा अहिंसा के संदेश को बेहद सुंदर ढंग से दर्शाया गया। छात्रों की मेहनत और समर्पण इस कृति में साफ झलक रहा था, जिसे विद्यालय परिसर में प्रदर्शित किया गया और सभी ने इसकी सराहना की।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर सुदेश भटनागर ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां केवल कला प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि विद्यार्थियों को महान व्यक्तित्वों के जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर भी प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के विचार आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं और विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।विद्यालय के अन्य शिक्षक मेजर शिव कुमार और राजीव कुमार पाठक ने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की रचनात्मक गति. विधियां विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं और उन्हें नई दिशा देती हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी ने छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे भी ऐसे रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



# एडम एंड ईव स्कूल के छात्रों ने आई एस सी ई परीक्षा में लहराया परचम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एडम एंड ईव स्कूल के विद्यार्थियों ने आईएससीई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और शहर का गौरव बढ़ाया है। इस वर्ष घोषित परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया।विद्यालय की मेधावी छात्रा फलाह नाज ने 95% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। फलाह ने सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह सफलता अर्जित की। वहीं हुदा रहमान शम्सी ने 87.2% अंकों के साथ दूसरा स्थान तथा नौशीन इस्लाम ने 85.6% अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।विद्यालय के अन्य छात्रों ने भी परीक्षा में सराहनीय प्रदर्शन किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने बताया कि छात्रों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। अभिभावकों ने भी विद्यालय के शैक्षणिक माहौल और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। विद्यालय में इस उपलब्धि पर मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। प्रबंधन ने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



# महिलाओं को राजनीति में भागीदारी देना स्वागत योग्य कदमः कमाल अख्तर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने विधानसभा की कार्यवाही के दौरान नारी शक्ति वंदन (महिला आरक्षण) बिल पर बोलते हुए भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि वर्ष 2011 में यह बिल संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में सर्वसम्मति से पारित हुआ, उस समय देश के प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा था कि पहले जनगणना कराई जाएगी और उसके बाद ही इस बिल को लागू किया जाएगा, लेकिन अब जब देश में चुनावी माहौल बन रहा है तो भाजपा 2011 की जनगणना के आधार पर महिला आरक्षण लागू करने की बात कर रही है, जो पूरी तरह विरोधाभासी और राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश है, उन्होंने सवाल उठाया कि जब उत्तर प्रदेश में खुद भाजपा सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर पंचायत चुनाव नहीं करा रही है तो केंद्र सरकार उसी आधार पर महिला आरक्षण लागू करने की बात कैसे कर सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को राजनीति में भागीदारी देना स्वागत योग्य कदम है लेकिन केवल आरक्षण देने से वास्तविक



सशक्तिकरण संभव नहीं होगा, जब तक महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर ठोस कार्य नहीं किया जाता, तब तक यह अधूरा ही रहेगा, कहा कि आज भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करती है जबकि सच्चाई यह है कि वर्ष 2017 के बाद से महिलाओं के खिलाफ अपराधों के आंकड़े लगातार बढ़े हैं, इसके विपरीत समाजवादी पार्टी की सरकार के समय महिलाएं अधिक सुरक्षित महसूस करती थीं, उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए अलग और स्पष्ट प्रावधान किए जाएं ताकि हर वर्ग की महिलाओं को समान अवसर मिल सके। उन्होंने सामूहिक विवाह योजनाओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता सीधे लाभार्थी महिलाओं के खातों में जांच के बाद ट्रांसफर की जानी चाहिए ताकि सार्वजनिक मंचों पर राशि वितरण के दौरान महिलाओं को अपमान या असहजता महसूस न हो, अंत में उन्होंने कहा कि समा. जवादी विचारधारा हमेशा महिलाओं के सम्मान, अधिकार और बराबरी के साथ खड़ी रही है। और आगे भी इसी दिशा में मजबूती से संघर्ष जारी रहेगा।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र सलमान पुत्र स्व० मौ० यासीन को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में सलमान के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
**श्रीमती सुमेरा पत्नी स्व0 मौ0 यासीन** निवासी गली नं0-1, सरकारी क्वार्टर, साबुन फैक्ट्री के पास, थाना कटघर, तह.व जिला मुरादाबाद।
**मोबाईल नंम्बर**-9997211914

**खोया-पाया सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2023-2024 अनुक्रमांक 1246080/097 की अंकतालिका व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जिस किसी सज्जन को मिलें निम्न पते पर सूचित करें।
**इमादउद्दीन सिद्दीकी पुत्र श्री मौहम्मद खुर्शीद सिद्दीकी नि० मौहल्ला किसरौल थाना नागफनी, जिला मुरादाबाद।**
**मोबाइल नं०** 9927606236

# अचानक आई आंधी से बिजली हुई गुल पेड़ गिरने पर यातायात भी बाधित

**कांठ ( शाह टाइम्स )** अचानक आई आंधी से क्षेत्र की बिजली गुल हो गई और कहीं कहीं गिरे पेड़ों की वजह से यातायात भी बाधित हुआ सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पेड़ों को हटवा कर यातायात सुचारु कराया। दिन पूरी तरह ढला भी नहीं था कि अचानक हवा ने रफ्तार पकड़ ली और हवा की रफ्तार इतनी तेज हुई के खेतों पर खड़े पेड़ झुकने लगे। आंधी के कारण रास्तों के किनारे धूल के गुबार उठने लगे इससे वाहन चालकों को अपना सफर पूरा करने में दिक्कत पडनी शुरू हो गई। कुछ ही देर बाद अंधेरा छा गया और वाहनों की लाइट भी जल गई तभी खूंटखेड़ा से आगे एक पेड़ सड़क पर गिर गया जिसकी वजह से यातायात रुक गया सूचना मिलते ही कांठ पुलिस मौके पर पहुंच गई और पेड़ को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारू कराया इसके अलावा भी कई जगहों पर पेड़ गिरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिल पाई थी।





# विदेश भेजने के नाम पर ठगी, कुवैत में पति को बनाया बंधक, पत्नी कार्रवाई के लिए लगा रही चक्कर



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पति से विदेश भेजने के नाम पर पैसे हड़प लिए और वहां जाकर पता चला की नौकरी नहीं लगी है और वहां उसे बंधक बनवाकर प्रताड़ित किया जाने लगा पति ने सूचना दी तो पीड़िता कार्रवाई के लिए अधिकारियों चक्कर लगा रही है। शबाना पत्नी नौशाद निवासी सिकंदराबाद का कहना है कि गांव के सददन आदि कुछ लोगों ने उसके पति को कुवैत कतर दुबई बहरीन आदि देशों में नौकरी दिलाने के सपने दिखाकर जाल में फंसा लिया और दिसंबर 2025 में उसको बहला फुसलाकर पासपोर्ट और जरूरी दस्तावेज ले लिए कहा 50 हजार दो तेरा पासपोर्ट लगवा कर कुवैत की वीजा लगवा देंगे। उसने उक्त लोगों को रुपए दे दिए महिला का कहना था कि उक्त लोग उसे अन्य सपने दिखाकर और पैसों की मांग करने लगे और एक दिन उसके पति को कुवैत भेज दिया वहां पहुं. चने के तीन दिन बाद से ही उसके पति द्वारा इन लोगों से शिकायत करने पर उसे बंधक बना लिया गया और अब उसका फोन भी वहां पर नहीं उठाया जा रहा है। पीड़िता शिकायत लेकर उनके घर पहुंची तो उन्होंने धक्के देकर घर से भगा दिया और कहा कि अगर पंगा लिया तो तेरा पति जिंदा नहीं लौटेगा। पीड़िता उक्त लोगो के खिलाफ कार्रवाई के लिए दर-दर भटक रही है लेकिन उसकी सुनवाई कहीं पर नहीं हुई आज पीड़िता तहसील पहुंची और पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए और उनसे ठगे 1लाख 90 हजार की रकम भी वापस दिलाई जाए।

# 7 मई से शुरू होगी स्व-जनगणना नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव व ईओ रजनी सिंह ने की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद में आगामी 7 मई से प्रारंभ होने जा रही स्व-जनगणना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने की, जबकि अधिशासी अधिकारी (ईओ) रजनी सिंह भी मौजूद रहीं। इस दौरान नामित सभासदों एवं निर्वाचित सभासदों के साथ जनगणना प्रक्रिया, जागरूकता अभियान और नागरिक सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने कहा कि स्व-जनगणना एक महत्वपूर्ण अभियान है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करेंगे। इससे आंकड़ों की पारदर्शिता बढ़ेगी और सरकारी योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए इस प्रकार की बैठकें और संबंधित कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाएंगे।

ईओ रजनी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि स्व-जनगणना की प्रक्रिया नागरिकों को स्वयं अपने मोबाइल फोन के माध्यम से पूरी करनी होगी। इसके लिए संबंधित पोर्टल या एप पर जाकर परिवार और व्यक्तिगत विवरण भरना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि समय रहते अपनी जानकारी सही-सही दर्ज करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में नामित सभासदों में मनोज ठाकुर, श्रीकांत गुप्ता, दिनेश प्रजापति तथा जनता द्वारा चुने गए सभासदों में दानवीर शर्मा, अभिषेक पाण्डेय, मोनू सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सभी ने अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

# एसएम कॉलेज में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की जांच टीम पहुंची

**चन्दौसी।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में गुरुवार को विश्वविद्यालय की गठित जांच टीम एस.एम. कॉलेज महाविद्यालय पहुंची। टीम ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव से मुलाकात कर विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली। विश्वविद्यालय की ओर से भेजी गई टीम में प्रो. चारु मेहरोत्रा (प्राचार्या, गोकुलदास महिला महाविद्यालय, मुरादाबाद), प्रो. योगेन्द्र सिंह (प्राचार्य, एम.जी. एम. कॉलेज, संभल) व प्रो. मुक. ेश बाबू (हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद) सम्मिलित रहे। उन्होंने निर्धारित बिंदुओं के तहत महाविद्यालय की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने कॉलेज के भू-भाग, संपत्ति और वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी जुटाई। निरीक्षण के दौरान टीम ने महाविद्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए चारों ओर बने ढांचे और दुकानों का भी जायजा लिया। जानकारी के अनुसार एस.एम. कॉलेज के आसपास लगभग 65 दुकानें निर्मित हैं, जिनसे प्रतिमाह किराया प्राप्त होता है, हालांकि वर्तमान में यह किराया कॉलेज फंड में जमा नहीं हो रहा है। जांच टीम ने एस. एम. लॉ कॉलेज का भी निरीक्षण किया, जो उसी गाटा संख्या की भूमि पर निर्मित बताया गया। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि कॉलेज की कुछ भूमि पर खेती की जा रही है। टीम ने लॉ कॉलेज के स्टाफ से भी बातचीत कर पूर्व स्थिति के बारे में जानक. ारी ली, जिसमें बताया गया कि पहले परिसर में स्टाफ आवास बने हुए थे, जिन्हें कुछ वर्ष पूर्व ध्वस्त कर दिया गया। एस.एम. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय की वास्तविक स्थिति जानने के लिए यह जांच कराई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महाविद्यालय की गाटा संख्या एक ही है और उसी भूमि पर विभिन्न इकाइयां संचालित हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार इस जांच का उद्देश्य महाविद्यालय की संपत्तियों, उपयोग और व्यवस्थाओं का सत्यापन करना है, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने की धारा 18 व 21 बहाल करने की मांग, माध्यमिक शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन भेजकर उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 में शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों की सेवा सुरक्षा से संबंधित धारा 18 व 21 को बहाल करने की मांग की है।प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने ज्ञापन में कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा 18 एवं 21 को शामिल नहीं किया गया है। इससे शिक्षकों व प्रधानाचार्यों को प्राप्त सेवा सुरक्षा समाप्त हो गई है। धारा 21 के हटने से प्रदेश का शिक्षक समाज आक्रोशित और चिंतित है।उन्होंने बताया कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का संचालन प्रबंध तंत्र द्वारा किया जाता है। कई बार प्रबंध तंत्र निजी हितों को प्राथमिकता देकर शिक्षकों का शोषण करते हैं। वेतन अवरुद्ध करना, वेतन वृद्धि रोकना, निलंबित करना या सेवा समाप्ति की कोशिश जैसे मामले सामने आते हैं। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए 1982 के अधिनियम में धारा 21 जोड़ी गई थी, जो शिक्षकों को सेवा सुरक्षा देती थी।जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि धारा 18 के तहत यदि 60 दिनों तक प्रधानाचार्य की नियुक्ति नहीं होती है तो विद्यालय के वरिष्ठतम शिक्षक की तदर्थ पदोन्नति हो जाती है। नई अधिनियम में यह प्रावधान हटने से प्रधानाचार्य पद रिक्त रहने पर शिक्षण कार्य बाधित होने की आशंका है।महासंघ ने मांग की है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा 18 व 21 तथा इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 की धारा 16 जी 3 एवं धारा 18 से 21 को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 में जोड़कर शिक्षकों व प्रधानाचार्यों को पूर्व की भांति सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए।

# 10 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी पकड़ा

**भोजपुर।** बुधवार को हेड कांस्टेबल अजेन्द्र तोमर और मनीष कुमार ने मुखबिर की सूचना पर भोजपुर के मोहल्ला धर्मपुर आंगा के बाहर पुलिया के पास बाग की तरफ छापा मारा। वहां अवैध कच्ची शराब का धंधा कर रहे तोही पुत्र तस्लीम निवासी भोजपुर को रंगे हाथों हिरासत में लिया। उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर चालान कर दिया गया।

# जमीन बंटवारे को लेकर घर में घुसकर मां-बेटे को पीटा, चार पर केस दर्ज

भोजपुर (मुरादाबाद)। थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में चार लोगों ने घर में घुसकर महिला और उसके बेटे को लाठी-डंडों से पीट दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।पीड़िता ने बताया कि 27 अप्रैल शाम करीब 5 बजे जमीन बंटवारे को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद गांव के ही फारूख पुत्र मुबारक, शहादत पुत्र मुबारक, बारिश पुत्र अतीक और जाहिद पुत्र अतीक गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए। आरोप है कि चारों ने उसे और बेटे नौशाद को लाठी-डंडों से पीटा। महिला के सिर में खुली चोट आई है।पुलिस ने घायल मां-बेटे का मेडिकल परीक्षण कराकर चारों आरोपियों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मां-बेटी से मारपीट में बेटे-बहू पर केस अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**भोजपुर ( मुरादाबाद )।** इलाके के गांव गनीमतनगर में घर निर्माण के दौरान उड़ी मिट्टी को लेकर विवाद में बेटे-बहू ने मां और बहन को पीटकर घायल कर दिया।

वहीं, पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।मिट्टी उड़ने पर बेटे-बहू ने मां को पीटा गनीमतनगर निवासी महिला ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को तहरीर दी। महिला का आरोप है कि 29 अप्रैल सुबह 9 बजे मकान निर्माण के दौरान मिट्टी उड़कर बेटे दिनेश और बहू पिंकी के आंगन में चली गई। सफाई की बात कहने पर दोनों गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर बेटे-बहू ने उसे और बेटी कुसुमलता को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाइक सवार महिला से सरेराह बदमाश ने छीना पर्स

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के मनकरा मोड़ के पास नवविवाहिता से बाइक सवार बदमाश उसका पर्स छीनकर फरार हो गया है, पुलिस को दी,तहरीर में पीड़िता ने बताया उसके पर्स मे सोने के कुंडल और 15हजार रूपये रखे थे। रामपुर शहजाद नगर बूझपुर मंझरा निवासी चुन्नी लाल पत्नी क्रांति के साथ बाइक से बुधवार शाम चंद्रपुरा कला जा रहा था मंनकरा मोड के पास पीछे से आ रहा बाइक सवार युवक ने पत्नी की गोद मे रखा उनका पर्स छीनकर हाइवे पर मुरादाबाद की ओर भाग गया है। पर्स में 15 हजार रूपये रखे थे।सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाईवे पर लगे सीसी टी वी कैमरे चेक करने सुरु कर दिए है,

जिससे कि पुलिस को बदमाश की पूरी जानकारी मिल सके, इस पर एस एच ओ मूंढापांडे मोहित चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर बदमाश की तलाश की जा रही है। इस मामले का पुलिस जल्द खुलासा करेगी।

## बारातियों से मारपीट, गाड़ियों में तोड़फोड़

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के जलपुरा गांव में एक शादी समारोह के दौरान दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। उन्होंने बारा. तियों के साथ मारपीट की, कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की और पथराव किया। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। आरोप है कि गाड़ियों को विशेष समुदाय को निशाना बनाकर तोड़ा गया। यह घटना सेंट्रल नोएडा के ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव में हुई। कोंडली से आई बारात में सूरजपुर निवासी योगेंद्र अपने परिवार के साथ शामिल हुए थे। उन्होंने अपनी गाड़ी सड़क किनारे खड़ी की थी। जब वे वापस लौटे, तो जलपुरा गांव के दर्जनों दबंगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। बारातियों को लाठी-डंडों से पीटा गया, जिससे कई लोगों के सिर में गंभीर चोटें आईं। सड़क पर खड़ी अन्य गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। योगेंद्र ने बताया कि उनके बेटे के सिर में गंभीर चोट लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने काफी देर तक सड़क पर हंगामा किया और पत्थरबाजी की, जिससे कई आम लोग भी घायल हुए और सड़क जाम हो गई। योगेंद्र के अनुसार, आरोपियों ने केवल हिंदू समुदाय की गाड़ियों को निशाना बनाया, खासकर उन गाड़ियों को जिन पर देवी-देवताओं की तस्वीरें थीं। उन्होंने हमलावरों पर गले से ज्वेलरी लूटने का भी आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित दीपक ने ईकोटेक 3 थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड एवं पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम तसलीम बेग सहवन दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही नाम **मिर्जा तसलीम बेग** है। भविष्य में मुझे **मिर्जा तसलीम बेग** के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मिर्जा तसलीम बेग पुत्र स्व० रईस बेग नि० मकान नंबर 120 आजाद नगर एमडीए कॉलोनी संभल रोड, जिला मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू0डि0 ) महोदय, मुरादाबाद।**
**उत्तरा० वि० वाद संख्या:** 32/2025
**तारीख पेशी:** 07.05.2026

सचिन भार्गव **बनाम** महिमा भार्गव आदि।
सचिन भार्गव आयु लगभग 36 वर्ष पुत्र अशोक कुमार भार्गव निवासी मौहल्ला घोसीपुरा कांठ, मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

1. महिमा भार्गव पुत्री अशोक कुमार भार्गव निवासी मौहल्ला घोसीपुरा कांठ मुरादाबाद, 2. सपना भार्गव पुत्री अशोक कुमार भार्गव पत्नी हरीश चन्द्र निवासी पुरानी पैठ बनियाखेडा छाता मथुरा।
3. **जनता आम-प्रतिवादीगण।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा सचिन भार्गव हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा सचिन भार्गव मुसबफा चित्रा भार्गव अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.1,00,000/- हरगाह मुसम्मा सचिन भार्गव ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 07 मास 05 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू० डि० ), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू. डि. ) एफटीसी महोदय, मुरादाबाद।**
**इजरा संख्या:-** 09 **सन्** 2017
**तारीख पेशी:** 01.05.2026

शिवस्वरूप सिंह पुत्र छिददन सिंह निवासी ग्राम फतेहपुर विश्नोई, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद। **वादी/डिक्रीदार।**

**बनाम**

1. अनीस आदि, 4/1. श्रीमती शमीमा आयु लगभग 38 वर्ष पत्नी स्व० भोलू, 4/2. कु० शना आयु लगभग 22 वर्ष पुत्री भोलू, 4/3. कु० सानिया आयु लगभग 21 वर्ष पुत्री भोलू, 4/4. कु० राजमीन आयु लगभग 18 वर्ष पुत्री भोलू, 4/5. कु० नाजिया आयु 15 वर्ष नाबालिग पुत्री स्व० भोलू, 4/6. कु0 मुन्नी आयु 13 वर्ष नाबा. लिग पुत्र स्व० भोलू, 4/7. अरमान आयु 08 वर्ष नाबालिग द्वारा संरक्षिको शमीना सगी माता सभी निवासीगण ग्राम फतेहपुर विश्नोई, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।

**निर्णीतऋणीगण / विपक्षीगण**

यह कि वादी डिक्रीदार द्वारा एक इजरा सं0-9/2017 योजित की गयी है उक्त इजरा केस में निर्णीत ऋणी नं0-4 भोलू की मृत्यु हो गयी है आप 4/1 से 4/7 तक स्व० भोलू के कानूनी वारिसान है उक्त केस/इजरा में दिनांक 01.05.2026 नियत की गयी है।

आपको सूचित किया जाता है कि आप नियत दिनांक 01.05.2026 को स्वयं या अपने वकील द्वारा उपस्थित हो अन्यथा आपको विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत पक्षकार बनाया जायेगा। आज दिनांक 30. 04.2026 को यह सम्मन जारी किया गया।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू0 डि0 ) /एफ0टी0सी0, मुरादाबाद।**

# टीएमयू के पैरामेडिकल कॉलेज और सिल्वर लाइन लेबोरेट्रीज, दिल्ली के बीच एमओयू साइन



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महाव. ीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के ऑप्टोमेट्री विभाग की ओर से सिल्वर लाइन लेबोरेट्रीज इंडिया, नई दिल्ली के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग-एमओयू साइन हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य स्टुडेंट्स को अकाद. मिक शिक्षा के संग-संग उन्नत क्लीनिकल प्रशिक्षण, कॉन्टैक्ट लेंस एवम् विजन केयर तकनीकें, इंटर्नशिप, संयुक्त शोध परियोजनाएं, कार्यशालाएं और स्किल डवलपमेंट, उद्योग-अकादमिक सहयोग, रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक अनुभव प्रदान करना है। टीएमयू की ओर से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन और सिल्वर लाइन लेबोरेट्रीज इंडिया की ओर से निद. ेशक श्री गगन दीप साहनी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एओयू के तहत राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों की ओर से वर्कशॉप, सेमिनार, हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग, क्लीनिकल केस स्टडी, कॉन्टैक्ट लेंस स्किल डवलपमेंट प्रोग्राम होंगे, जिससे स्टुडेंट्स को नवीनतम तकनीकों और प्रैक्टिकल स्किल्स की जानकारी मिलेगी। साथ ही दोनों संस्थान अपने विशेषज्ञ प्रोफेसर्स, वैज्ञानिकों एवम् तकनीकी विशेषज्ञों के आदान-प्रदान के साथ प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षण अवसंरचना एवम् तकनीकी संसाधनों का साझा उपयोग करेंगे। इस मौके कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्राचार्य प्रो., नवनीत कुमार,ऑप्टोमेट्री के एचओडी डॉ. राकेश कुमार यादव, एसोसिएट डीन एकेडमिक्स प्रो. अमित कंसल, श्री सौरभ सिंह बिष्ट, जबकि सिल्वर लाइन की ओर से ऑप्टोमेट्रिस्ट्स- श्री विकास बरिया, श्री सुनील अरोड़ा, श्री रजा आदि उपस्थित रहे।

## ईरान ने एशियन बीच गेम्स में पुरुषों का सॉकर खिताब जीता

**सान्या, वार्ता।** दुनिया की नम्बर 5 टीम ईरान ने बुधवार को ओमान को 6-2 से हराकर छठे एशियन बीच गेम्स में अपना तीसरा पुरुषों का बीच सॉकर टाइटल जीता।

ईरान को 1-0 की बढ़त लेने में सिर्फ 49 सेकंड लगे, जिसमें गोलकीपर सैयदमोहम्मद दास्तान ने एक शानदार लॉन्ग-रेंज वॉली से बराबरी तोड़ी। पहले पीरियड के आखिरी मिनट में, दावूद शोक. री और मोवाहेद मोहम्मदपुर ने एक-एक गोल किया, जिससे ईरान को पहले ब्रेक तक 3-0 की बढ़त मिल गई।

दूसरे पीरियड के शुरुआती मिनट में सलीम सौती अब्दुल्ला ने ओमान के लिए एक गोल किया, लेकिन मोहम्मदपुर ने दो मिनट बाद ही ईरान के लिए चौथा गोल कर दिया। दोनों टीमों ने कई मौके बनाए और गंवाए, जिससे ओमान आखिरी पीरियड में 4-1 से पीछे चल रहा था। ईरान कंट्रोल में रहा क्योंकि शोकरी और अली मिरशे. कारी ने आखिरी पीरियड के बीच में दो और गोल किए, इससे पहले ओमान के सामी बुलुशी ने एक सांत्वना गोल किया। ईरानी नेशनल ओलंपिक कमेटी के सेक्रेटरी जनरल महदी अलीनेजाद ने देश की मजबूत बीच सॉकर टीम पर गर्व से बात की। अलीने. जाद ने कहा, वे बहुत अच्छे हैं और कई बार वर्ल्ड कप में हिस्सा ले चुके हैं। एशिया में, वे नम्बर वन हैं, और दुनिया में, वे टॉप पांच में हैं। ईरान के कप्तान हसनब मोख्तारी ने कहा, हमने अच्छा फाइनल खेलाद्ध हम इस इवेंट में ताकतवर हैं। हमारे पास अनुभवी खिलाड़ी हैं, और इसीलिए हम टाइटल जीत सके।

## गुजरात ने बेंगलुरु को 155 पर ऑलआउट किया

### अरशद खान ने झटके 3 विकेट, पडिक्कल ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए

**अहमदाबाद,वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएलमें गुरुवार को गुजरात टाइटंस को 156 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु 19.2 ओवर में 155 रन पर आलआउट हो गई।

जवाबी पारी में गुजरात ने एक ओवर में बिना नुकसान के 12 रन बना लिए हैं। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल क्रीज पर हैं। गिल ने भुवनेश्वर के पहले ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही बेंगलुरु की ओर से कोई बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका। बेंगलुरु के देवदत्त पडिक्कल ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। विराट को.



रबाड़ा की गेंद पर कोहली का कैच लेने के बाद राशिद खान को गले लगाते रबाड़ा।

हली 28 और कप्तान रजत पाटीदार 19 रन बनाकर आउट हुए। अरशद खान ने 3 विकेट झटके। जेसन होल्डर और राशिद खान को 2-2 विकेट मिले। सिराज-रबाडा को एक-एक विकेट मिला।

एक बैटर रनआउट हुआ। बेंगलुरु की टीम 19.2 ओवर में 155 रन पर ऑलआउट हो गई। 20वें ओवर की पहली बाल पर अरशद खान ने वेंकटेश अय्यर को साई सुदर्शन के हाथों कैच आउट कराया। अगली ही बाल पर जोश हेजलवुड रनआउट हो गए। 18वें ओवर में अरशद खान की बाल पर वेंकटेश अय्यर की कोहनी पर लगी। अय्यर शार्ट लेंथ बाल पर क्रास खेलना चाहते थे, लेकिन चूक गए और बाल उनकी कोहनी पर जा लगी। इसी ओवर की चौथी बाल पर भुवनेश्वर ने चौका लगाया। यहां बेंगलुरु की पारी में 23 गेंद के बाद बाउंड्री आई है। 17वें ओवर में जेसन होल्डर ने महज 3 रन दिए। उनकी बाल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। एक रन लेग बाई से आया। 15वें ओवर की पहली बाल पर जेसन होल्डर ने रोमारियो शेफर्ड को साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया। उन्होंने शेफर्ड को 5वीं बार पवेलियन भेजा। होल्डर ने जितेश शर्मा द्धएक रनञ्ज को भी आउट किया। 14वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने राशिद खान की बाल पर दो छक्के लगाए। ओवर की आखिरी बाल पर राशिद खान ने देवदत्त पडिक्कल को कैच आउट कराया। उन्होंने पडीक्कल को 5वीं बार आउट किया है। पडिक्कल 40 रन बनाकर आउट हुए। 10.3 ओवर में अरशद खान ने क्रुणाल पंडञा को आउट कर दिया। मिडिल और लेग पर पड़ी गेंद को क्रुणाल ने फ्लिक किया, लेकिन मिड-विकेट पर खड़े जेसन होल्डर ने एक और आसान कैच लपक लिया। होल्डर का यह मैच में तीसरा शानदार कैच रहा। 9.4 ओवर पर राशिद खान ने टिम डेविड को आउट कर आरसीबी को बड़ा झटका दिया। डेविड ने मिड-विकेट की ओर शाट खेला, लेकिन जेसन होल्डर ने दाईं ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया।

### खेल विशेष

#### ब्रिटेन के जैक ड्रेपर घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन के जैक ड्रेपर घुटने की चोट के कारण अगले महीने होने वाले फेंच ओपन सहित बाकी क्ले कोर्ट सीजन में नहीं खेल पाएंगे। 24 साल के जैक ड्रेपर को जून के ग्रास कोर्ट सीजन में वापसी की उम्मीद है, लेकिन तब तक वह लगभग निश्चित रूप से दुनिया के टॉप 100 खिलाड़ियों से बाहर हो जाएंगे। ड्रेपर ने इस महीने की शुरुआत में बार्सिलोना में सीजन के अपने एकमात्र क्ले कोर्ट मैच से अपने दाहिने घुटने में टेंडन की समस्या के कारण रिटायरमेंट ले लिया था। इसके बाद उन्होंने मैड्रिड और रोम में लगातार दो एटीपी 1000 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया, लेकिन उम्मीद जताई कि वह फेंच ओपन के लिए फिट हो जाएंगे।

#### भारत का क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे से मुकाबला

**हॉर्सेंस ( डेनमार्क ), वार्ता।** भारत की पुरु बैडमिंटन टीम गुरुवार को नॉकआउट ड्रॉ की घोाणा के बाद बीडब्ल्यूएफ थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे से भिड़ेगी। 2022 की चैंपियन टीम ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने कनाडा (4-1) और ऑस्ट्रेलिया (5-0) पर शानदार जीत के साथ पहले ही अंतिम आठ में जगह पक्की कर ली थी, लेकिन बुधवार को चीन से 3-2 से करीबी हार के साथ अपना ग्रुप स्टेज खत्म किया। चीनी ताइपे के लिए क्वार्टरफाइनल तक का रास्ता बहुत मुश्किल था। उन्हें मेजबान डेनमार्क के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप सी मुकाबले में बहुत मुश्किल स्थिति में धकेल दिया गया था, जहां उन्हें मुकाबले में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। दबाव के बावजूद, वे नाटकीय तरीके से जीत हासिल करने में कामयाब रहे।

#### पीजीडीएवी की जीत में चमके आर्यन व अंकित

**नई दिल्ली, वार्ता।** आर्यन शर्मा (131) के उम्दा शतक और अंकित कुमार (55 रन और 5 विकेट) के शानदार आलराउंड प्रदर्शन से पीजीडीएवी कॉलेज (प्रात:) ने जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज को 93 रनों से हराया। तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती टी-20 डे-नाईट इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में पीजीडीएवी कॉलेज (प्रात:) ने पहले बल्लेबाजी कर 20 ओवर में 5 विकेट पर 272 रन बनाए। इसके जवाब में जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज की टीम 16-1 ओवर में 179 रन पर आल आउट हो गई। उसकी तरफ से लोकेश बेनिवाल ने105 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। अंकित कुमार को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। एक अन्य लीग मैच में पीजीडीएवी ब्लू ने पीजीडीएवी (सांध्य) को 91 रनों से हराया। पीजीडीएवी ब्लू ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 240 रन बनाए। राहुल बाग ने 92, लक्षय बंसल ने 78 रन बनाए। प्रबाल सचदेव ने 57 रन पर 4 विकेट चटकाए। इसके जवाब में पीजीडीएवी (सांध्य) की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन ही बना सकी।

## ऑरेंज कैप फिर हुई अभिषेक की

**मुम्बई, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिोक शर्मा ने राजस्थान रॉयल्स (आआर) के आक्रामक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को पछाड़ कर ऑरेंज कैप पर कब्जा कर लिया है।

बुधवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के दो बल्लेबाज 400 रनों का आंकड़ा पार कर उनसे आगे निकल गए। 24 गेंदों पर 45 रन बनाने वाले अभिोक शर्मा और हाइनरिक क्लासन, जिन्होंने 30 गेंदों पर नाबाद 65 रन बनाए, अब तालिका में क्रमशघ् नम्बर 1 और 2 पर हैं। अभिोक के 425, क्लासन के 414 और सूर्यवंशी अब 400 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं, इसके बाद केएल राहुल और विराट कोहली हैं, जो इस सीजन में 350 रन पार करने वाले अन्य खिलाड़ी हैं, और सात अन्य बल्लेबाज भी 300 से अधिक रन बना चुके हैं। पर्पल




कैप तालिका में ईशान मलिंगा इस सीजन में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए कल मुम्बई इंडियंस खिलाफ 1/29 का आंकड़ा दर्ज किया। उनका शिकार सूर्यकुमार यादव बने। मलिगा अब 15 विकेट के साथ सबसे आगे हैं।

और पर्पल कैप पर उनका कब्जा है उनके पीछे आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार, आरआर के जोफ आर्चर और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज हैं, जिनके 14-14 विकेट हैं। इसके बाद 13 विकेट के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिस यादव और गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा हैं।

## RR के खिलाफ अपनी उम्मीदों को बनाए रखने उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स

**जयपुर, वार्ता।** आईपीएल 2026 के 43वें मैच में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) से होगा। लगातार तीन हार झेल चुकी डीसी को पिछले दो मैचों में बेहद करारी हार मिली है। टीम अब आत्मविश्वास वापस हासिल करके अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। पिछले तीन में से दो मैच जीत चुकी आरआर की लय अच्छी चल रही है और वे इसे ही जारी रखना चाहेंगे।

राजस्थान नौ मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है जबकि दिल्ली आठ मैचों में छह अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। राजस्थान जीत के साथ प्लेऑफ के करीब पहुंच




जायेगी। दूसरी तरफ एक और हार दिल्ली की उम्मीदों पर करारा प्रहार करेगी। डीसी टॉप ऑर्डर बनाम जोफ्रा आर्चर इस सीजन पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के सामने डीसी का मजबूत टॉप ऑर्डर एक बड़ी चुनौती पेश करेगा, खासकर केएल राहुल और नितीश राणा के रूप में। टी-20 क्रिकेट में राहुल ने आर्चर के खिलाफ 9 पारियों में 96 रन बनाए हैं, सिर्फ 2 बार आउट हुए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 135 रहा है। वहीं राणा का रिकॉर्ड उतना प्रभावशाली नहीं है। आईपीएल में आर्चर के खिलाफ 4 पारियों में वह सिर्फ 9 रन बनाकर 2 बार आउट हुए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 69 का रहा है। क्या डीसी डेथ ओवर्स के लिए कुलदीप का एक ओवर बचाकर रखेगी? कुलदीप यादव का रिकॉर्ड आरआर के फिनिशर्स डॉनोवन फरेरा और दासुन शनाका के खिलाफ काफी अच्छा रहा है, ऐसे में डीसी उनके खिलाफ डेथ ओवर्स में कुलदीप का एक ओवर बचाकर रख सकती है। फरेरा ने कुलदीप के खिलाफ टी-20 में 3 पारियों में 15 रन बनाए हैं और 2 बार आउट हुए हैं। हालांकि उनका स्ट्राइक रेट 167 है। वहीं शनाका ने 5 पारियों में 21 रन बनाए हैं।

## ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग करने पर रियान पराग पर लगा भारी जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** रियान पराग पर उनके 'स्मोकिंग एक्ट' के लिए मैच फीस का 25 परसेंट जुर्माना लगाया गया है, जिससे खेल की बदनामी हुई। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान को भेजे गए नोटिस में, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन पर प्लेयर कोड ऑफ कंडक्ट (सीओसी) के आर्टिकल 2-1 के तहत लेवल 1 का अपराध लगाया, जो खिलाड़ियों और अधिकारियों द्वारा आम, बिना बताए उल्लंघन से संबंधित है।

पराग हाल ही में एक आईपीएल मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम के अंदर स्मोकिंग करते हुए कैमरे में पकड़े गए थे। सीजन के लिए उनके 14 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट को देखते हुए, उनकी हर



मैच की फीस लगभग 1 करोड़ रुपये होती है, जिसका मतलब है कि 25 परसेंट फाइन लगभग 25 लाख रुपये होगा। यह देखते हुए कि इसे पहली बार का अपराध माना गया था, 25 लाख रुपये एक भारी पेनल्टी है। जैसा कि क्रिकबज ने 29 अप्रैल को बताया था, ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग के लिए कोई मिसाल या नियम न होने पर, बीसीसीआई ने आर्टिकल 2-21 लागू किया है जो उन अपराधों को कवर करता है जिनका सीओसी में खास तौर पर जिक्र नहीं है। रिकॉर्ड के लिए, आर्टिकल 2-21 का मकसद उन सभी तरह के व्यवहार को कवर करना है जो खेल को बदनाम करते हैं और जो सीओसी में बताए गए खास अपराधों में खास तौर पर या ठीक से कवर नहीं होते हैं। यह आर्टिकल पब्लिक जगहों पर गलत कामों को भी कवर करता है। उदाहरण के लिए, आर्टिकल 2-21 (ब्रीच की गंभीरता और कॉन्टेक्स्ट के आधार पर) बिना किसी लिमिट के, इन चीजों पर रोक लगा सकता है, पब्लिक में गलत काम (बी) गलत पब्लिक बिहेवियर और (सी) गलत कमेंट्स जो गेम के हितों के लिए नुकसानदायक हैं। इसमें लाप. रवाही और ऐसे बिहेवियर का भी जिक्र है जिनसे बचा जा सकता है।

## सिनर सेमीफाइनल में, पोटापोवा ने प्लिसकोवा को हराया

**मैड्रिड, वार्ता।** दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर मैड्रिड ओपन में राफेल जोडार को 6-2, 7-6 (0) से हराकर के अपने पहले सेमीफाइनल पहुंचे। मैड्रिड में जन्मे जोडार हाल ही में कोंडे डी गोडो (बार्सिलोना ओपन) के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद टूर्नामेंट के सरप्राइज पैकेज में से एक रहे हैं, और उन्हें काजा मैजिका में घरेलू मैदान पर मजबूत सपोर्ट मिला।

जोडार ने सिनर के खिलाफ सात ब्रेक पॉइंट बनाए, लेकिन इटैलियन खिलाड़ी ने एक घंटे, 55 मिनट की जीत में उन सभी को बचा लिया,

जिससे बुधवार को उनकी जीत का सिलसिला 21 मैचों तक पहुंच गया। बाद में पुरुों के एक और क्वार्टर फाइनल में, फ्रांस के



आर्थर फिल्स ने चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को 6-3, 6-4 से हराकर सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिलाओं में, अनस्तासिया पोटापोवा ने पूर्व दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी कैरोलिना प्लिसकोवा को 6-1, 6-7 (4), 6-3 से हराया, जबकि 26वीं सीड मार्टा क्वोयुक ने चेक रिपब्लिक की 13वीं सीड लिडा नोस्कोवा को सीधे सेटों में 7-6 (1), 6-0 से हराया। क्वोयुक का मुकाबला सेमीफाइनल में पोटापोवा से होगा। पोटापोवा ने माना कि 6-5 पर दूसरा सेट सर्व करने में नाकाम रहने के बाद उन्हें मेंटली स्ट्रगल करना पड़ा।

## रोड्स, फाफ व हेनरिक क्लासेन बने नई रोटर्डम फ्रेंचाइजी के मालिक

**रोटर्डम, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के तीन सबसे प्रतिठित क्रिकेटर- जोंटी रोड्स, फाफ डु प्लेसिस और हेनरिक क्लासेन-अब मैदान के बाहर भी क्रिकेट के प्रति अपने जुनून को नई दिशा दे रहे हैं।

इन तीनों ने मिलकर यूरो. पियन टी-20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) की पांचवीं फेंच. इजी को खरीदने के लिए एक समूह बनाया है। यह यूरोप की पहली आईसीसी- मान्यता प्राप्त टी-20 लीग है, जिसका आधार रोटर्डम, नीदरलैंड्स में है। इस समूह में मधुकर श्री प्रबंध साझेदार के रूप में शामिल हुए हैं। यह घोाणा उस लीग के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो तेजी से विश्व क्रिकेट की सबसे बहुप्रतीक्षित नई प्रतियोगिताओं में से एक बन रही है। लीग की शुरुआत इस अगस्त में यूरोप के छह शहरों में होगी। रोटर्डम फेंच. इजी उद्घाटन सत्र में हिस्सा लेगी, जो 26 अगस्त से 20 सितंबर 2026 तक आयोजित होगा। कुल 33 मुकाबलों में छह शहर-आधारित फेंचाइजियां- ग्लासगो, एम्स्टर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटर्डम-खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

यह यूरोप में क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है। जोंटी रोड्स ने कहा, ईटीपीएल एक बेहद आर्काक अवसर प्रस्तुत करता है। हाल के आईसीसी आयोजनों में हमने यूरोप की क्रिकेट क्षमता की झलक देखी है। अब इस क्षेत्र को एक मजबूत व्यावसायिक ढांचे की आवश्यकता है, जो इस पूरे तंत्र को एकजुट और सशक्त बना सके। ईटीपीएल ठीक वही मंच प्रदान करता है-जहां प्रतिभाओं की पहचान, उनका विकास और उन्हें आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा, जिससे पूरे यूरोप में क्रिकेट मजबूत होगा। मैं इस यात्रा का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। फाफ डु प्लेसिस ने कहा, जोंटी और क्लासी (हेनरिक क्लासेन) के साथ ईटीपीएल में एक फ्रेंच. इजी खरीदना बेहद खास है। टीम स्वामित्व में यह मेरा पहला कदम है और यूरोपीय क्रिकेट के तेजी से आगे बढ़ने के इस समय से बेहतर मौका नहीं हो सकता। दुनिया भर की फेंचाइजी लीगों में खेलने के अनुभव के बाद, मैं ईटीपीएल की अपार संभावनाएं देख सकता हूं।

## हम वह नहीं कर पाए, जिसके लिए मुंबई इंडियंस जानी जाती है: हार्दिक

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए कुछ भी सही नहीं हो रहा है। बुधवार की रात, उन्होंने पहली पारी का अपना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, लेकिन वह भी काम नहीं आया, क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद ने 244 रनों के लक्ष्य का पीछा आठ गेंदें शो रहते ही कर लिया। इस हार ने मुंबई को आखिरी पायदान की जंग में धकेल दिया है।

आठ मैचों के बाद उनके और लखनऊ सुपर जायंट्स के अंक (4) बराबर हैं, और मुंबई केवल नेट रन रेट के आधार पर आगे है। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का असामान्य फैसला लिया था। वानखेड़े स्टेडियम में पिछले 21 आईपीएल मैचों में टॉस जीतने वाली टीम ने गें. दबाजी चुनी थी। टीमें आमतौर पर लक्ष्य का पीछा करना पसंद करती हैं क्योंकि ओस की वजह से दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है, लेकिन हार्दिक को नहीं



लगा कि उस दिन ऐसा कुछ था। पोस्ट मैच इंटरव्यू में उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि ओस ने कोई बड़ी भूमिका निभाई, बस उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स खेले। हमने कुछ खराब गेंदें फेंकीं और उन्हें तेज शुरुआत मिल गई। मुझे लगता है कि हमने वापसी की कोशिश की, लेकिन वह काफी नहीं था। हार्दिक का मानना था कि मुंबई को ज्यादातर मौकों पर इस स्कोर का बचाव कर लेना चाहिए था। मुझे लगता है कि 244 रन रोकने के लिए मैं अपने गेंदबाजों पर भरोसा करूंगा, लेकिन हां, किसी और दिन। आज हम रणनीति को मैदान पर सही से लागू नहीं कर पाए।

हैदराबाद की इस शानदार जीत की बुनियाद पहले छह ओवरों में ही पड़ गई थी, जहां ट्रैविस हेड और अभिोक शर्मा ने उन्हें बिना किसी नुकसान के 92 रनों के पावरप्ले स्कोर तक पहुंचा दिया। इस दौरान मुंबई के पास मौके थे। नमन धीर ने दो कैच छोड़े, विल जैक्स एक मुश्किल कैच नहीं लपक पाए, और मुंबई हेड के बल्ले का वह किनारा भी नहीं पहचान पाई जिस पर वे रिव्यू ले सकते थे। हार्दिक ने कहा, यह सीजन कुछ ऐसा ही रहा है। जब आपको एक-दो मौके मिलते हैं और आप उन्हें लपक लेते हैं, तभी किस्मत और लय बदलती है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं।

# बरवालान चौकी क्षेत्र में महिला के साथ रास्ते में की छेड़खानी, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। थाना मुगलपुरा क्षेत्र के बरवालान इलाके से एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।जानकारी के अनुसार, एक महिला बुर्का पहनकर गली से गुजर रही थी। इसी दौरान पास में चल रहा एक युवक अचानक उसके करीब आया और सरेआम अश्लील हरकत करने लगा। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जो अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है।वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक की इस हरकत से महिला घबरा गई, लेकिन उसने तुरंत साहस दिखाते हुए विरोध किया और आरोपी को फटकार लगाई। महिला के कड़े रुख को देखकर आरोपी युवक मौके से फरार हो गया।घटना के सामने आने के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, साथ ही महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की



अपील की है।इस मामले में एसपी सिटी कुमार रणवीर सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि बरवालान चौकी क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा पर्दानशीं महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना की पुष्टि हुई है। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमों को लगा दिया गया है।पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, इस घटना ने एक बार फिर शहर में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की जिम्मेदारी बढ़ा दी है।

## टीएसआई ने स्कूली बच्चों को रोक कर दी यातायात नियमों की जानकारी

**कांठ( शाह टाइम्स )** रेलवे फाटक 433 बी पर तैनात टी एस आई रामकुमार सिंह ने स्कूल के बच्चों को रोक कर यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक किया उन्होंने बच्चों को पंपलेट दिए और यातयात नियमों की जानकारी दी उन्होंने कहा कि नाबालिक बच्चों को दो पहिया वाहन चलाने का कोई अधिकार नहीं है जबकि बालिग बच्चे लाइसेंस बनवाकर हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन चला सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे अपने गांव में जाकर भी लोगों को जागरूक करने का काम करें। दूसरी तरफ टीएसआई जेपी सिंह द्वारा भी पब्लिक इंटर कॉलेज के बच्चों के द्वारा यातायात संच. ालन कराया गया स्कूल के बच्चों ने जेपी सिंह के निर्देशन में वाहन चालकों को रोककर उन्हें यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया और कहा कि अपनी और दूसरों की जान की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। इस मौके पर होमगार्ड कुंबर सिंह हरिओम सिंह, पीआरडी जवान महावीर सिंह और हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह आदि मौजूद रहे। उधर सरदार कृपाल सिंह ने ट्रैफिक पुलिस पर रिक्शा चालकों से अभद्रता कराए जाने का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस गरीब फड़वालों और रिक्शावालो का उत्पीड़न कर रही है। इसकी शिकायत उन्होंने अधिकारियों से कर दिए जाने की भी बात कही है।



## संक्षिप्त समाचार

### उच्च प्राथमिक विद्यालय में किया बच्चों का टीकाकरण



**कांठ ( शाह टीम )** उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खद्दर कंपोजिट में रूपा सैनी ए० एन० एम ० स्वस्थ्य विभाग सी एच सी काँठ द्वारा विद्यालय के कक्षा- एक, चार, पाँच के छात्र/ छात्राओं का टीकाकरण किया गया। कक्षा- एक के छात्र छात्राओं को डी पी टी का टीका लगाया गया। कक्षा- चार व पाँच के छात्र/ छात्राओं को टी डी का टीका लगाया गया ए एन एम रूपा सैनी ने उपरोक्त टीकाकरण से होने वाले लाभ व बीमारियों से बचाव के विषय में छात्र-छात्राओं को विस्तार से बताया। उपरोक्त कार्यक्रम में बृजेंद्र कुमार बिश्नोई प्रधानाध्यापक शिवानी वशिष्ठ सहायक अध्यापिका मोहम्मदअरीब सहायक अध्यापक ओमकारी आँगनवाडी कार्यकत्री अनीता आशा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक का सहयोग रहा।

### मातृशक्ति की प्रदेश अध्यक्ष रीता पाल ने किया भूख हड़ताल का ऐलान

**अगवानपुर।** अखिल भारतीय हिंदू परिषद की मातृशक्ति की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीता पाल ने नारी शक्ति बंधन अधिनियम पारित न होने पर



भूख हड़ताल का ऐलान कर दिया है नारी शक्ति बंधन अधिनियम के तहत महिलाओं को 33% आरक्षण न मिलने पर पूरे मातृशक्ति में आक्रोश व्याप्त है जिस वजह से रीता पाल ने भूख हड़ताल का ऐलान किया है इससे विपक्षी पार्टियों अखिलेश यादव एवं राहुल गांधी में खलबली मच गई है रीता पाल ने कहा है कि जब तक महिलाओं का हक उन्हें नहीं दिया जाता तब भूख हड़ताल पर बैठी रहूंगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को प्रचार-प्रसार को लेकर बैठक आयोजित

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मई 2026 के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापाक प्रचार-प्रसार के संबंध में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार गुरुवार को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चन्दौसी के विश्राम कक्ष में एक बैठक जिला सूचना अधिकारी एवं मीडियाकर्मियों के साथ आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चन्दौसी द्वारा आगामी लोक अदालतों की बैठकों की विज्ञप्ति समय से प्रकाशित करने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये एवं उक्त बैठकों की विज्ञप्ति समय से प्रकाशित करने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये एवं उक्त बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि इस संबंध में वादकारियों एवं अन्य अधिकारियों की मीटिंग समय-समय पर आयोजित की जायेगी ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर किया जा सके एवं 09 मई 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कर उसे सफल बनाया जा सके। बैठक में जिला सूचना अधिकारी ब्रजेश कुमार एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवा अधिवक्ता की मौत

**बिलारी।** थाना क्षेत्र में एक हादसे में युवा अधिवक्ता की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना गांव भूड़ मरेसी के पास स्थित रेलवे फाटक संख्या-12 पर हुई। दोपहर साढ़े ग्यारह बजे एक युवक एक्सप्रेस ट्रेन से कट गया रेल कर्मियों ने इसकी सूचना जीआरपी में दी, वहां से मीमो कोतवाली को भेजा गया तब कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे। मृतक की पहचान तीस वर्षीय अधिवक्ता सुमित शर्मा निवासी भूड़मरैसी के रूप में हुई है, जो बिलारी तहसील में प्रैक्टिस करते थे। बताया जा रहा है वह गाँव के निकट ही रेलवे ट्रैक के पार कर रहे थे तभी अचानक ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की खबर जैसे ही कचहरी पहुंची, वकीलों में शोक की लहर दौड़ गई। शोक व्यक्त करते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय चौधरी, पूर्व अध्यक्ष आफाक हुसैन, अजयपाल सिंह एडवोकेट ने गहरी संवेदना प्रकट की। साथ ही, अधिवक्ताओं ने मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए तहसील की सभी अदालतों में कार्य बंद रखा।

### मिशन शक्ति फेज-5: बिलारी में महिला रिक्रूट्स को दिया फील्ड प्रशिक्षण, सुरक्षा जागरूकता अभियान तेज

**बिलारी।** जनपद मुरादाबाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कुंवर आकाश के पर्यवेक्षण में "मिशन शक्ति फेज-5" अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा दल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में चौपाल एवं "पुलिस की पाठशाला" का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं और बच्चों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा के साथ उन्हें उनके अधिकारों और संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से घरेलू हिंसा, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, बाल संरक्षण कानून समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। नगर के सराफा बाजार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांस्टेबल नीलम चौधरी के निर्देशन में महिला रिक्रूट्स ने नगर क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान रिक्रूट्स को व्यवहारिक प्रशिक्षण देते हुए महिलाओं के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार करने के तरीके सिखाए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि व्यावहारिक प्रशिक्षण के अंतर्गत उन्हें आमजन, विशेषकर महिलाओं से संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं को समझने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान महिला रिक्रूट आरक्षी 1593 दिव्यांशी एवं 1486 नेहा नायक भी सक्रिय रूप से शामिल रहीं। उन्होंने जागरूकता अभियान में भाग लेकर लोगों को महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

## अवैध ई-रिक्शा पर रोक की मांग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू' के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया और अवैध ई-रिक्शा को तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की। अनुज वार्ष्णेय अन्नू का कहना है कि शहर में बिना रजिस्ट्रेशन के दौड़ रहे ई-रिक्शा और उनके कारण लगने वाले भीषण जाम से आम जनता और व्यापार बेहद प्रभावित हो रहा है। बड़ी संख्या में अवैध और बिना रजिस्ट्रेशन वाले ई-रिक्शा सड़कों पर चल रहे हैं। इसके कारण मुख्य मार्गों जैसे आजाद रोड, मालगोदाम मार्ग और फव्वारा चौक बड़ा बाजार पर रोजाना घंटों का भारी जाम लग रहा है। कई नाबालिग और अप्रशिक्षित चालक लापरवाही से ई-रिक्शा दौड़ा रहे हैं, जिससे आए दिन शहर में छोटी-मोटी दुर्घटनाएं हो रही हैं।ई रिक्शा का उपयोग भारी समान ढोने के लिए किया जा रहा है जिससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने आश्वा. सन दिया की तत्काल प्रभाव से अपंजीकरण बाले ई रिक्शा पर कार्यवाही की जाएगी और नगरपालिका में ई रिक्शाओं का पंजीकरण किया जाएगा जिसमे सभी रिक्शा चालकों का आधार कार्ड जरूरी होगा। ज्ञापन देने वालों में आकाश आहूजा, निशांत शर्मा, रितिक, शुभम अग्रवाल, गो. विंद, तुषार आदि मौजूद रहे।



## जिला अस्पताल के अलावा अब सीएचसी पर भी मिलेगी कई प्रकार की जांच की सुविधा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** खून से संबंधित बड़ी जांचें अब मुरादाबाद में मंडल स्तरीय जिला अस्पताल के अलावा आठ सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों) व इसके समक्ष दो अन्य अस्पतालों में भी संभव होंगी। इन अस्पतालों में बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर स्थापित किए गए हैं। जिसके माध्यम से लिवर, किडनी फंक्शन समेत खून की बड़ी जांचें अस्पतालों में मरीजों को निशुल्क उपलब्ध हो जाएंगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में खून आदि जांचों के साथ ही चिकित्सा सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध हैं। जो लोग चिकित्सा सुविधाओं पर अधिक पैसा खर्च करने में अक्षम हैं उन्हें स्टेटस सिंबल की परवाह नहीं करके सरकारी अस्पतालों में ही जाना चाहिए।आठ सीएचसी समेत 11 अस्पतालों पर बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर स्थापित किए गए हैंसबायोकेमिस्ट्री एनालाइजर से मुख्य रूप से रक्त, सीरम, प्लाज्मा और मूत्र के नमूनों में चयापचय, इलेक्ट्रोलाइट्स, एंजाइम और विशिष्ट प्रोटीनों की जांच की जाती है। यह लीवर, किडनी, हृदय स्वास्थ्य और मधुमेह से संबंधित बीमारियों के निदान के लिए महत्वपूर्ण है। शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम, पोटेशियम, क्लोराइड, कैल्शियम, मैग्नीशियम की जांच करता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह ने बताया कि मुरादाबाद मंडल स्तरीय जिला अस्पताल के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी, कुंद. रकी, भोजपुर, ठाकुरद्वारा, कांठ, शरीफ नगर, कुंद. रकी, मूंढापांडे के साथ ही रतनपुर कलां और रामपुर घोघर स्थित चिकित्सालय में भी बायो केमिस्ट्री एनालाइजर के माध्यम से मरीजों के खून की बड़ी जांच होगी। मरीजों को यह सुविधा निशुल्क मिलेगी।




## राष्ट्रीय पुजारी परिषद की बैठक, संगठन विस्तार के साथ पुजारियों के हितों पर जोर

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय पुजारी परिषद् के संगठन विस्तार को लेकर घंटाघर मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया कि संगठन का गठन कोरोना काल में पुजारियों और पुरोहितों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से किया गया था। उन्होंने सरकार से मांग की कि मंदिरों के पुजा. रियों को प्रतिमाह 40,000 रु0 वेतन दिया जाए तथा मंदिरों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 20 अप्रैल 2022 को घोषित पुजारी एवं पुरोहित कल्याण बोर्ड को शीघ्र क्रियाशील करने की अपील की।

रस्तोगी ने यह भी कहा कि देश के बड़े मंदिरों की आय का 50 प्रतिशत छोटे मंदिरों के विकास पर खर्च किया जाना चाहिए, जिससे उनकी स्थिति में सुधार हो और पुजारियों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि मंदिरों में हिंदू संस्कार केंद्र स्थापित किए जाएं, ताकि नई पीढ़ी को सनातन धर्म की शिक्षा मिल सके। इसके अलावा, धार्मिक त्योहारों को लेकर उत्पन्न होने वाले भ्रम को दूर कर एकजुटता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए अरविन्द मिश्रा और शिवओम तिवारी को उपाध्यक्ष, विवेक उपाध्याय को महामंत्री, गौरव शर्मा व कमल शर्मा को मंत्री तथा हर्ष को प्रचार मंत्री घोषित किया गया। सभी नियुक्तियों का उपस्थित लोगों ने 'ओम' की ध्वनि के साथ स्वागत किया। बैठक का संचालन पंडित अमरपाल शर्मा ने किया।

बैठक में मुरादाबाद से आए पुजारी महेंद्र, पंडित हिरदेश शर्मा, श्यामकृष्ण रस्तौगी, नन्हेलाल शर्मा, रामसेवक शर्मा, पंडित मोहित शर्मा, पंडित राजेंद्र प्रकाश शर्मा, सुरेश शर्मा, दीनदयाल शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।



## बाल श्रम विरोधी दिवस पर जागरूकता गोष्ठी, बच्चों की शिक्षा पर दिया जोर

**चन्दौसी।** बाल श्रम विरोधी दिवस के अवसर जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर, वूमेन प्राइड व वूमेन एरा द्वारा संयुक्त रूप से गुरुवार को सीता आश्रम रोड (मैगनस रेस्टोरेंट) में बाल श्रम विरोधी दिवस के अंतर्गत गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बाल श्रम के प्रति जागरूकता फैलाना तथा बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर सदस्यों द्वारा बाल श्रम के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाया गया तथा अभिभावकों को प्रेरित किया गया कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजें। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढ़ी और कई अभिभावकों ने अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने का संकल्प लिया। जायंट्स ग्रुप द्वारा यह प्रयास समाज के लिए एक सकारात्मक कदम है। बाल श्रम को समाप्त करने के लिए इस प्रकार की गतिविधियाँ निरंतर जारी रहनी चाहिए। इस अवसर पर क्षमा अग्रवाल, डॉ सुधा चौधरी, अनु रस्तोगी, शुभा अग्रवाल, अलका मंगलम, नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अंजली चौधरी, वंदना गुप्ता, प्राची अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, रिशु अग्रवाल ,गीताली अग्रवाल, वर्षा गोयल ,पल्लवी भारद्वाज, प्रियांशी अग्रवाल ,काव्या अग्रवाल, मानसी अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल आदि ग्रुप की सभी सदस्य उपस्थित रहीं।



## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के तहत पुलिस की एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया तथा पुलिसकर्मियों ने विभिन्न स्थानों पर चौपाल आयोजित कर महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और अधिकारों की जानकारी दी। अभियान के दौरान प्रमुख बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं एवं बालिक. ाओं को जागरूक करते हुए पंपलेट वितरित किए गए। उन्हें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, सीएम हेल्पलाइन 1076, एम्बुलेंस 108 सहित अन्य सेवाओं की जानकारी दी गई।

महिला पुलिसकर्मियों ने सुरक्षित और सशक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन की योजनाओं की भी जानकारी देकर जागरूक किया।



## जनगणना-2027 प्रशिक्षण का सफल समापन

**चन्दौसी।** जनपद सम्भल में भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं गणना) के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। अंतिम दिवस 1570 नामित कार्मिकों में से 1504 ने सक्रिय सहभागिता की, जबकि 66 कार्मिक अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध संबंधित विभागों को अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु अपर जिलाधिकारी द्वारा पत्र भेजा गया है।

प्रशिक्षण के दौरान व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए, जिसमें फील्ड विजिट कर वास्तविक मकानों की पहचान और ऑनलाइन प्रश्नावली का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों को डेटा संकलन प्रक्रिया, मोबाइल एप के उपयोग और त्रुटिरहित प्रविष्टि के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। तहसील सम्भल में उप जिलाधिकारी निधि पटेल, चन्दौसी में उप जिलाधिकारी नीतू रानी तथा गुन्नौर में उप जिलाधिकारी विकास चन्द्र एवं जिला प्रभारी जनगणना अनिल कुमार मौर्य ने प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही सभी कार्मिकों को 'सेवा भाव' से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप वर्मा ने प्रशिक्षण के सफल समापन पर प्रतिभागियों को बधाई देते हुए निर्देशित किया कि मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण ईमानदारी, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। उन्होंने 07 मई से 21 मई 2026 तक निर्धारित अवधि में अधिक से अधिक नागरिकों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। जनपद में कुल 116 बैचों में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अब तक 70 बैचों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। शेष 34 बैचों का प्रशिक्षण 04 से 06 मई 2026 तक कराया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।





# ट्रम्प की धमकी

होर्मुज को लेकर अमेरिका किस हद तक जा सकता है, इसका ताजा उदाहरण अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा ईरान को दी गई वह धमकी है जिसमें उन्होंने कहा है कि ऐसा तूफान आने जा रहा है, जिसे कोई रोक नहीं सकता। अब इसके पीछे उसका मकसद क्या है, यह तो वही जानें, क्योंकि ऐसा पहली बार नहीं है जो उन्होंने इस तरह की धमकी ईरान को दी है। वह तो ईरान को पाषाण युग तक में भेजने की बात कर चुके हैं, लेकिन ताजा धमकी ने तनाव को फिर चरम पर पहुंचा दिया है और माना जा रहा है कि आने वाले दस-पंद्रह घंटे बेहद महत्वपूर्ण हो सकते हैं। यह ट्रम्प की धमकी का ही परिणाम है कि कच्चे तेल के दाम भी एकाएक बढ़ गए हैं और 116 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए हैं। बाजार के जानकार दामों के और बढ़ने की बात कर रहे हैं। जाहिर है अगर यह स्थिति यूं ही चलती रही, जहां दुनिया में बेचैनी तो फैलेगी ही, साथ ही विश्व की अर्थव्यवस्था पर भी बेहद बुरा असर पड़ेगा। विशेषकर विकासशील देशों पर, जिनमें भारत भी एक है। अब तक जो वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान ढूंढने के प्रयास हुए हैं, वे परवान नहीं चढ़ सके हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में भी केवल एक बार ही सीधी वार्ता हुई है। दूसरी वार्ता के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन बात बनती दिखाई नहीं दे रही है। उसका कारण यही है कि दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं और अपने हितों के अनुसार ही आगे बढ़ना चाहते हैं। होर्मुज पर ईरानी नियंत्रण के जवाब में अमेरिका ने भी ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है, जिसके चलते अब ईरान से आयात-निर्यात रुक गया है। ईरान की संसद के स्पीकर गालिबाप ने सीधे धमकी भी दी है और कहा है कि यदि अमेरिका लंबे समय तक ईरान के नाकेबंदी करेगा, तो ईरान का धैर्य जवाब दे सकता है। जाहिर है वह यही कहना चाह रहे हैं कि वह कभी भी नाकेबंदी को तोड़ने के लिए सैनिक कार्रवाई कर सकते हैं। इस बीच खबर यह भी आई है कि चीन भी अब होर्मुज को लेकर काफी गंभीर दिखाई दे रहा है। उसने ईरान के नाकेबंदी की भी आलोचना की है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि चीन का 90 प्रतिशत तेल ईरान से ही आता है। ऐसे में अगर यह नाकेबंदी लंबे समय तक चलती है, तो चीन के हितों को सीधे चोट पहुंचेगी। रूस पहले ही ईरान के साथ खड़ा होने की बात कह चुका है और ईरान के होर्मुज पर नियंत्रण को सही ठहरा चुका है। जाहिर है अभी दोनों ही ओर से युद्ध की भाषा ही अधिक बोली जा रही है। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के वातावरण में वार्ता का माहौल नहीं बन सकता। वार्ता का माहौल बनाने के लिए दोनों पक्षों को पहले कुछ इस तरह के कदम उठाने होंगे, जिससे अविश्वास की गहरी खाई को किसी तरह पाटा जा सके।

# एग्जिट पोल की सच्चाई : लोकतंत्र का आईना





प्रो. आर.के. जैन

जब आंकड़ों की चकाचौंध सच का मुखौटा पहनने लगे, तभी सवाल उठाना जरूरी हो जाता है 29 अप्रैल 2026 की वह शाम ठीक ऐसी ही थी। मतदान खत्म होते ही टीवी स्क्रीन पर एग्जिट पोल का सैलाब उमड़ पड़ा, मानो जनादेश पहले ही लिख दिया गया हो। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के दावे, असम में प्रचंड बहुमत की भविष्यवाणी, दक्षिण भारत में कड़े मुकाबले के संकेतकृहर चौनल अपनी कहानी गढ़ रहा था। इन आंकड़ों की चमक ने माहौल को रोमांचक जरूर बनाया, लेकिन भीतर ही भीतर एक संशय भी जन्म लेने लगा। क्या यह अनुमान सचमुच जनता के मन की गहराइयों को छू रहे हैं, या फिर यह केवल एक ऐसा परदा है जो सच्चाई को ढककर भ्रम का नया संसार रच रहा है?

जब पूर्वानुमान ही परिणाम बनने लगें, तब लोकतंत्र की दिशा पर सवाल उठना स्वाभाविक है एग्जिट पोल अब केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रभावशाली शक्ति हैं। यह आंकड़े दलों के आत्मविश्वास को बढ़ा-घटा सकते हैं, बाजार की दिशा तय कर सकते हैं और मतदाता की सोच प्रभावित कर सकते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में बड़े अनुमान वास्तविक नतीजों से अलग रहे, जिससे केवल समीकरण ही नहीं, जनता का भरोसा भी डगमगाया। 2026 में भी वही तस्वीर है, जहां हर चैनल अपनी गणना से विजेता तय कर रहा है। ऐसे में चिंता बढ़ती है कि क्या हम इन अनुमानों से लोकतंत्र की सच्चाई समझ रहे हैं, या अनजाने में उसके मूल स्वरूप को कमजोर कर रहे हैं।

जब मतदाता का मन ही रहस्य बन जाए, तब उसे आंकड़ों में बांधना कठिन हो जाता है भारत जैसे विविध देश में यह पहेली और गहरी है। यहां निर्णय केवल विचारधारा पर नहीं, बल्कि जाति, क्षेत्र, स्थानीय मुद्दों, व्यक्तिगत अनुभवों और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं के मिश्रण पर आधारित होता है। कई बार मतदाता अपनी वास्तविक राय छिपा लेते हैं, जिससे एग्जिट पोल की सटीकता पर सवाल उठते हैं। 2021 और 2024 के चुनावों में 'साइलेंट वोटर' ने सभी अनुमानों को ध्वस्त कर दिया। 2026 में भी यह अनदेखी ताकत सक्रिय हो सकती है, जो किसी भी सर्वेक्षण को चुनौती दे सकती है। यही वह बिंदु है जहां एग्जिट पोल की सीमाएं स्पष्ट होती हैंकृवे आंकड़े दिखाते हैं, मन की गहराइयों को नहीं पढ़ पाते।

हर शोर में भ्रम नहीं होता कुछ आवाजें सच भी कहती हैं और एग्जिट पोल उसी सच की झलक बन सकते हैं। फिर भी यह कहना गलत होगा कि इनका कोई महत्व नहीं है। जब यह ईमानदारी और वैज्ञानिक पद्धति से किए जाते हैं, तो यह समाज के उन वर्गों की आवाज बनते हैं जो अक्सर मुख्यधारा से दूर रहते हैं। गांवों, कस्बों और हाशिए के समुदायों की राय सामने लाते हैं। यह लोकतंत्र की सकारात्मक झलक भी देते हैं, जहां हर आवाज मायने रखती है। चुनाव आयोग के नियम (सेक्शन 126A) इनके दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं, लेकिन टीआरपी की दौड़, राजनीतिक दबाव और व्यावसायिक हित अक्सर इन आदर्शों को कमजोर कर देते हैं, जिससे निष्पक्षता पर सवाल उठने लगते हैं। जब सच का आईना टेढ़ा दिखने लगे, तब खतरा गहराना तय है एग्जिट पोल यदि वास्तविकता नहीं, उसका विकृत प्रतिबिंब बन जाएं तो असर दूर तक जाता है। जब यह अनुमान गलत साबित होते हैं, तो प्रभाव केवल राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनता के विश्वास पर भी पड़ता है। 2024 में दिखी आर्थिक और मानसिक अस्थिरता इस बात का प्रमाण है कि गलत अनुमान बड़ी कीमत वसूलते हैं। यदि 2026 के परिणाम भी इन पूर्वानुमानों से अलग निकलते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल होगा। तब यह पूछना लाजमी होगा कि क्या हम डेटा के नाम पर भ्रम को बढ़ावा दे रहे हैं? जब अनुमान की सीमाएं खुद स्वीकार हों, तब सटीकता पर सवाल स्वाभाविक है। भारत जैसे विशाल देश में भविष्यवाणी करना बेहद कठिन है।

सैंपलिंग की सीमाएं, जमीनी डेटा जुटाने की चुनौतियां और अंतिम क्षणों में मतदाता के मन में बदलाव यह सभी एग्जिट पोल की विश्वसनीयता को प्रभावित करते हैं। फिर भी यह पूरी तरह निरर्थक नहीं हैं। यह रुझान समझने का माध्यम देते हैं, दलों को रणनीति पर पुनर्विचार के लिए प्रेरित करते हैं और जनता को चर्चा का आधार देते हैं, लेकिन समस्या तब होती है जब इन्हें अंतिम सत्य मान लिया जाता है, जिससे भ्रम और अपेक्षाओं का टकराव पैदा होता है। जब मतदाता का फैसला हर बार अनुमान को चौंका दे, तब उसकी अप्रत्याशितता ही उसकी असली पहचान बन जाती है भारतीय मतदाता यही साबित करता आया है। इतिहास गवाह है कि यहां अंतिम क्षण का निर्णय कई बार सभी अनुमानों को धता बता देता है।

2004 और 2024 के चुनाव इसके स्पष्ट उदाहरण हैं। यह दिखाता है कि लोकतंत्र की असली ताकत किसी सर्वेक्षण में नहीं, बल्कि जनता की स्वतंत्र सोच और निर्णय क्षमता में है। एग्जिट पोल इस जटिलता को पूरी तरह नहीं समझ पाते, क्योंकि वे केवल सतह को छूते हैं, गहराई को नहीं। जब नजर संतुलित हो, तभी सच साफ दिखता है एग्जिट पोल को लेकर यही सबसे बड़ा समाधान है। यह न पूरी तरह गलत हैं, न पूरी तरह सही इनका मूल्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम इन्हें कैसे देखते हैं। यदि इन्हें संकेतक माना जाए, तो यह उपयोगी हैं।

लेकिन यदि अंतिम निर्णय मान लिया जाए, तो भ्रम पैदा करते हैं। 2026 के इन महत्वपूर्ण चुनावों में जरूरी है कि हम आंकड़ों की चमक से प्रभावित होने के बजाय वास्तविकता की प्रतीक्षा करें, क्योंकि लोकतंत्र की सच्ची तस्वीर वही होती है जो मतपेटियों से निकलती है, न कि वह जो स्क्रीन पर दिखाई जाती है।

## श्रीमुख से...

### मानवता के मूल्यों की रक्षा की लड़ाई



ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने भूभाग पर आतंकवादी हमलों के बाद अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि आगे बढ़कर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है, सरकार ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद का कोई भी कृत्य सहन नहीं किया जाएगा, आतंकवाद एक विकृत और विक्षिप्त मानसिकता से उत्पन्न होता है, यह मानवता पर एक काला धब्बा है, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं है, यह मूल रूप से मानवता के मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है, यह एक बर्बर विचारधारा के खिलाफ संघर्ष है जो हर मानवीय मूल्य के सीधे विरोध में खड़ी है, हमने इस भारतीय दृष्टिकोण को देश के भीतर और विदेशों में स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया है।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# इन गर्मियों में जानें सन टेन के घरेलू उपाय



शहनाज हुसैन

गर्मियों का मौसम हो और चेहरे पर धूप का असर ना दिखे ऐसा कम ही होता है, गर्मियों में सबसे ज्यादा लोग टैनिंग को लेकर परेशान रहते हैं हालांकि कुछ लोग चेहरे पर कपड़ा बांध कर निकलते हैं, लेकिन कड़कती धूप से बचने के लाख जतन करके भी इससे पूरी तरह बचना मुश्किल हो जाता है। गर्मियों में घर से बाहर निकलने पर या गर्मियों की छुट्टियों में समुद्र तट घूमते हैं तो आपकी त्वचा सूर्य की अल्ट्रा वायलेट किरणों के सम्पर्क में आने, प्रदूषण और गन्दगी के सम्पर्क में आने से सांवली पड़ जाती है। चेहरे पर सन टेन की वजह से चेहरे का सही रंग चला जाता है और चेहरे का आकर्षण भी खत्म हो जाता है जिससे चेहरा डल दिखाई देने लगता है।

इस मौसम में सन टेन से छुटकारा प्राप्त करने के लिए कई बार लोग बड़ी कम्पनियों के महंगे उत्पादों का उपयोग करते हैं लेकिन यह उत्पाद कई बार त्वचा के अनुकूल नहीं होते जिसकी बजह से त्वचा की अनेक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। ऐसे में धूप से बचने के लिए आप कुछ होम मेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं जोकि आपकी त्वचा को मुलायम और कोमल बनाए रखेंगे।

**पपीता फेस पैक**

यदि आपका चेहरा धूप में अधिक समय तक रहने से काला पड़ गया है तो पपीते का फेस पैक काफी मददगार साबित हो सकता है इसके लिए आप पका हुआ पपीता और निम्बू ले लें पपीते का छिलका उतार कर उसे छोटे छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें और इसमें नीम्बू की कुछ बूंदे मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगा कर प्राकृतिक तरीके से सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इसे आप रोजाना नियमित रूप से लगा सकतीं हैं।

सन टेन हटाने के लिए शहद और पपीते का फेस पैक भी काफी सहायक होता है। आप थोड़ा सा पपीता मैश करके इसमें कुछ बुंदे शहद की मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा कर सूखने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह पैक सन टेन को हटाने के साथ ही त्वचा को पौषण भी देता है जिससे आपकी त्वचा कोमल बन जाती है।

**नींबू का फेस पैक**

नींबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नींबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिला कर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घण्टा लगा रहने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्रकृतिक तरीका है।

दूध में विद्यमान प्राकृतिक वसा और खनिज त्वचा को टोन करते हैं और मैग्निसियम, कैल्शियम आदि त्वचा को पौषण प्रदान करते हैं। एक चम्मच चीनी और एक चमच्च नींबू जूस को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगा कर आहिस्ता से स्क्रब कर लें और कुछ समय बाद साफ पानी से धो डालें। इस मिश्रण को आप हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं।

**खीरा**

गर्मियों में त्वचा के लिए बहुत सारे घरेलू नुस्खों में खीरा सबसे जरूरी सामग्री है। इसका एक शांत और ठंडा प्रभाव है। एक अच्छा खीरे का फेस पैक या आपकी आंखों पर कट-अप स्लाइस आपको आराम देगा। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है क्योंकि इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत को भी हल्का करता है। आपको खीरे का रस, थोड़ा गुलाब जल, थोड़ा सा नींबू का रस और एक रुई चाहिए। जूस बनाने के लिए खीरे को कद्दूकस कर लें। उसमें गुलाब जल डालें और ऊपर से थोड़ा सा नींबू का रस निचोड़ लें। इसे एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर एक कॉटन बॉल से समान रूप से लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें। इसे ठंडे पानी से धो लें। खीरे, पके पपीते के गूदे, दही में दो चम्मच ओट्स मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे, गर्दन और खुले स्थानों पर लगा लीजिए और आधा घण्टा बाद ताजे ठन्डे पानी से धो डालिए। इसे आप हफ्ते में दो बार लगा सकते हैं। दो चमच्च जई के आटे में थोड़ा सा मठहा मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगा कर आधा घण्टा बाद साफ पानी से धो डालें।

पके केले को मैश करके इसमें एक चम्मच शहद और एक चमच्च ऑलिव आयल मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से चेहरे को धो डालें। तीन चमच्च एलो वेरा जैल, एक चमच्च हल्दी और दो चमच्च शहद को एक कटोरी में मिला कर पेस्ट बना लें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद पानी से धो डालें। इसे आप हफ्ते में एक दिन लगा सकती हैं। एलो वेरा जेल की कुछ बूंदें रोजाना चेहरे पर लगाने से त्वचा की रंगत निखरती है और स्किन टेन की समस्या से निजात मिलती है। बेसन का आटा और दही को बराबर मात्रा में मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी डालकर पेस्ट बना लीजिए। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से धो डालिए। एक चमच्च शहद, एक चमच्च संतरे का जूस और अण्डे का सफेद हिस्सा अच्छी तरह फेंट कर बने मिश्रण को चेहरे पर लगा कर बीस मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। एक कटोरी में एक चमच्च दही में एक चमच्च का रस मिलाएं ६इस पेस्ट को त्वचा पर लगाकर दस मिनट के लिए छोड़ दें और ताजे पानी से धो डालें।

एक आलू को कद्दूकश कर लें और इसका रस निकालकर त्वचा पर लगाएं और 15 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालें।


# मन की साधना ने ही बनाया राजकुमार सिद्धार्थ को महात्मा बुद्ध



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा इस वर्ष 1 मई को है। माना गया है कि 563 ईस्वी पूर्व वैशाख मास की पूर्णिमा के दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। वैशाख मास की पूर्णिमा को ही 35 वर्ष की आयु में उन्होंने बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया। वैशाख पूर्णिमा को ही 80 वर्ष की आयु में गौतम बुद्ध ने उत्तर प्रदेश में कुशीनगर में हिरण्यवती नदी के तट पर महापरिनिर्वाण प्राप्त किया। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में वैशाख मास की पूर्णिमा को 'त्रिविध पावन पर्व' भी कहा गया है और संभवत: यही वजह है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। मान्यता है कि गौतम बुद्ध ने ही आज से करीब ढाई हजार वर्ष पूर्व बौद्ध धर्म की स्थापना की थी। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में महात्मा बुद्ध ने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए। उनका अंतिम उपदेश था कि सृजित वस्तुएं अस्थाई हैं, अत: विवेकपूर्ण प्रयास करो। उनका कहना था कि मनुष्य की सबसे उच्च स्थिति वही है, जिसमें न तो बुढ़ापा है, न किसी तरह का भय, न चिन्ताएं, न जन्म, न मृत्यु और न ही किसी तरह के कष्ट और यह केवल तभी संभव है, जब शरीर के साथ-साथ मनुष्य का मन भी संयमित हो, क्योंकि मन की साधना ही सबसे बड़ी साधना है।

गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। शाक्य वंश से संबंध होने के कारण उन्हें 'शाक्यों का संत' भी कहा गया। सिद्धार्थ के पिता राजा शुद्धोधन थे, जो कपिलवस्तु के शाक्यवंशीय राजा थे। कपिलवस्तु हिमालय की तराई में एक विशाल गणराज्य था, जो आज नेपाल में है। राजा शुद्धोधन की दो रानियां थीं, जिनमें महामाया बड़ी और प्रजापति गौतमी छोटी थीं। रानी महामाया जब गर्भवती हुईं तो उस समय के




शाक्य समाज के रीति रिवाजों के अनुसार प्रसव के लिए वह प्रजापति गौतमी के साथ अपने मायके देवदह जा रही थीं, किन्तु रास्ते में ही उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और लुम्बनी वन में ही शाल के दो वृक्षों के बीच उन्होंने एक अति सुंदर तेजस्वी पुत्र को जन्म दिया। पुत्र जन्म के पश्चात दोनों रानियां कपिलवस्तु लौट आईं। इसी बालक का नाम सिद्धार्थ रखा गया।

सिद्धार्थ के जन्म के कुछ ही समय पश्चात एक बहुत पहुंचे हुए संन्यासी ने राजा शुद्धोधन को बताया कि यह बालक या तो बहुत महान चक्रवर्ती सम्राट बनेगा या फिर समस्त सांसारिक मोह-माया का परित्याग कर एक महान संन्यासी बनेगा और विश्व का महान उद्धारक साबित होगा। बालक के संन्यासी बनने की बात सुनकर राजा शुद्धोधन बहुत चिंतित हुए। उन्होंने सिद्धार्थ को मोह-माया और सांसारिक सुखों की ओर आकर्षित करने के लिए उनके समक्ष भोग विलास तथा ऐश्वर्य के समस्त संसाधनों का ढेर लगा दिया, लेकिन सिद्धार्थ हमेशा शांत और ध्यानमग्न ही रहा करते। अत: यही सोचकर कि कहीं सिद्धार्थ का मन सांसारिक सुखों से उचाट होकर पूरी तरह से वैराग्य में ही न लग जाए, राजा शुद्धोधन ने कम उम्र में ही एक अतिसुंदर, सुशील, अति तेजस्वी सर्वगुण सम्पन्न राजकन्या यशोधरा के साथ उनका विवाह कर दिया। विवाह के पश्चात सिद्धार्थ गौतम को पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई और पुत्र का नाम रखा गया राहुल। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे, लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया, उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया और एक दिन वे मन की शांति पाने के उद्देश्य से भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े।



जम्मू-कश्मीर। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के समारोह के दौरान रेलवे ट्रैक पर दौड़ती हुई।

## अमेरिका जर्मनी में सैनिकों को कम करने पर विचार कर रहाः ट्रम्प

**मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान की जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ की आलोचना के बाद कहा है कि अमेरिका, जर्मनी में अपने सैनिकों को कम करने की संभावना पर विचार कर रहा है और इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी में सैनिकों की संभावित कटौती की समीक्षा कर रहा है, जिस पर आने वाले कुछ ही समय में निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि मर्ज़ ने सोमवार को नॉर्थ राइन-वेस्टफेलिया राज्य में छात्रों को संबोधित करते हुए स्वीकार किया था कि पश्चिमी देशों ने पश्चिमी एशिया संघर्ष के संदर्भ में ईरान को कम करके आंका है।

# सऊदी प्रिंस का सलाहकार बनना चाहता था एपस्टीन

## द्वीप पर 'मस्जिद' बनवाई, उसमें सोने का गुबंद, मक्का से कपड़े और उज्बेकिस्तान के टाइल्स लगवाए

**वाशिंगटन।** सेक्स अपराधी जेफ्री एपस्टीन सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का सलाहकार बनना चाहता था। उसने मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में कई साल तक अपने संबंध बनाए। वह एक तरफ बिजनेस के मौके ढूंढ रहा था, और दूसरी तरफ इस्लाम से जुड़ी दुर्लभ और धार्मिक चीजें भी इकट्ठा कर रहा था। उसने इन चीजों को अपने कैरेबियन द्वीप पर बनी एक विवादित इमारत को सजाने में इस्तेमाल किया, जिसे वह 'मस्जिद' कहता था।

उसने मक्का की काबा से किस्वा मंगवाई। किस्वा वह कपड़ा होता है जिस पर सोने से कुरान की आयतें कढ़ी होती हैं और इसे काबा पर चढ़ाया जाता है। इसके अलावा उज्बेकिस्तान की एक मस्जिद से हाथ से बनी टाइल्स लाई गईं। सोने का गुंबद भी बनाया गया, जिसकी डिजाइन पुराने सीरिया की इमारतों जैसी थी। एपस्टीन ने प्राइवेट आइलैंड पर नीले और सफेद रंग की धारियों वाली इमारत बनाई थी।

एपस्टीन का मकसद सिर्फ इस्लामी चीजें जुटाना नहीं था, बल्कि ताकतवर और अमीर लोगों से अपने रिश्ते भी मजबूत करना था। नार्वे के राजनयिक टेरजे रोड-लार्सन के जरिए एपस्टीन को सऊदी अरब के खास लोगों तक पहुंच मिली। इनमें क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, सलाहकार राफत अल सब्बाग और शाही सहयोगी अजीजा अल अहमदी शामिल थे। इसी नेटवर्क की मदद से उसे काबा से जुड़े खास कपड़े भी मिले थे। 2014 की एक फोटो में एपस्टीन न्यूयॉर्क में अपने घर के अंदर फर्श पर फैले ऐसे ही एक कपड़े को देख रहा है। उसके साथ अमीरात के बड़े कारोबारी सुल्तान अहमद बिन सुलयेम भी मौजूद थे। बाद में एपस्टीन से जुड़े होने की वजह से उन्हें नुकसान उठाना पड़ा और उन्हें दुबई की बंदरगाह कंपनी डीपी वर्ल्ड के प्रमुख पद से इस्तीफा देना पड़ा। दस्तावेजों से उसके प्राइवलेंट आइलैंड लिटिल सेंट जेम्स पर बनी एक रहस्यमई इमारत का सच भी सामने आया। पहले इसे म्यूजिक रूम, मंडप, चैपल या कोई रहस्यमई मंदिर कहा जाता था, लेकिन उसके ईमेल और साथ काम करने वाले कलाकार की बातों से पता चला कि वह इसे 'मस्जिद' कहता था, हालांकि इसका इस्तेमाल कभी धार्मिक इबादत के लिए हुआ हो, इसका कोई सबूत नहीं है। इस प्रोजेक्ट पर काम करने वाले रोमानियाई कलाकार आयन निकोला ने भी बताया कि एपस्टीन इसे मस्जिद ही कहता था।



■ एपस्टीन ने मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में कई साल तक अपने संबंध बनाए

**2003:** उसने कहा था कि उसके पास बहुत बड़ा फारसी कालीन है जो शायद किसी मस्जिद से आया होगा

**2008:** जब वह जेल में था, तब भी उसने अपने द्वीप पर एक हमाम (तुर्की स्नानघर) और इस्लामी शैली के बगीचे बनाने की योजना बनाई थी

**2009:** जेल से बाहर आने से पहले उसने आर्किटेक्ट्स को ये डिजाइन तैयार करने के लिए कहा

**2011:** उसने उज्बेकिस्तान के एक संपर्क को लिखा कि उसे असली टाइल्स चाहिए जो मस्जिद की अंदरूनी दीवारों जैसी हों।

# ईरानी नौसेना कमांडर ने ट्रम्प को चताया

## अमेरिका सैन्य गतिविधियां और आगे बढ़ीं, तो तेहरान 'त्वरित कार्रवाई' करेगाः शाहराम ईरानी

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान के वरिष्ठ नौसैनिक कमांडर शाहराम ईरानी ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सैन्य गति. विधियां और आगे बढ़ीं तो तेहरान 'त्वरित कार्रवाई' करेगा। ईरानी सरकारी मीडिया और क्षेत्रीय रिपोर्टों के अनुसार यह बयान ऐसे समय में आया है जब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर सैन्य और आर्थिक टकराव लगातार गहरा रहा है।

कमांडर ईरानी ने अमेरिकी त्वरित सैन्य सफलता की धारणाओं को खारिज करते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ कुछ दिनों में युद्ध समाप्त करने की सोच अब 'सैन्य हलकों में उपहास' का विषय बन चुकी है। उन्होंने कहा कि ईरानी बल किसी भी संभावित विस्तार के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्टों के अनुसार ईरानी पक्ष ने संकेत दिया है कि अब तक संयम बनाए रखने का उद्देश्य कूटनीति के लिए अवसर खुला रखना था, लेकिन यदि अमेरिकी नाकेबंदी और दबाव जारी रहता है तो प्रतिक्रिया अधिक कठोर हो सकती है। दूसरी ओर, अमेरिकी केंद्रीय कमान ने दावा किया है कि उसकी समुद्री नाकेबंदी रणनीति प्रभावी रही है। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के अनुसार कई वाणिज्यिक जहाजों को रोका या उसका रास्ता बदला गया है और ईरानी तेल निर्यात पर महत्वपूर्ण आर्थिक दबाव डाला गया है। केंद्रीय कमान के कमांडर ब्रैड कूपर ने कहा कि आज, अमेरिकी सेनाओं ने एक अहम उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज़ को सफलतापूर्वक वापस भेज दिया। यह उस बेहतरीन काम का सबूत है जो अमेरिका के बेटे-बेटियां, अपनी वर्दी में, समुद्री व्यापार को ईरानी बंदरगाहों में आने या वहां से बाहर जाने से रोकने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 6.9 करोड़ बैरल कच्चा तेल ले जा रहे 41 तेल टैंकर अभी भी बाज़ारों तक पहुंचने में असमर्थ हैं, जिससे ईरान को अनुमानित छह अरब अमे. रिकी डॉलर के राजस्व का नुकसान हुआ है। दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी हाल के दिनों में नाकेबंदी को अपनी रणनीतिक सफलता बताया है, जबकि अमे. रिकी प्रशासन ईरान के परमाणु कार्यक्रम और समुद्री मार्ग नियंत्रण को लेकर सख्त रुख बनाए हुए है। ट्रंप ने कहा कि यह नाकाबंदी ज़बरदस्त है। यह नाकाबंदी 100 फ़ीसदी अचूक रही है। इससे पता चलता है कि हमारी नौसेना कितनी बेहतरीन है, मैं आपको यह बता सकता हूं।

कोई भी अब कोई खेल नहीं खेलेगा। हमारे पास दुनिया की सबसे बेहतरीन सेना है, और इसका ज़्यादातर हिस्सा मैंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान तैयार किया था, और तब से हम इसे और भी मज़बूत बना रहे हैं। यह दुनिया में कहीं भी मौजूद किसी भी सेना से सबसे बेहतरीन है। इसके आस-पास भी कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला वालों के पास भी अच्छी सेना थी, लेकिन वहां हमने एक दिन में ही अपना काम खत्म कर लिया। दरअसल 48 मिनट में ही काम हो गया था। ईरान में भी ऐसा ही है। सैन्य मोर्चे पर हमने उनका काम तमाम कर दिया है। उनकी कोई सेना नहीं बची। उनकी नौसेना समंदर की तह में पहुंचा दी जा चुकी है। वायुसेना कभी उड़ नहीं सकेगी। इसी बीच ईरान ने कथित रूप से सशर्त युद्धविराम और चरणबद्ध तनाव-नियंत्रण के प्रस्ताव दिए हैं, जिनमें नाकेबंदी हटाने और शत्रुता समाप्त करने जैसे बिदु शामिल बताए जा रहे हैं।



■ ईरानी बल किसी भी संभावित विस्तार के लिए पूरी तरह तैयार हैं
■ लगभग 6.9 करोड़ बैरल कच्चा तेल ले जा रहे 41 तेल टैंकर अभी भी बाज़ारों तक पहुंचने में असमर्थ हैं

## अमेरिकी नाकेबंदी से ईरान के तेल उत्पादन में कोई व्यवधान नहींः गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगर गालिबाफ ने गुरुवार को ईरान के तेल निर्यात को रोकने के अमेरिकी प्रयासों के प्रभाव को खारिज करते हुए कहा कि बढ़ते दबाव के बावजूद देश का ऊर्जा बुनियादी ढांचा अप्रभावित है। गालीबाफ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कथित नाकेबंदी के बाद भी तेल उत्पादन में कोई व्यवधान नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान का उल्लेख करते हुए लिखा कि तीन दिन हो गए, कोई तेल का कुआं नहीं फटा। जरूरत पड़ने पर ईरान 30 दिनों तक परिचालन जारी रख सकता है। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि ईरान की तेल बिक्री को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से किये गये अमेरिकी उपायों ने देश की भंडारण क्षमता को उसकी सीमा तक नहीं धकेला है।

## हिजबुल्लाह के साथ कोई युद्धविराम नहीं है, इजरायली चीफ ऑफ स्टॉफ

**तेल अवीव।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल ईयाल ज़मीर ने पुष्टि की है कि दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ 'कोई युद्धविराम नहीं' है तथा लेबनान के साथ दो सप्ताह से लागू युद्धविराम के बीच इस कट्टरपंथी संगठन के साथ समानांतर युद्ध जारी है। चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, ज़मीर की यह टिप्पणी इजरायल के उन प्रयासों के बीच आई है जिसमें वह अमेरिका से लेबनानी सरकार के साथ अपनी ऐतिहासिक प्रत्यक्ष वार्ता को दो सप्ताह की समय सीमा तक सीमित करने और वार्ता विफल होने पर हिजबुल्लाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर आईडीएफ अभियान को मंजूरी देने का आग्रह कर रहा है। इजरायल और लेबनान के बीच अमेरिका की मध्यस्थता वाला युद्धविराम 17 अप्रैल को शुरू हुआ था, जिसे 24 अप्रैल को अतिरिक्त तीन सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उस समय इसकी घोषणा की थी।

# ब्रिटिश किंग चार्ल्स से मिले न्यूयॉर्क मेयर ममदानी

**न्यूयॉर्क।** ब्रिटिश किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी से मुलाकात की। यह शाही जोड़ा 9/11 मेमोरियल पहुंचा था जहां उन्होंने 11 सितम्बर 2001 के आतंकी हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। खास बात यह है कि इस मुलाकात से कुछ घंटे पहले ममदानी ने कहा था कि अगर उन्हें किंग चार्ल्स से अलग से बात करने का मौका मिला, तो वे कोहिनूर हीरा भारत को लौटाने की बात उठाएंगे।

हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि इस छोटी बातचीत के दौरान ममदानी ने यह मुद्दा उठाया या नहीं। उनके आफिस से भी इस पर तुरंत कोई जवाब नहीं मिला। कोहिनूर वही हीरा है जो ब्रिटेन के शाही ताज में जड़ा है और टावर आफ लंदन में रखा गया है। यह 177 साल से ब्रिटेन के पास है। भारत ने ब्रिटेन के सामने कई बार कोहिनूर हीरे पर अपना कानूनी हक होने का दावा किया है। को. हिनूर हीरा 1849 से ब्रिटेन के पास है। द्वितीय एंग्लो-सिख युद्ध में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी से सिख साम्राज्य के हारने के बाद अंग्रेजों ने पूरे पंजाब पर कब्जा कर लिया। उस समय सिख साम्राज्य के शासक दलीप सिंह थे, जिनकी उम्र सिर्फ 10 साल थी। युद्ध हारने के बाद अंग्रेजों ने उनसे लाहौर की संधि पर हस्ताक्षर करवाए। इस संधि की शर्तें बहुत सख्त थीं। इसके तहत पंजाब को ब्रिटिश शासन के अधीन कर दिया गया और साथ ही कोहिनूर हीरा भी अंग्रेजों को सौंपना पड़ा। इसके बाद यह हीरा ब्रिटेन पहुंचा और क्वीन विक्टोरिया को दे दिया गया। को. हिनूर हीरे का इतिहास विवादों से भरा रहा है। कहा जाता है कि साल 1526 में हुमायूं ने आगरा किला पर हमला किया था। इसे जीतने पर बड़े पैमाने में खजाने के साथ-साथ विश्व प्रसिद्ध कोहिनूर हीरा भी मिला था। बाबरनामा के मुताबिक, कोहिनूर हीरा इतना कीमती था कि इससे पूरी दुनिया को ढाई दिन का भोजन करवाया जा सकता था। 1739 में ईरानी शासक नादिर शाह ने आक्रमण किया।

■ मुलाकात से पहले कहा थाः कोहिनूर भारत को लौटाने बोलूंगा, यह हीरा 177 साल से ब्रिटेन के पास

# होर्मुज स्ट्रेट की अमेरिकी घेराबंदी जारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने बुधवार को हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की को. शिश कर रहे 42वें जहाज का रास्ता रोक दिया और उसे दूसरे मार्ग पर रवाना कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस समुद्री मार्ग की घेराबंदी जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

'एक्स' पर सेंटकॉम की ओर से पोस्ट बयान के अनुसार, एडमिरल कूपर ने कहा कि आज, अमेरिकी सेना ने घेराबंदी का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज का सफलतापूर्वक मार्ग बदलकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है--- यह घेराबंदी अत्यंत प्रभावी है और अमेरिकी सेना इसे पूर्ण रूप से लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को हॉर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों किनारों पर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और वहां से निकलने वाले सभी समुद्री यातायात की घेराबंदी शुरू कर दी थी। इस मार्ग से दुनिया के तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की लगभग 20 प्रतिशत आपूर्ति होती है। अमेरिका का तर्क है कि गैर-ईरानी जहाज हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए स्वतंत्र हैं, जब तक कि वे तेहरान को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देते। ईरानी अधिकारियों ने अभी तक शुल्क लगाने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

■ सेंटकॉम अमेरिकी केंद्रीय कमान ने ईरान पर हमला करने के लिए हाइपरसोनिक मिसाइल की मांग की

## पूर्व एफबीआई निदेशक ने मुझे मारने के लिए कोड भाषा में संदेश भेजेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के पूर्व निदेशक जेम्स कोमी की एक पोस्ट की आलोचना करते हुए दावा किया कि कोमी ने उनकी हत्या का खुफिया संदेश साझा किया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर '86 47' वाक्यांश का उल्लेख करते हुए इसे एक 'माफिया शब्द' (मॉब टर्म) बताया। उन्होंने दावा किया कि '86' का उपयोग अपराधियों द्वारा हत्या के लिए किया जाता है, जबकि '47' का मतलब अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति यानी स्वयं ट्रम्प हैं।

# पुतिन-ट्रम्प के बीच हुई लंबी फोन वार्ता

## ईरान संकट, यूक्रेन युद्ध और द्विपक्षीय संबंधों पर दोनों नेताओं ने की विस्तृत चर्चा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच डेढ़ घंटे से अधिक समय तक फोन पर चली महत्वपूर्ण वार्ता में ईरान संकट, यूक्रेन संघर्ष और रूस-अमेरिका संबंधों सहित कई वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

क्रेमलिन के अनुसार बातचीत सौहार्दपूर्ण, स्पष्ट और व्यावसायिक रही। पुतिन ने ईरान संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए कूटनीतिक प्रयासों के प्रति रूस की प्रतिबद्धता दोहराई और ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर मतभेद कम करने के लिए कई प्रस्ताव रखे। करीब 90 मिनट तक चली इस बातचीत में पुतिन ने स्पष्ट चेता. वनी दी कि यदि अमेरिका और इज़रायल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई फिर शुरू करते हैं, तो इसके गंभीर परिणाम केवल ईरान या उसके पड़ोसियों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पूरी अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने विशेष रूप से ईरानी भूमि पर किसी भी जमीनी अभियान को 'अस्वीकार्य और अत्यंत खतरनाक' बताया। पुतिन ने वार्ता की शुरुआत में 25 अप्रैल को वॉशिंगटन हिल्टन होटल में ट्रम्प पर हुए कथित हमले के प्रयास के बाद उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त की और राजनीतिक हिंसा की निंदा की। उन्होंने इस बात का ज़िक्र किया कि न तो ट्रम्प, न ही उनकी पत्नी और न ही उनके साथ आये किसी सदस्य को कोई नुकसान पहुंचा। साथ ही, उन्होंने हमलावर को बेअसर करने में सुरक्षा सेवाओं की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। पुतिन ने राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा के सभी रूपों की भी कड़ी निंदा की। रूस के राष्ट्रपति ने इसके अतिरिक्त यह भी कहा कि उनकी शुभकामनाएं 'फर्स्ट लेडी' तक पहुंचाई जाएं। उन्होंने इस बात का ज़्क्रि किया कि यह घटना 26 अप्रैल को उनके जन्मदिन के आस-पास ही हुई थी, और रूसी तथा यूक्रेनी बच्चों को उनके परिवारों से फिर से मिलाने के प्रयासों में उनकी भूमिका का भी उल्लेख किया।



■ पुतिन ने राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा के सभी रूपों की भी कड़ी निंदा की

## अमेरिकी सांसद ने पूछाः क्या ट्रम्प की दिमागी हालत ठीक है

**वाशिंगटन।** अमेरिका की हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की सुनवाई के दौरान एक बड़ा राजनीतिक विवाद सामने आया। डेमोक्रेट सांसद सारा जैकब्स ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मानसिक स्थिति को लेकर सवाल पूछ लिया। जैकब्स ने अपने सवाल के दौरान ट्रम्प के सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर किए गए हाल के पोस्ट का जिक्र किया और उनकी भाषा की आलोचना की। इसी दौरान उनके पीछे खड़े एक सहायक ने ट्रम्प के पुराने पोस्ट के कटआउट भी दिखाए। इनमें वह विवादित ईशु वाली एआई पोस्ट भी शामिल था, जिसे बाद में हटा दिया गया था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाईना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)